CMYK

सूर्योदय : 5:29
सूर्यास्त : 6:37
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 22.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-310 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 02 मई 2026

14 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# बनेंगी श्रमिक डॉरमेट्री, मिलेगा सस्ता खाना

■ श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने की घोषणा



**लखनऊ।** शुक्रवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार हर श्रमिक परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से जोड़ेगी। अब तक 12.26 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड सुविधा दी जा चुकी है, जिससे उनके परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध हो रहा है। शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा। औसतन एक परिवार में 5 सदस्यों के आधार पर, यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कम से कम एक करोड़ श्रमिक परिवारों, यानी लगभग 5 करोड़ लोगों तक इस योजना का सीधा लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ठहरने की बेहतर सुविधा के लिए श्रमिक डॉरमेट्री बना रहे हैं। इनमें सस्ती और गुणवत्तापूर्ण कैंटीन भी होंगी। साफ-सुथरे शौचालय, स्नानघर तथा मनोरंजन के साधन भी होंगे। सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा, कॉमन एरिया, गार्ड की व्यवस्था, ये सब भी श्रमिक डॉरमेट्री में होंगे। इसके साथ ही ईएसआईसी औषधालयों का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में 41 जनपदों में 116 ईएसआईसी औषधालय संचालित हैं। शेष 34 जनपदों में भी जल्द ही एक-एक ईएसआईसी औषधालय स्थापित होंगे।

अटल आवासीय विद्यालय के पहले बैच के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के अथक श्रम व पसीने की लाज रखी है। श्रमिकों की मेहनत को नमन करते हुए कहा कि सर्दी-गर्मी, आंधी-तूफान की परवाह किए बिना आप जो पसीना बहाते हैं, उसकी एक-एक बूंद धरती माता को सोना उगलने की शक्ति देती है। पहले जो श्रमिक दूसरों को छत, अन्न और अस्पताल देते थे, स्वयं उनके पास आवास नहीं होता था, उनके बच्चे भूख से तड़पते थे और उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिलती थी। लेकिन अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'श्रममेव जयते' मंत्र के साथ श्रमिकों को सम्मान और गौरव मिल रहा है।

**मजदूरी नहीं दी तो उसका होगा काम तमाम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बड़े शहरों में श्रमिक अड्डे बनते थे। काम करने के बाद ठेकेदार या मालिक मजदूरी देने से मना कर देते थे या कम देते थे। अब सरकार ने साफ कहा है कि काम किया है तो उसका दाम भी मिलना चाहिए। अगर कोई मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी।

**औद्योगिक अशांति में कुछ नहीं बचता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के मानदेय में वृद्धि की गई है। उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं। औद्योगिक अशांति किसी भी स्थिति में नहीं होने देनी है। जहां पर भी औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता।

## ग्रेटर नोएडा में बनेगा श्रमिकों के लिए 300 बेड का ईएसआईसी हॉस्पिटल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में 300 बेड का ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। वहीं, श्रमिकों को पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा कवर के दायरे में लाया जाएगा। न्यूनतम मजदूरी के मसले पर भी चर्चा की बात सीएम योगी आदित्यनाथ ने कही है। श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा पहुंचे सीएम योगी ने कई घोषणाएं की। श्रमिक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि कमिश्नरी में एक-एक अटल आवासीय स्कूल बनवाया है। इसमें श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। सीएम योगी ने ग्रेटर नोएडा में श्रमिकों के लिए डेडिकेटेड अस्पताल बनवाने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि चाहे कोई निर्माण श्रमिक हों या औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले होंगे, उन्हें यहां इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा गीडा, गोरखपुर में 5 एकड़ भूमि ईएसआईसी अस्पताल के लिए चिह्नित की गई है।

## अजय राय की अचानक बिगड़ी तबीयत, लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को शुक्रवार शाम उनके लखनऊ स्थित आवास पर अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, अजय राय अपने आवास पर मौजूद थे तभी शरीर में सोडियम का स्तर अचानक कम होने से उन्हें चक्कर आया और वे मूर्छित होकर गिर पड़े।

इस घटना से उनके करीबियों और समर्थकों में हड़कंप मच गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत मेदांता अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एडमिट कराया गया। राहत की बात यह है कि प्राथमिक उपचार के बाद अब उनकी स्थिति पूरी तरह सामान्य और स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी गहन निगरानी कर रही है और कमजोरी के कारणों का सटीक पता लगाने के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं।

# मतगणना से पहले टीएमसी फिर पहुंची सुप्रीम कोर्ट

■ विशेष पीठ आज करेगी सुनवाई, पर्यवेक्षकों की तैनाती का मामला



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह कदम कोलकाता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उठाया गया है। उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल को तृणमूल कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। यह याचिका पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से संबंधित थी। तृणमूल कांग्रेस ने मतगणना में पर्यवेक्षकों की तैनाती पर आपत्ति जताई थी। पार्टी ने केवल केंद्र सरकार के कर्मचारियों को पर्यवेक्षक बनाने के फैसले को चुनौती दी थी। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी भी शामिल थे। अब सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ शनिवार को इस मामले की सुनवाई करने वाली है।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ शनिवार सुबह 10:30 बजे याचिका पर सुनवाई करेगी। अपनी याचिका में टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट से कल इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया, जिसमें कहा गया है कि चुनाव वाले राज्य में मतगणना सोमवार सुबह से शुरू होने वाली है, और याचिका की सुनवाई में किसी भी प्रकार की देरी इसे निष्फल बना देगी।

## निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है यह फैसला

तृणमूल कांग्रेस का मानना था कि यह फैसला निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने अपनी याचिका में इस पर गंभीर सवाल उठाए थे। पार्टी ने तर्क दिया था कि यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। अब तृणमूल कांग्रेस ने इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाने का निर्णय लिया है।

# बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही विश्व में शांति संभव

**बुद्ध पूर्णिमा**

■ केशव प्रसाद मौर्य बोले, बुद्ध स्थलों के विकास से बढ़ी वैश्विक पहचान

शकील अहमद



**बुद्ध की विरासत पर गर्व :** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक की गौरवशाली विरासत पर गर्व है। सम्राट अशोक ने भगवान बुद्ध के संदेश को विश्वभर में फैलाया और आज प्रधानमंत्री मोदी उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भी बुद्ध के विचारों को सामाजिक समरसता और न्याय से जोड़कर समाज को नई दिशा दी।

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश आज पूरे विश्व के लिए पहले से अधिक प्रासंगिक है। जब दुनिया युद्ध और अशांति की चुनौतियों से जूझ रही है, तब बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव विश्व को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का संदेश दिया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को नए विस्तार के साथ स्थापित कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, संकिसा व कौशांबी जैसे बौद्ध स्थलों का पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास हुआ है। एयर, रोड और रेल कनेक्टिविटी मजबूत होने से इन स्थलों को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिली है। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को अधिक सक्रिय बनाने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। (संबंधित खबर पेज 13)

## बंगाल के 15 मतदान केंद्रों पर फिर डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर और मगरा हाट पश्चिम क्षेत्रों के 15 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है। आयोग के निर्देशानुसार इन सभी केंद्रों पर 2 मई को दोबारा मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

इन 15 मतदान केंद्रों में 143-डायमंड हार्बर एसी के चार और 142-मगराहाट पश्चिम एसी के 11 मतदान केंद्र शामिल हैं, जहां पर फिर से शनिवार को वोटिंग होगी। आयोग ने यह फैसला मतदान के दौरान मिली शिकायतों व अनियमितताओं की रिपोर्ट के आधार पर लिया है। जिन बूथों पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि मतगणना केंद्रों पर गड़बड़ी की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि स्ट्रॉन्ग रूम की चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी की जा रही है।

# चुनावी राहत हुई खत्म, अब महंगाई की मार

■ गैस सिलेंडर महंगा होने पर राहुल गांधी का हमला



**नई दिल्ली।** कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। श्री गांधी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एक ही दिन में 993 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसे उन्होंने चुनावी बिल करार दिया। उन्होंने दावा किया कि फरवरी से अब तक सिलेंडर के दाम 1,380 रुपए तक बढ़ चुके हैं, जो तीन महीनों में 81 प्रतिशत की वृद्धि है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल सस्ता था, तब सरकार ने मुनाफा कमाया और अब कीमतें बढने पर इसका बोझ जनता पर डाला जा रहा है। सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार सस्ते का फायदा उठाती है, महंगाई का बोझ जनता पर डालती है।

## बढ़ोतरी का असर आम लोगों पर पड़ेगा

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बढ़ोतरी का सीधा असर छोटे कारोबारियों और आम लोगों पर पड़ेगा। चायवाला, ढाबा, होटल, बेकरी और हलवाई सभी की रसोई पर इसका बोझ बढ़ेगा और अंततः इसका असर आम जनता की थाली पर दिखाई देगा। श्री गांधी ने आगे आशंका जताई कि गैस के बाद पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

## मायावती ने महिला आरक्षण बिल नहीं पढ़ा : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने या तो संसद में लाया गया बिल पढ़ा नहीं, या भाजपा ने उन्हें गलत सूचना दी। इसलिए उन्होंने (मायावती ने) महिला आरक्षण पर यूपी में बुलाए गए विशेष सत्र का स्वागत किया।

अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महिला आरक्षण बिल तो अब कानून बन चुका है और भाजपा के नेता उस एक्ट के खिलाफ बोल रहे हैं। अखिलेश यादव ने श्रमिक दिवस के अवसर पर नोएडा के श्रमिकों पर लगाए गए मुकदमे वापस लेने और उन्हें पड़ोसी राज्यों के बराबर तनख्वाह दिए जाने की मांग भी की।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ी राहत

■ सुप्रीम कोर्ट ने असम पुलिस मामले में दी अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को असम पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी के मामले में शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

श्री खेड़ा ने श्रीमती सरमा पर एक से अधिक पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ए.एस. चंदूरकर की पीठ ने गौहाटी उच्च न्यायालय द्वारा खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरूवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह फैसला शुक्रवार को जारी किया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा कि गौहाटी उच्च न्यायालय का अवलोकन रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के उचित मूल्यांकन पर आधारित नहीं था और त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है, विशेष रूप से आरोपी पर बोझ डालने के मामले में।

अदालत ने आगे कहा कि आरोप-प्रत्यारोप प्रथम दृष्टया राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से प्रेरित लगते हैं और हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता को उचित नहीं ठहराते। इसकी जांच मुकदमे के दौरान की जा सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियाँ केवल अग्रिम जमानत देने के प्रश्न तक सीमित हैं और आपराधिक कार्यवाही की योग्यता को प्रभावित नहीं करेंगी, जिसका निर्णय कानून के अनुसार स्वतंत्र रूप से किया जाएगा।

**संकट जारी** — तनाव कम होने की उम्मीद जगी

# ईरान ने अमेरिका को वार्ता के लिए भेजा नया प्रस्ताव



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए अपना नया प्रस्ताव पाकिस्तान के जरिए भेजा है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इस कदम से चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को नया रास्ता मिल सकता है।

हालांकि प्रस्ताव के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रस्ताव अभी तक अमेरिका तक पहुंचा है या नहीं। इस खबर के बाद वैश्विक तेल कीमतों में थोड़ी गिरावट देखी गई, क्योंकि इससे तनाव कम होने की उम्मीद जगी है। ईरान द्वारा हॉर्मुज जलडमरूमध्य में नाकेबंदी के कारण दुनिया की लगभग 20% तेल और गैस सप्लाई प्रभावित हुई है। वहीं अमेरिका ने ईरानी तेल निर्यात को रोकने के लिए नौसेना तैनात कर रखी है। इससे ऊर्जा की कीमतें बढ़ गई हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ी है। 8 अप्रैल से संघर्षविराम लागू है, लेकिन खबरें हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को नए सैन्य हमलों की योजना पर ब्रीफ किया जा रहा है।

ईरान ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए हैं और चेतावनी दी है कि अगर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान को आशंका है कि अमेरिका सीमित हमला कर सकता है, जिसके बाद इजरायल भी कार्रवाई कर सकता है। इससे पहले फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अमेरिकी ठिकानों और सहयोगी कंपनियों को निशाना बनाया था, जबकि हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर मिसाइल दागी थीं।

अमेरिका ने अपने अगले कदमों को लेकर अभी कुछ साफ नहीं किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को स्वीकार नहीं करेंगे। तेल बाजार में भी उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में हल्की गिरावट आई, लेकिन सप्ताह भर में यह काफी ऊपर रही। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बातचीत में देरी हुई या तनाव बढ़ा तो हॉर्मुज लंबे समय तक बंद रह सकता है, जिससे वैश्विक बाजार प्रभावित होंगे।

## पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों को लगा झटका

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में अविश्वास का संकेत है।

City Montessori School

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

heartily congratulates its 3709 meritorious students who have secured 90% to 99.80% marks in the ISC & ICSE Board Exams, 2026

4 students scored 99.75% and 9 students scored 99.50% in ISC

Vaivaswat Dubey secured 99.80% in ICSE

62 students secured 99% to 99.80% agg. marks

ISC (Class XII)


99.75% CHHAVI MISHRA Kanpur Road
99.75% OSHEEN AGARWAL Mahanagar
99.75% SANSKRITI CHANDEL Gomti Nagar I
99.75% ZAINAB FATIMA Aliganj I
99.50% ARYA DWIVEDI Aliganj I
99.50% ADITYA TRIPATHI Gomti Nagar I
99.50% ADVIT DHAON Gomti Nagar I


99.50% AARNA BAJPAI Kanpur Road
99.50% BHANU P VERMA Aliganj I
99.50% HANSIKA JAGGI Rajajipuram I
99.50% SHIVPRIYA PATHAK Gomti Nagar Extn.
99.50% SONYA ARORA Kanpur Road
99.50% VAILACE RDSO

Note: 4 ISC students scored 99.75%, 9 students scored 99.50%, 15 students scored 99.25%, and 14 students scored 99%

ICSE (Class X)


99.80% VAIVASWAT N DUBEY Gomti Nagar I
99.60% ANAY AGARWAL Gomti Nagar I
99.60% ZAHRA FATIMA Asharfabad
99.40% AFSHAAN AHMAD Gomti Nagar I
99.40% DIVYANSH KUSHWAHA Gomti Nagar I
99.40% FARHEEN KHAN Rajajipuram I

Note: 1 ICSE student scored 99.80%, 2 students scored 99.60%, 3 students scored 99.40%, 6 students scored 99.20%, and 8 students scored 99%

These 19 CMS Students on Ranks 1, 2 & 3 shall be given Rs. 1 Lakh each. Another 43 students with 99% and above will get Rs. 21,000 each, making a total prize money of over Rs. 28 Lakh

RESULTS THAT MAKE CMS EUPHORIC !

| S.No. | Highlights | Numbers | Percentage |
|---|---|---|---|
| 1. | CMS students who secured 99% & above aggregate marks | 62 | 0.9% |
| 2. | CMS students who secured 98% & above aggregate marks | 248 | 3.5% |
| 3. | CMS students who secured 97% & above aggregate marks | 562 | 8.0% |
| 4. | CMS students who secured 95% & above aggregate marks | 1441 | 20.5% |
| 5. | CMS students who secured 90% and above aggregate marks | 3709 | 52.8% |
| 6. | CMS students who took & passed the 2026 ICSE & ISC Exams | 7030 | 100.0% |

These 3709 meritorious CMS students will take out a Grand Victory March and Honouring Ceremony on Saturday, 2nd May, 2026 at 7.45 am at CMS Gomti Nagar Extension Auditorium, Lucknow

Shri Alok Kumar, IAS
Additional Chief Secretary, Infrastructure & Industrial Development & NRI Department, Uttar Pradesh
will be our honoured Chief Guest on the occasion

Scan QR for full result

CMYK

# श्रमवीरों के पसीने से खड़ा विकास का ढांचा: जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी ।** जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग के बीच शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस श्रमवीर गौरव समारोह के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड यूनिट-कुंभी के किसान भवन सभागार में श्रमिकों के आरोग्य हेल्थ चेकअप शिविर, हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरी, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एएलसी मयंक सिंह, यूनिट हेड सुनील कुमार यादव और पीएलए प्रोजेक्ट हेड ललित जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया श्रम दिवस पर विधायक अमन गिरी ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही प्रदेश और देश तरक्की की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में खीरी तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है।चीनी मिल के साथ क्क प्लांट व इंडस्ट्रियल पार्क से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे, वहीं छोटी काशी कॉरिडोर से आस्था और विकास को नई पहचान मिलेगी। विधायक ने काश्तकारों और श्रमिकों के योगदान को सराहा। उन्होंने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं भी दी डीएम अंजनी कुमार सिंह ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि आज कृषि और उद्योग की जो ऊंचाई है,उसकी नींव श्रमिकों के पसीने से ही पड़ी है। देश, प्रदेश और जनपद की समृद्धि में किसान और श्रमिक सबसे बड़ी ताकत हैं। डीएम ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों व किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा की बड़ी पहल बताया। आज की हर सुविधा के पीछे श्रमवीरों की मेहनत की खुशबू है और सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचे।

## भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन, उपदेशों और सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान बुद्ध के जीवन परिचय अष्टांगिक मार्ग और पंचशील पर चर्चा की। महामंत्री आरके गौतम, डॉ. टीपी गौतम, शंभू दयाल, इंस्पेक्टर काशीराम, खूबचंद गौतम, सुरेंद्र पाल सिंह, अखिलेश, सिद्धार्थ कुमार, बाबूराम गौतम, संत कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध द्वारा बताए गए अष्टांगिक मार्ग और पंचशील आज भी समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं महामंत्री आरके गौतम ने कहा कि बुद्ध के विचार मानवता, शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं ।

# हरदोई के संमबीम स्कूल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ डॉ अशोक मलिक ने कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूलों का सरकार और आम जनतस ने परीक्षा परिणाम नहीं देखा और किताबों को लेकर हंगामा किया जा रहा है। सरकार के पास एनसीईआरटी की किताबों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

62 फुटा रोड के दून पब्लिक स्कूल में बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि सरकारी स्कूलों जो मात्र 10 प्रतिशत बच्चा पढ़ रहे हैं, उनकी पूर्ति हो नहीं पा रही नए सत्र का महीना व्यतीत हो गया है। बाजार में एनसीईआरटी की किताबें बड़ी मुश्किल से ब्लैक में मिल पाती है उसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। उत्तर प्रदेश के किसी भी सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं का हाईस्कूल इंटर का परिणाम में कोई स्थान नहीं है। मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने ही उच्च स्थानों में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाकर परचम लहराया है राष्ट्र निर्माण में निजी स्कूलों की अहम भूमिका है। हरदोई के सनबीम स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा लिखना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार अमजद अली एडवोकेट ने कहा कि 9 मई को वार्षिक अधिवेशन में संगठन के होने वाले विस्तार में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। बैठक को महामंत्री अरविंद शर्मा, प्रभारी धनंजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी, उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, उपाध्यक्ष केपी सिंह, महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत, महानगर प्रभारी गय्यूर आलम, महामंत्री हंस कुमार, संगठन मंत्री मुजाहिद नदीम आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता योगेश शर्मा ने संचालन अमजद अली ने किया।

## एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ राजापुर मंडी के पीछे देवकीपुर के सामने प्लाटिंग से दिनांक 01.05.2026 को समय करीब 11.35 बजे अभियुक्त उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र आशुतोष त्रिवेदी निवासी मोहल्ला मिश्रापुरम थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0334/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम नियम पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

## पिछले 15 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे किसान बोझवा रेलवे क्रॉसिंग पर रेल रोको आंदोलन के लिए जुटे

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा क्षेत्र के तीन गांवों में रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने के विरोध में पिछले 15 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे किसान शुक्रवार को बोझवा रेलवे क्रॉसिंग पर रेल रोको आंदोलन के लिए जुटने लगे हैं। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सिंघानिया) के बैनर तले 15 अप्रैल से बोझवा रेलवे क्रॉसिंग के पास धरना प्रदर्शन चल रहा है। संगठन के अध्यक्ष एसके सिंघानिया के आवाहन पर किसान शुक्रवार को रेल रोको आंदोलन के लिए बोझवा रेलवे क्रॉसिंग पर एकत्र हो गए हैं। यहां पर सभा शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र के ग्राम मटेहिया, बोझवा और दौलतापुर में रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने से उन्हें काफी परेशानियां हो रही हैं। रेल लाइन के उस पार अपने खेतों में जाने के लिए किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से रेलवे क्रॉसिंगों को खोलने की मांग कर रहे हैं, पर उनकी मांग पर सुनवाई नहीं हो रही है फिलहाल भीरा-पलिया हाईवे चक्का जाम व रेल रोको आंदोलन के एलान को लेकर पुलिस भी पूरी तरीके से सतर्क है। कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद है। पलिया थानाध्यक्ष व भीरा थानाध्यक्ष ने किसान नेताओं से वार्ता की। मौके पर एसडीएम पलिया सीओ गोला, सीओ पलिया भी मौजूद हैं। पीएसी व पुलिस बल धरनास्थल पर तैनात है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम सुनेंगे समस्याएं

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** डीएम की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बिल्सी तहसील में किया जाएगा,जिसमें डीएम फरियादियों की समस्याओं को सुनेंगे। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार,आज शनिवार को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।इस समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।इस मौके पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सरसैया घाट में कार्यशाला, श्रमिकों को योजनाओं का लाभ वितरित

**कानपुर (अवधनामा संवाददाता)** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नवीन सभागार, सरसैया घाट, कानपुर नगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (उत्तर) अनिल दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एडीएम सिटी राजेश कुमार, अपर श्रम आयुक्त पी.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी, डिप्टी डायरेक्टर फैक्ट्री सचिन यादव तथा सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल सहित श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला में उद्योग प्रतिनिधियों के रूप में उमंग अग्रवाल, मनोज बांका, बृजेश अवस्थी तथा श्रमिक प्रतिनिधियों के रूप में अनिल उपाध्याय और राम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कारखाना एवं भवन निर्माण श्रमिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के ऑनलाइन संबोधन से हुई, जिसे उपस्थित श्रमिकों ने सुना। इस दौरान संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता वितरित की गई। ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना के अंतर्गत 51,000 रुपये की धनराशि रामबाबू, निधि शुक्ला, कायम सिंह, महेश चंद एवं राजेंद्र कुमार को प्रदान की गई।

## अवैध खनन में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**सहारनपुर।** जनपद में अवैध खनन और बिना वैध प्रपत्रों के खनन सामग्री के परिवहन पर लगाम लगाने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सरसावा पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा और खनन अधिकारी के नेतृत्व में 30 अप्रैल को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चौकी क्षेत्र शाहजहांपुर में बिना वैध खनन प्रपत्रों के रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरे हुए थे और नियमानुसार उन्हें मौके पर ही सीज कर दिया गया।

# धूमधाम से मनाया श्री करुणा बिहारी का अष्टम ब्याहुला महोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** करुणा बिहारीं मन्दिर में श्री करुणा बिहारीं जी का अष्टम ब्याहुला महोत्सव आज श्रद्धा व भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम स्वामी मंगला नन्द जी महाराज के सानिध्य व संचालन में सम्पन्न हुआ, जिसमें देर रात्रि तक भक्ति रस की गूंज बनी रही।

गोपाल नगर, नुमाइश कैम्प स्थित महोत्सव का शुभारंभ स्वामी मंगला नन्द महाराज, बाबा गोपाल दास महाराज, बाई उपासना पुरी नंगली मन्दिर, महामंडलेश्वर धिरजानंद महाराज, महामंडलेश्वर अनिल कृष्ण कौदण्ड महाराज, बाई जी दयाल मन्दिर, साध्वी दीदी विवेक कुटीर, रणजीत नगर, श्रीमती सरला माता पीठाधीश्वर, ज्योति मन्दिर, हितेश, भारत भूषण उत्तम दास डेरा, आशीष देवपुरम, बाबा लाल दयाल मन्दिर व भागवताचार्य उद्धव कौदण्ड सहित अन्य संत-महापुरुषों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर दूल्हा-दुल्हन रूप में सजे श्री करुणा बिहारीं सरकार एवं श्री राधा रानी जी को 56 भोग अर्पित किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा ने ÷मन चल वृंदावन चलिए, सांवरे को लाली के हवाले करो, काली कमली वाला मेरा यार है, दुल्हन प्यारी राधा रानी, हरि नाम नहीं तो जीना क्या सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर हजारों भक्त देर रात तक झूमते रहे। पूरा पंडाल जय श्री करुणा बिहारी सरकार और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा। स्वामी मंगला नन्द महाराज ने कहा कि श्री करुणा बिहारीं सरकार करुणा के सागर हैं, जो सच्चे मन से भक्ति करने वाले भक्तों के समस्त दुखों को दूर करते हैं। उन्होंने सभी भक्तों से नियमित दर्शन का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, संतों व सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में ब्याहुला भजनों के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान गुलशन वधवा, निमिष काठपाल, सन्नी बजाज, महेश गांधी, शुभम गंगा, मनीष, अंकित सचदेवा, राजेश विज, सचिन छाबड़ा, योगेश अरोरा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## लक्खैया फार्म बिजौली झाले के पास दो बाघ देखे जाने से क्षेत्र में दहशत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के लक्खैया फार्म बिजौली झाले के पास दो बाघ देखे जाने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार को खेतों के पास दो बाघों को जाते हुए देखा गया जिसके बाद से लोग भयभीत हैं। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही इलाके में एक पालतू गाय के बछड़े को किसी जंगली जानवर ने घायल कर दिया था। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ था, और अब बाघ के दिखने से चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना रेंजर को फोन से दी लेकिन आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची वन दरोगा और रेंजर के न आने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने सक्रियता नहीं दिखाई तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने जल्द से जल्द क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और बाघों को पकड़ने की मांग की है।

## नेपाल से भागकर भारत आ रहे दो नाबालिगों को गौरीफंटा चेक पोस्ट पर रोका

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** नेपाल से भागकर भारत आ रहे दो नाबालिगों को गौरीफंटा चेक पोस्ट पर रोका गया और पूछताछ की गई। जिस पर पता चला कि वह घर से बिना बताये गुजरात जा रहे थे। एसएसबी नें दोनों को नेपाली एनजीओ के सुपुर्द कर दिया गया। गुरुवार को गौरीफंटा में तैनात एएचटीयू टीम ने नेपाल से भारत आ रहे एक नेपाली नाबालिग लड़का और एक नाबालिग लड़की को पकड़ा। चेक पोस्ट पर ड्यूटी में तैनात एएचटीयू कार्मिकों नें दोनों से अलग-अलग पूछताछ की। जिस पर दोनों ने बताया कि वह दोनों घरवालों से बिना बताये भागकर राजकोट गुजरात भारत में जा रहे थे।इसके बाद चेकपोस्ट कमांडर ने लड़की और लड़का के घरवालों से बात की, तो दोनों के घर वालों ने बताया कि उनका घर दूर होने के कारण वह लेने आ नही सकते।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

**कानपुर नगर। (अवधनामा संवाददाता)** जिला समाज कल्याण अधिकारी बीरपाल ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद कानपुर नगर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं–यू0पी0एस0सी0, यू0पी0पी0एस0सी0, एस0एस0सी0, जे0ई0ई0 एवं नीट–की निःशुल्क कोचिंग संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यू0पी0एस0सी0 एवं यू0पी0पी0एस0सी0 की कक्षाएं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर में संचालित होंगी। एस0एस0सी0 की कक्षाएं डी0बी0एस0 कॉलेज, गोविन्द नगर तथा राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी शिवराजपुर में आयोजित की जाएंगी।

# एन्टीबायोटिक्स का उपयोग सही मात्रा में ही करें: डा. वाईपी सिंह



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मैक्स हॉस्पिटल पटपटगंज, नई दिल्ली से आए डॉक्टर वाई.पी. सिंह ने कहा कि एन्टीबायोटिक्स का उपयोग सही मात्रा मे,सही समय तक करना चाहिए, अगर ऐसा नही करते तो बैक्टीरिया मे प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो जाती है, फिर एन्टीबायोटिक्स काम नही करती है। इसलिए एन्टीबायोटिक्स का ज्यादा इस्तेमाल नही करना चाहिए।

यू.पी.नर्सिंग होम एसोसिएशन, जिला ब्रांच द्वारा वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन जी.पी.ओ.रोड स्थित होटल के सभागार मे हुआ जिसमे मैक्स हॉस्पिटल पटपटगंज, नई दिल्ली से आए डॉक्टर वाई.पी. सिंह, डॉक्टर गौरव प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉक्टर साक्षी मलिक ने अपने विचार रखे। डॉ. वाई.पी.सिंह ने कहा कि एन्टीबायोटिक्स का उपयोग सही मात्रा मे,सही समय तक करना चाहिए, अगर ऐसा नही करते तो बैक्टीरिया मे प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो जाती है,फिर एन्टीबायोटिक्स काम नही करती है। इसलिए एन्टीबायोटिक्स का ज्यादा इस्तेमाल नही करना चाहिए। डॉ. साक्षी मलिक ने बताया कि कल्चर रिपोर्ट आने के बाद ही एन्टीबायोटिक्स का उपयोग करना चाहिए क्योकि कल्चर रिपोर्ट से सही एन्टीबायोटिक्स का पता चल जाता है। यू.पी.नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर डी.के. गुप्ता ने कहा कि जिस बीमारी मे एन्टीबायोटिक्स की जरूरत हो उसी मे एन्टीबायोटिक्स का इस्तेमाल करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. गौरव प्रताप सिंह, सचिव डा. राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अमित पाण्डेय, डॉ. मोहन पाण्डेय, डॉ. कलीम अहमद, डॉ. मोहन सिंह, डॉक्टर नरेश नौसरान, डॉक्टर अनुपम मलिक, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. सुभाष सहगल, डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. पूनम मखीजा, डॉ. रजनीश दहूजा, डॉ. प्रशान्त खन्ना, डॉ. उपशम गोयल, डॉ. गौरव टैहरी, डॉ. शादाब अन्सारी, डॉ. मनीष गर्ग आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

# समारोह में देशभर से आये 822 विद्वानों का किया भव्य सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** त्रिदिवसीय संत सम्मान, ज्योतिष विद्वान एवं महामंडलेश्वर सुशोभन समारोह में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि परमात्मा असंख्य सूर्यों के समान हैं तथा आत्मा ज्योति बिंदु स्वरूप है, इसलिए देह अभिमान त्यागकर आत्मिक जीवन अपनाना चाहिए। ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए आशा दीदी ने कहा कि ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित त्रिदिवसीय संत सम्मान, ज्योतिष विद्वान एवं महामंडलेश्वर सुशोभन समारोह मेका शुभारंभ शंखध्वनि व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्रह्माकुमारी उषा बहन, धार्मिक प्रभाग प्रयागराज की अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी, ब्रह्माकुमारी सपना दीदी, ब्रह्माकुमारी वीना दीदी, डॉ. पुष्पा पांडे, प्रो. शिवराम गंगोपाध्याय, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, इंदौर जोन संयोजक नारायण भाई तथा दिव्य शक्ति अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर महाराज सहित अन्य संतों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि परमात्मा असंख्य सूर्यों के समान हैं तथा आत्मा ज्योति बिंदु स्वरूप है, इसलिए देह अभिमान त्यागकर आत्मिक जीवन अपनाना चाहिए। ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी ने कहा कि ज्ञान का सूक्ष्म अहंकार भी विनाशकारी होता है और अहंकार प्रेम व आनंद के मार्ग में बाधा बनता है। वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका उषा बहन च ब्रह्माकुमारी वीना दीदी ने कर्मयोग व ज्ञानयोग से भी श्रेष्ठ राजयोग को बताया। इस अवसर पर देशभर से आए 822 संतों, ज्योतिषाचार्यों व विद्वानों को तिलक, शॉल, अंगवस्त्र, रुद्राक्ष, विष्णु-लक्ष्मी कौड़ी, गंगोत्री जल, प्रसाद एवं कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सेंट थॉमस स्कूल ने स्थापित किया कीर्तिमान तन्मय तथा आदिक बनें टॉपर

**कानपुर।** कानपुर के किदवई नगर स्थित सेंट थामस स्कूल द्वारा दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इंटर में तन्मय मिश्रा ने 97.25 प्रतिशत, रिद्धिम शर्मा ने 97.25 प्रतिशत अपूर्व राय ने 96.25 इफरा शमीम 95.25 उत्कर्ष बाजपेई 95.25 तथा कंप्यूटर सब्जेक्ट में 100 प्रतिशत नंबर प्राप्त किए। वही आईएससी 12 वीं में पीयूष मिश्रा ने 96.25 तनिष्क गुप्ता 95.5 शायना शाह 93.25 अंक प्राप्त किए। वहीं आईसीएसई हाईस्कूल में आदिक गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत, आराध्या बाजपेई ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार ने विद्यार्थियों को बुके भेंटकर मेधावी छात्र छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एडीजी आलोक सिंह बने डीजी, जिलाधिकारी ने भेंट कर दी बधाई



**कानपुर नगर।** कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह के डीजी पद पर पदोन्नत होने पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पदोन्नति उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है तथा नई जिम्मेदारी में वे अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करेंगे। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## खाटू श्याम अपने शीश का दान देकर बने महान: स्वामी कालेंद्रानंद

**सहारनपुर।** खाटू श्याम पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि खाटू श्याम अपने शीश का दान देकर महान बने। खाटू श्याम हारे का सहारा कहलाते है।

राधा विहार स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्री चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम नगर पालकी यात्रा बेरीबाग सुखपुरा से शुरू होकर केशव नगर नुमाइश कैंप होते हुए गोपाल नगर में संपन्न हुई। इस अवसर पर श्याम प्रेमियों ने बाबा का पुष्प एवं इत्र वर्षा कर श्याम बाबा का स्वागत किया। खाटू श्याम महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि खाटू श्याम हारे का सहारा कहलाता है। महाराज श्री ने कहा श्याम बाबा की भक्ति सरल एवं अति शीघ्र प्रभावी है जिससे भक्तों का कल्याण अति शीघ्र होता है। खाटू श्याम समर्पण एवं बलिदान का महान चरित्र है जिनके चरित्र से हमें संदेश लेना चाहिए और अपने जीवन को धर्म कर्म में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा आने वाले कलयुग का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ेगा वैसे-वैसे ही श्याम बाबा का निरंतर प्रभाव बढ़ता जाएगा। खाटू श्याम की भक्ति करने से एवं उनकी शरण में जाने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर नितिन कश्यप, हर्ष कश्यप, सनी बजाज, विशाल बजाज, पुनीत सुखीजा, अजय कश्यप, अनिल नारंग, संजय राणा, प्रदीप पांचाल, अगम शर्मा, सनी काम्बोज, प्रेमलता, निशा, बबली, किरण, आशा, गीता, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# योग गुरु की हीरक जयंती पर जुटे दूरस्थ योग प्रेमी

### 75 साल का सफर देख मंत्रमुग्ध हुए आबाल वृद्ध, पूरे साल चलेंगी कार्यक्रम श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता




**सहारनपुर।** मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान की 54वीं वर्षगांठ और योगी स्वामी भारत भूषण के जन्म की हीरक जयंती देश भर के योग हस्तियों ने प्रतिभाग कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्थान निदेशक अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु पूर्व राजनयिक और संस्कृति विशेषज्ञ आचार्य प्रतिष्ठा के निर्देशन में अब तक की यात्रा के सिंहावलोकन और स्वागत भाषण के साथ हो गया। 75 साल का सफर देख कर आबाल वृद्ध मंत्रमुग्ध होकर अवाक रह गए। इस अवसर पर देश के दूरस्थ क्षेत्रों से आए भारत योगियों को गुरुवंदन के बाद संबोधित करते हुए पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने कहा कि मनन किया तो लगा कि सच में अब तक जीवन के सफर के 75 साल निरर्थक नहीं बीते हैं। ये सब ईश्वरीय कृपा से हर तरफ से मिले सहयोग का परिणाम है। बस विचार आते गए और ईश्वरीय कृपा से संकल्प में परिणित होते रहे। योग से समग्र स्वास्थ्य और अध्यात्म के प्रयोगों ने भारतयोग व योग गतियों की अवधारणा को वैश्विक पहचान और स्वीकार्यता पाई। इस 75 साल की यात्रा में मोक्षायतन के आधी शताब्दी पूर्व के साधक जंगवीर सैनी, गुलशन निझारा, राजीव दुआ, राम राजीव सिंघल, ऋषिपाल सिंह, जरनैल सिंह, मुकेश शर्मा, पुनीत अमित गर्ग, सुरेश फुटेला, संयोग, अनीता शर्मा, विनीत मित्तल व सुषमा ने आयोजन का वातावरण ही बदल दिया। मोक्षायतन योग संस्थान की विविध शाखाओं व नेशन बिल्डर्स एकेडमी के साधकों की प्रस्तुतियों के साथ ही बाहर से आए आलोक श्रीवास्तव, योगी विक्रांत व मुक्ता शर्मा और सहारनपुर मुख्यालय के पंकज गुप्ता, ललित वर्मा, सुभाष वर्मा, धर्मेश शर्मा, मिथलेश शर्मा को उनकी विशिष्ट भूमिकाओं के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन नवनीशकांत शर्मा ने किया।

# सामाजिक संगठन की पहचान के नए मानक स्थापित करेंगे: गोविन्दर

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जन चेतना मिशन के कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सरदार गोवेंद्र सिंह के सक्रिय कार्यकाल के बीसवें वर्ष में प्रवेश करने पर उपस्थित सदस्यों ने उनकी सराहना की।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष गोविन्दर सिंह ने कहा कि इन बीस वर्षों में जिस प्रकार से संस्था ने सतत् रूप से लावारिस शवों के दाह संस्कार के माध्यम से सेवा कार्यों की एक भिन्न परिभाषा गढ़ने का प्रयास किया है,इक्कीसवें स्थापना दिवस पर संस्था अपनी कार्यशैली से समाज में सौहार्दता और भाईचारे के नयें आयाम स्थापित करने के नए संकल्प के साथ अपनी अग्रणी भूमिका निभाने का प्रयास करेगी ।संस्था के चेयरमैन सतेंद्र आहूजा ने अनूठे सर्विस प्रोजेक्ट के रूप में ÷लावारिस शवों के दाह संस्कार÷ करने में आने वाले अपने कड़वे अनुभव भी साझा किए। संस्थापक सदस्यों के रूप में वीरेन्द्र भारती व देवेंद्र जुनेजा ने बीस वर्ष पूर्व हुई संस्था की स्थापना के पलों को स्मरण करते हुए अन्य संस्थापक सदस्यों के रूप में हरीश अरोड़ा,सुरेंद्र चौहान,रवि बब्बर,सुभाष चावला, के रूप में गठित टीम के साथ ही संस्थापक गुलशन नागपाल को उनके सतत कुशल नृतत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव राजेश मेहता, संयोजक केएल गुप्ता द्वारा भी भावी कार्यक्रम के आयोजन संबंधित विचार व्यक्त किए गए।

इस अवसर पर मनोज खुराना, नरेश कुमार, विकास खरबंदा, राजीव लट्टू,के.एल. गुप्ता, सौरभ गोयल सरदार एच एस ग्रोवर, रोहित ढींगरा, रवि खुल्लर, गौरव भसीन आदि उपस्थित रहे।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 02 मई 2026



# उर्मिल डैम में नहाने गए चाचा-भतीजे की डूबने से मौत, परिजन बेहाल

- सुबह पानी में उतराते मिले दोनो बच्चों के शव, शव मिलते ही परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** थाना श्रीनगर के पिपरामाफ गांव में गुरूवार की शाम उर्मिल डैम में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। देर शाम तक बच्चों के घर वापस न आने पर उनके परिजनों ने खोजबीन करते हुए जानकारी मिलने पर डैम पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को बुलाया और गोताखोरो ने उर्मिल डैम के पानी में काफी खोजबीन की, लेकिन अंधेरा होने पर रस्क्यू आपरेशन रोक दिया, लेकिन बच्चों के परिजन पूरी रात डैम में बैठकर बच्चों के मिलने की आस लगाए रहे। शुक्रवार की सुबह दोनो बच्चों के शव पानी में उतराते हुए मिले। शव देख परिजनों का रो रोक बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की।

गुरुवार दोपहर 8 वर्षीय रितेश और उसका 10 वर्षीय चाचा आर्यन अपनी 4 वर्षीय बहन प्राची के साथ डैम पर नहाने गए थे। प्राची डैम किनारे दोनो बच्चो के कपड़े लेकर बैठ गई और रितेश व आर्यन डैम में नहाने लगे। नहाते समय वह गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए और पानी में डूब गए। जब बच्चे काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। इसी दौरान प्राची दोनों बच्चों के कपड़े लेकर घर पहुंचकर परिजनों को बताया कि भाई पानी में ही रह गए। इसके बाद रितेश के पिता ज्ञान सिंह व अन्य ग्रामीण फौरन डैम की ओर भागे और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और स्थानीय पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की, लेकिन शाम होने और अंधेरा छाने के कारण सफलता नहीं मिल सकी और सुबह आने की बात कहकर चले गए, लेकिन बच्चों माता पिता और परिजन डैम किनारे पूरी रात बच्चों का इंतजार करते रहे।

प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को मौके पर बुलाया और शुक्रवार को एक बार फिर रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। कई घंटे बाद अचानक दोनों बच्चों के शव पानी में उतराते हुए मिले। शव मिलते ही परिजनों में रोना पीटना शुरू हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रितेश के दादा बढडा व स्थानीय निवासी आकाश बताते हैं कि आर्यन अपनी चार बहनों का इकलौता भाई था, जबकि रितेश भी अपनी तीन बहनों का एक मात्र सहारा था। एक साथ दो बच्चों की मौत से परिवारों पर गहरा दुख है। बताया जाता है कि मृतक रितेश के पिता फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करते थे और वह आदिवासी कुचबंदिया परिवार से ताल्लुक रखते है और दोनो बच्चे रिश्ते में चाचा भतीजा थे।

# तिब्बती शिक्षा संस्थान ने धूमधाम से मनाया बुद्ध पूर्णिमा

- शांति भीतर है, बाहर नहीं- प्रो.वाड़्छुग दोर्जे नेगी

**अवधनामा ब्यूरो**





**वाराणसी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ स्थित केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में बुद्ध की वाणी को याद करते हुए कहा कि, 'शांति भीतर है, बाहर नहीं' यह महात्मा बुद्ध के दर्शन का मूल मंत्र है। मनुष्य अक्सर शांति, सुख और संतोष को बाहरी वस्तुओं, रिश्तों, धन या पद-प्रतिष्ठा में खोजता है। यह एक अंतहीन दौड़ है। क्योंकि बाहरी परिस्थितियां अस्थिर हैं और बदलती रहती हैं। जब मन अशांत हो, तो दुनिया का कोई भी सुख सुकून नहीं दे सकता है। उक्त संदेश बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो0 वाड़्छुग दोर्जे नेगी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा, जिसे 'वैशाख पूर्णिमा' भी कहा जाता है, भगवान गौतम बुद्ध के जीवन के तीन प्रमुख चरणों - जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बोधि), और महापरिनिर्वाण का स्मरण दिवस है। यह पर्व न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि शांति और करुणा के मार्ग का अनुसरण करने वाले सभी के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।इस पुण्य अवसर पर संस्थान की शोध पत्रिका 'धी' के 66वां अंक तथागत बुद्ध को अर्पित किया गया। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रसिद्ध चित्रकार हरि दर्शन सांख्य द्वारा 'हिमालयः अध्यात्म का पवित्र मौन और शांति' शीर्षक चित्र श्रृंखला की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिगोविंद बौद्ध(कार्यकारी अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान,लखनऊ) ने कहा कि वर्तमान समय में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और उनके विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं,क्योंकि आज की दुनिया तनाव, हिंसा, ईर्ष्या और भौतिकवाद के दौर से गुजर रही है।

बुद्ध के उपदेश न केवल व्यक्तिगत मानसिक शांति, बल्कि सामाजिक सौहार्द और वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भी एक मार्गदर्शक हैं।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के भिक्षु डॉ. के.सिरी सुमेध थेरो ने कहा कि विश्व में बढ़ते युद्ध, आतंकवाद और संघर्ष के बीच, बुद्ध का करुणा, प्रेम और अहिंसा का संदेश एक शांतिपूर्ण समाज बनाने के लिए आधारशिला है। विशिष्ट अतिथि विश्व भूषण मिश्र (सीईओ, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट) ने कहा कि बुद्ध ने कहा था- 'अप्प दीपो भव' अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो। यह युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपनी समस्याओं के लिए दूसरों पर निर्भर न रहने की प्रेरणा देता है। प्रोफेसर सदानंद शाही (हिंदी विभाग, बीएचयू)ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं सभी जीवों के प्रति दया और करुणा सिखाती हैं। अतिथियों का स्वागत संस्थान की कुलसचिव डॉ सुनीता चंद्रा ने किया। संचालन डॉ रवि गुप्त मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार सिंह (प्रलेखन अधिकारी)ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सैकड़ों लामा संन्यासी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला उपकारागार में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, बच्चियों की माताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे

- दो महिला कैदियों की बेटियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में जिला उपकारागार में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जहां पर महिला बंदियों की बेटियों को केक काटकर जन्मदिन मनाया गया साथ ही बच्चियों को उपहार स्वरुप बेबी किट, कपड़े व खिलौने वितरित किए गए। इसके अलावा बच्चियों की मां को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन से जहां बच्चियों की माताएं खुश नजर आई तो वहीं अन्य बंदी महिलाओं में उत्साह नजर आया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक के कुशल नेतृत्व में जिला जेल में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें दो महिला कैदियों की बेटियों सौम्या और आध्या का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम में बच्चियों को उपहार स्वरूप बेबी किट एवं कपड़े और खिलौने भेंट किए साथ ही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर प्रिया गुप्ता ने कन्या जन्मोत्सव के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि समाज में बालिकाओं के जन्म को एक उत्सव के रूप में मनाना, उनके प्रति सम्मान बढ़ाना और सकारात्मक सोच विकसित करना है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित किए जाते हैं। जेंडर स्पेशलिस्ट रीता चैरसिया ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से सकारात्मक सोच उत्पन्न कर समाज में बेटियों के प्रति संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करना। बेटियों का सम्मान करके यह संदेश देना कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार की शान और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने योजनाओं मातृ वंदना योजना, कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना निराश्रित महिला विधवा पेंशन योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना, शादी अनुदान आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अंत में जेलर अधीक्षक प्रिय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 90% से अधिक कार्य पूर्ण, आंशिक जलापूर्ति शुरू : सितम्बर तक लक्ष्य

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) लोकेश शर्मा ने ग्राम बढ़ौली फतेह खाँ में पेयजल संकट के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में पेयजल योजना का कार्य अंतिम चरण में है और अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम में प्रस्तावित 01 नलकूप, 01 पम्प हाउस, 01 बाउंड्रीवाल, 300 किलोलीटर क्षमता का शिरोपरि जलाशय, 12070 मीटर वितरण प्रणाली एवं 760 गृह जल संयोजन के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस व बाउंड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। शिरोपरि जलाशय का निर्माण लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण है, जबकि 10828 मीटर वितरण पाइपलाइन और 690 गृह संयोजन पूरे किए जा चुके हैं। वर्तमान में सीधे पम्पिंग के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है। शेष कार्य सितम्बर 2026 तक पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले के कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत आच्छादित किया गया है। इनमें से 143 ग्रामों में योजनाएं पूर्ण कर संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित की जा चुकी हैं, जबकि 554 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने कहा कि पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु नागरिक 'जल सारथी' एप अथवा टोल फ्री नंबर 1800-1212-164 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विभाग त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रघु मिश्रा बने प्रदेश अध्यक्ष, संगठन को आगे बढ़ने का लिया संकल्प

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) ने आज एक पत्रकार वार्ता के दरमियान बताया कि,पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो.कमाल परवेज ने युवा नेता रघु मिश्रा को पार्टी के प्रदेश के अध्यक्ष बनाया। ?कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मो. कमाल परवेज की सराहना करते हुए रघु मिश्रा ने कहा कि, 'आदरणीय कमाल परवेज जी आज देश के करोड़ों युवाओं की आवाज़ बन चुके हैं। उनके ओजस्वी नेतृत्व और सांगठनिक कौशल ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पार्टी के युवा प्रकोष्ठ को एक नई पहचान दी है। उनका मार्गदर्शन ही है जो हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े युवा को सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है। 'इस अवसर पर रघु मिश्रा ने पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री (एमएसएमई)) जतन राम मांझी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, 'आदरणीय मांझी जी आज देश के करोड़ों लघु और मध्यम उद्यमियों के 'मसीहा' बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में एमएसएमई मंत्रालय ने 34 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की जीवित मिसाल हैं। '

?साथ ही, बिहार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन जी की प्रशंसा करते हुए मिश्रा ने कहा कि, 'डॉ. सुमन जी ने अपनी विद्वत्ता और आधुनिक विजन से बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दी है। उनकी कार्यशैली यह सिद्ध करती है कि युवा नेतृत्व ही विकसित भारत का आधार बनेगा। उनके मार्गदर्शन में 'एचए एम' अब उत्तर प्रदेश के हर जिले में एक मजबूत विकल्प बनेगी। '

मिशन-2027ः यूपी विधानसभा चुनाव और एनडीए की मजबूती हमारा लक्ष्य है यह कहा । ?प्रेस वार्ता में दिल्ली के युवा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश कुमार श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में समर्थक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से वर्ष 2022 की गुमशुदा महिला बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

गुमशुदगी नं0 02/2022 से संबंधित गुमशुदा गायत्री पुत्री दयाराम अहिरवार उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के भाई अंकित पुत्र दयाराम अहिरवार को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना महोबकंठ उपस्थित आए।

तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा गायत्री की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान गायत्री द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से जहीर खान पुत्र सलीम खान उम्र 27 वर्ष निवासी मोहल्ला भगवंतपुरा थाना सदर जनपद झांसी के साथ विवाह कर लिया है तथा वर्तमान में उनके दो पुत्रियां हैं। उसने अपने पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की।

गुमशुदा गायत्री को उसकी इच्छानुसार उसके पति जहीर खान के साथ थाना हाजा से सकुशल एवं सम्मानपूर्वक रुखसत किया गया। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# जिलाधिकारी ने किया द्वारा राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बने ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा आज डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर में लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 50 बेड के ट्रॉमा सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण में पाया गया कि ट्रॉमा सेंटर में अभी तक विद्युत कनेक्शन स्थापित नहीं किया गया है तथा विद्युत सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र भी प्राप्त नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त अग्निशमन विभाग से भी अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया गया है, जो कि सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिफ्ट संचालन के संबंध में जानकारी करने पर अवगत कराया गया कि लिफ्ट संचालन हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अभी तक आवेदन भी नहीं किया गया है। इन गंभीर कमियों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी अवशेष कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उस पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा कार्यों में अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ट्रॉमा सेंटर की सभी खिड़कियों पर सुरक्षा के दृष्टिगत मजबूत जाली लगाई जाए। भवन के अंदर विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सीवरेज, प्रकाश व्यवस्था, ऑक्सीजन लाइन, वार्डो की फिनिशिंग, शौचालयों की उपयोगिता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

# कमर्शियल एलपीजी गैस के नए रेट को लेकर उपभोक्ता मे चर्चा

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** कमर्शियल गैस टंकी की मूल्य वृद्धि का असर सीधे तौर पर होटल,ढाबा संचालक के ऊपर पड़ता दिखाई दे रहा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की आधिकारिक घोषणा हुई। तो शहर के भोजनालय एवं ढाबा संचालकों का प्रतिक्रिया भी आना शुरू हो गया। सुबह से ही विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर वितरण और नए रेट को लेकर चचाओं का बाजार गर्म रहा।

इस वृद्धि का सीधा असर वाराणसी के स्थानीय खान-पान उद्योग और लघु निर्माण इकाइयों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। इस बढ़ोतरी से होटल,ढाबा एवं छोटे-छोटे दुकानदारों पर असर पड़ेगा। शहर के होटल संचालक एवं ढाबा संचालकों का कहना है कि,गैस टंकी की रेट वृद्धि का असर आम जनता पर पड़ेगा। जो भोजन अब हम 120 प्रति प्लेट उपलब्ध करा रहे हैं जाहिर सी बात है वह हमें 170 करना पड़ेगा।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का निरीक्षण, तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के इंजीनियर से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रामा सेंटर में स्थापित की जाने वाली आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने परिसर में साफ सफाई, सुरक्षा उपायों एवं साइट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्धारित समय में ट्रामा सेंटर तैयार होने से जिले में आपात चिकित्सा को मजबूती मिलेगी और गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

# गेल ने रवींद्रपुरी स्थित होटल पर पीएनजी आपूर्ति शुरू की




**वाराणसी।** कमर्शियल एलपीजी गैस के मूल्य में वृद्धि के घोषणा के बाद एक तरफ होटल और ढाबा संचालक को के ऊपर असर पड़ता दिख रहा है। तो वही गेल इंडिया ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईधन का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में रविंद्रपुरी स्थित 'होटल क्रिस्टल बाउल' में पाइप्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति सफलतापूर्वक आज शुक्रवार को शुरू की गई। आपूर्ति का शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम),गेल द्वारा की गई। इस अवसर पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण नवाज़िश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक, प्रवीण गौतम,मुख्य प्रबंधक (मार्केटिंग) देबाशीष साहू मुख्य रूप से मौजूद रहे। बताया गया कि पूर्व में इस होटल में संचालन हेतु प्रतिमाह लगभग 40 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के पश्चात अब इन सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे उन्हें अन्य क्षेत्रों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकेगा और अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। गेल के अधिकारी ने बताया कि,पीएनजी से जुड़ने के साथ होटल को निरंतर एवं निर्बाध गैस आपूर्ति, उच्च स्तरीय सुरक्षा, परिचालन लागत में कमी तथा पर्यावरण अनुकूल ईंधन जैसे कई महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे। इसके उपयोग से होटल की कार्यप्रणाली अधिक स्वच्छ,सुरक्षित एवं कुशल बनेगी। साथ ही, एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण, परिवहन एवं उससे जुड़े जोखिमों और असुविधाओं से भी मुक्ति मिलेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ मे कार्यक्रम आयोजित किया गया

**अवधनामा संवाददाता**




**फर्रुखाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद मे सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमिकों के हितलाभ वितरण, श्रमिक पंजीयन एवं जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष , जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, व्यापारीगण एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) योजना के अंतर्गत कराएं, जिससे श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी महोदय ने श्रम विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में निर्माण स्थलों पर विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र श्रमिकों को योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विभिन्न उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा आज डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय, फर्रुखाबाद में संचालित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य, उपचार एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने एन0आर0सी0 वार्ड में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों को समय से आयरन सिरप उपलब्ध कराया जाए एवं नियमित रूप से उनका हीमोग्लोबिन परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड का तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के मध्य बनाए रखा जाए।

# दुकान संचालक की बहादुरी से लूट की कोशिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** थाना गोला क्षेत्र के अंतर्गत स्थित देवाश स्वर्ण कला केन्द्र में 27 अप्रैल को हुई लूट की कोशिश को दुकान संचालक की सूझबूझ और साहस ने विफल कर दिया। दुकान का संचालन पिता-पुत्री द्वारा किया जाता है। घटना के दिन दो अज्ञात युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और चांदी की अंगूठी खरीदने का बहाना करने लगे।

जैसे ही अमृता वर्मा उन्हें अंगूठी दिखाने लगीं, उसी दौरान दोनों युवकों ने मौके का फायदा उठाते हुए पास में रखा झाली का पुड़िया उठाया और भागने का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना के बावजूद अमृता वर्मा ने घबराने के बजाय अदम्य साहस, धैर्य और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने चोरों का डटकर सामना किया और स्थिति को संभालने की कोशिश की, जिससे घटना और बड़ी नहीं हो सकी।

घटना की सूचना मिलते ही गोरखपुर पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 36 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस तेज और प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने अमृता वर्मा के साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बहादुरी न सिर्फ समाज के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि अपराधियों के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी देती है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर भाजपाईयों ने किया भगवान बुद्ध को नमन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के लिए हमें उनके सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के कमजोर वर्गों की सेवा कर बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता को सत्य, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश दिया, जो आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में उनके उपदेशों को आत्मसात कर एक समरस और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन आत्मचिंतन और सदाचार अपनाने का संदेश देता है। मौके पर अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, अशोक कसौंधन, हरभजन गौड, अमल गुप्ता , तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, सुशील मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंजनी मौर्य ने की देहदान की घोषणा, कहा,-मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता 52 वर्षीय अंजनी कुमार मौर्य ने संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन के अवसर पर एक सराहनीय पहल करते हुए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में देहदान की घोषणा की। उनके इस निर्णय को सामाजिक सरोकार और मानव सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जा रहा है। इस अवसर पर अंजनी कुमार मौर्य ने कहा कि जीवनभर उनका शरीर समाज और जरूरतमंद लोगों के काम आता रहा है और आगे भी यह मानवता की सेवा में लगा रहे, यही उनकी भावना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में शोध और मेडिकल छात्रों के अध्ययन के लिए देहदान एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे भविष्य में बेहतर चिकित्सक तैयार होंगे और समाज को इसका लाभ मिलेगा।उन्होंने आगे कहा कि परोपकार की भावना को जीवित रखने के लिए यह कदम उठाया गया है और इस निर्णय से उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे ऐसे नेक कार्यों के लिए आगे आएं, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिले।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अंजनी मौर्य के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष का गोसाईगंज में जोरदार स्वागत, सरकार पर साधा निशाना

**गोसाईगंज-अयोध्या।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का गोसाईगंज क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सुल्तानपुर व अंबेडकर नगर होते हुए पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का राम महर स्थित पेट्रोल पंप पर सियाराम, मोहम्मद वैस अंसारी, विंदेश्वरी यादव सहित कई नेताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए 2027 में पीडीए सरकार बनने का दावा किया।

## आंधी-तूफान से जनहानि, 1300 बिजली पोल क्षतिग्रस्त; राहत व बहाली में जुटा प्रशासन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में 29 व 30 अप्रैल को आए तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है। इस प्राकृतिक आपदा में कुल 7 लोगों की मौत हो गई, जिनमें सोहावल में एक और बीकापुर क्षेत्र में छह लोगों की जान गई। जिला प्रशासन ने दिवंगतों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।तेज हवाओं और तूफान के कारण विद्युत व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनपद में करीब 1300 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर विद्युत विभाग की टीमें युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटी हैं। क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने और आपूर्ति बहाल करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## गन्ना सर्वेक्षण नीति 2026: रौजागाँव चीनी मिल में सर्वेक्षण कर्मियों का गहन प्रशिक्षण संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली (अयोध्या)।** उत्तर प्रदेश सरकार की गन्ना सर्वेक्षण नीति 2026 के सफल कार्यान्वयन हेतु गुरुवार को बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड,यूनिट-रौजागाँव में एक दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अयोध्या की तीनों समितियों के सचिव, गन्ना विकास निरीक्षक, चीनी मिल के प्रक्षेत्र अधिकारी और समस्त सर्वेक्षण कार्मिकों ने भाग लिया।

01 मई से प्रारंभ होने वाले ग्रामवार सर्वेक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी (अयोध्या), श्री राजेश्वर यादव ने बताया कि आगामी पेराई सत्र 2026-27 के लिए ग्रामवार गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कल, 01 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि शुद्ध और सटीक सर्वेक्षण ही आगामी सत्र की सुगमता, सटीक उत्पादन अनुमान और किसानों की खुशहाली का आधार है। उन्होंने सभी सर्वेक्षकों से समयबद्ध और त्रुटिहीन डेटा संकलन की अपील की। जीपीएस तकनीक से होगा डिजिटल सर्वे चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक, श्री दिनेश कुमार सिंह ने सर्वेक्षण की बारीकियों पर विश्लेषणात्मक जानकारी देते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया। आधुनिक तकनीक के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए आई.टी. हेड श्री अरुण ओझा ने जीपीएस (त्रक्क) प्रणाली के माध्यम से डिजिटल गन्ना सर्वेक्षण की व्यावहारिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया, ताकि प्रत्येक खेत का सटीक मानचित्रण सुनिश्चित किया जा सके। वही सुविधा और सुरक्षा का ध्यान भीषण गर्मी को देखते हुए विभाग और मिल प्रबंधन द्वारा सर्वेक्षकों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। प्रशिक्षण के दौरान सभी फील्ड कर्मियों को लू और गर्मी से बचाव हेतु ग्लूकोज, सफेद सूती गमछा और पानी की बोतलें वितरित की गईं।

कार्यक्रम के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (रौजागाँव) श्री कपिल कुमार दीक्षित और सचिव (गनौली) श्री अनिल कुमार ने सर्वेक्षण कार्य को सहजता और कुशलता से पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। अंत में, मुख्य गन्ना प्रबंधक श्री दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गन्ना विकास परिषद, सहकारी समितियों और चीनी मिल के समस्त वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंकारीपुर में गौतम बुद्ध जयंती पर भव्य आयोजन, मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर गोसाईगंज के ग्राम अंकारीपुर में राम निहाल निषाद द्वारा गौतम बुद्ध जयंती के अवसर पर अपने आवासीय प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान गौतम बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस वर्ष उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में बाबू गया प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक कृष्ण चन्द्र मौर्य, ए.आर. अकादमी के प्रबंधक राजेश पटेल सपा नेता सियाराम निषाद, गंगा राम कनौजिया, जयप्रकाश विश्वकर्मा, समाज सेविका रेखा पटेल, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने वाला रहा।

## ब्लड मैन' डॉ.आशीष पाण्डेय दीपू के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर, सैकड़ों युवाओं ने किया रक्तदान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में 'चलते-फिरते ब्लड बैंक' और 'ब्लड मैन' के नाम से पहचान बना चुके डॉ. आशीष पांडेय 'दीपू' के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को रीडगंज स्थित कोहिनूर पैलेस होटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय रहे। उन्होंने डॉ.आशीष पाण्डेय दीपू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की।इस अवसर पर सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, शिक्षाविदों और नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। शिविर में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। डॉ. आशीष पांडेय 'दीपू' स्वयं 51 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और जरूरतमंदों को 24 घंटे रक्त उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी समर्पण के चलते उन्हें 'ब्लड मैन' की उपाधि मिली है। वह 'संकल्प संस्थान' के माध्यम से निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। वह अयोध्या के पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय के पुत्र हैं।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मीडिया से बातचीत में विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार को घेरा। पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि नतीजों से पहले केवल संभावनाएं ही जताई जा सकती हैं, लेकिन ममता बनर्जी की सरकार बनने की प्रबल संभावना है।आईपीएस अजय पाल शर्मा पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने उन्हें ÷एनकाउंटर स्पेशलिस्ट÷ बताते हुए भाजपा का करीबी करार दिया और कहा कि समय आने पर सब स्पष्ट हो जाएगा। त्वरित विकास योजना में भेदभाव का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों को 5 करोड़ रुपये, जबकि विपक्षी विधायकों को मात्र 1 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।

## समरसता महाकुंभ का भव्य आयोजन 4 मई को अयोध्या में



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आगामी 4 मई 2026 को क्षत्रिय बोर्डिंग, लालबाग में समरसता महाकुंभ का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समरसता, एकता और सांस्कृतिक जागरण को मजबूत करना है।प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बताया कि समरसता महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का अभियान है। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में संगठित हुआ जाए।महानगर अध्यक्ष अभय ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में निहित है। इस महाकुंभ के माध्यम से सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया गया है। वहीं, महानगर संगठन मंत्री अभिषेक ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया।विभाग मंत्री धीरेश्वर ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे होंगे। उनके साथ राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कलाकार बाबा श्याम नारायण मौर्य की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए ई-रिक्शा प्रचार वाहन को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया गया है, जो शहर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को आमंत्रित कर रहा है। साथ ही घर-घर अक्षत भेजकर नागरिकों को ससम्मान आमंत्रण दिया जा रहा है।आयोजन को व्यापक स्वरूप देने के लिए गायत्री परिवार, आर्य समाज एवं अभिनव भारत न्यास सहित कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं सक्रिय सहयोग कर रही हैं।इस मौके पर जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) बी.के. सिंह, महानगर मंत्री अखिलेश वर्मा, सह मंत्री अभिनव सिंह राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक गतिविधियां आयोजित होंगी, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं और युवाओं के शामिल होने की संभावना है।

## प्रयोगात्मक अंक विवाद- छात्रा के आरोप पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के आजाद इंटर कॉलेज, पलिया जगमोहन सिंह कुचेरा में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम को लेकर एक बहुचर्चित मामला सामने आया है। हाईस्कूल की एक छात्रा ने कॉलेज के प्रधानाचार्य पर आरोप लगाया है कि साजिश के तहत उसे सभी विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अधिकतम अंक दे दिए गए, जिसके कारण वह बोर्ड परीक्षा 2026 में अनुत्तीर्ण हो गई। पीड़ित छात्रा ने मामले की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस ने तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है और दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## बुद्ध जयंती पर बच्चों को ओआरएस जूस का वितरण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मां शांति सेवा फाउंडेशन, बेनीगंज कार्यालय पर पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक बसन्त राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जबकि अध्यक्ष नेहा कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्थापक बसन्त राम ने बताया कि बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस जूस का वितरण किया गया। साथ ही सभी ने भगवान बुद्ध को नमन किया।अध्यक्ष नेहा कुमारी ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश मानवता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का है, जिसे फाउंडेशन आगे बढ़ा रहा है। इस मौके पर अमित कुमार, काजल प्रजापति, कोमल, आयोनिजा गौतम, सूरज चौधरी व प्रांजलि चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

### श्रमिक दिवस पर हक की आवाज हुई बुलंद, सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नाराज़गी जताते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। धरने के दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि वे वर्षों से कम मानदेय, कार्य का बढ़ता बोझ और सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने, नियमितीकरण, पेंशन व्यवस्था लागू करने, तथा कार्य के अनुरूप उचित पारिश्रमिक देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और कार्यकत्रियों को सामाजिक सुरक्षा देने की भी मांग की गई। धरना स्थल पर कार्यकत्रियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए नारेबाजी की और अपने हक के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष छाया भारती ने कहा कि लंबे समय से लंबित एवं अत्यंत जायज मांगों को लेकर सरकार को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान राजमती, सदरून निशा, सोना प्रजापति, शशिबाला, माधुरी, सुनीता, आयशा, सरोज, ज्ञानमती, संध्या, शोभा, राधिका, मंजू, जाबित्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्री मौजूद रहीं।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 167 जोड़ों का सामूहिक विवाह, 85 हजार की सहायता



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित निर्माण श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही 'कन्या विवाह सहायता योजना' के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपश्रमायुक्त कार्यालय, खपराडीह कोठी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 167 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें 164 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से तथा 3 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलवी द्वारा कराया गया। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर वर्चुअल माध्यम से जुड़े और श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवदंपति को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, साथ ही विवाह आयोजन हेतु प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये व्यय किया गया। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे प्रयास न केवल आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ सामाजिक मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

## सीवर धंसा, लोड ट्रक फंसा: ठेकेदार की लापरवाही से बढ़ा खतरा

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के मकबरा स्थित गणेश नगर इलाके में सीवर पाइपलाइन डालने के कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। जल निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में खोदे गए गड्ढों को मानक के अनुसार भरने के बजाय केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया जा रहा है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। हल्की बारिश के बाद एक लोड ट्रक अचानक सड़क धंसने से सीवर गड्ढे में जा फंसा। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। गड्ढों को ठीक से बंद न करने के कारण बारिश में मिट्टी धंस जाती है और सड़क कमजोर हो जाती है। इससे बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है।निवासियों का कहना है कि पूरे शहर में इसी तरह से सीवर लाइन का काम किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## 24 घंटे में चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

### बलुवही धुस स्थित महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज की दुकान में हुआ चोरी




*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार मय पुलिस टीम ने शुक्रवार तड़के करीब 1•45 बजे एसएस इंटर कॉलेज चिउटहा के पास से दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि पाठक (19) पुत्र हरिशंकर पाठक एवं आदित्य यादव (19) पुत्र संतराज यादव, निवासी ग्राम लोहेपार थाना कोठीभार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक काले रंग का बफर और टाटा वोल्टास का डिजिटल स्टेबलाइजर बरामद किया है। यह मामला बलुवही धुस स्थित महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज की दुकान में हुई चोरी से जुड़ा है। दुकानदार संतोष शर्मा ने 30 अप्रैल को थाना सिंदुरिया में तहरीर देकर बताया था कि 25 अप्रैल की रात अज्ञात चोर दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गए। 29 अप्रैल को सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर घटना की पुष्टि हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## श्रमिक दिवस पर जनसेवा का संकल्प, स्वास्थ्य शिविर आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर शुक्रवार को पकड़ी रेंज वन विश्राम भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन पकड़ी रेंज स्टाफ एवं केएमसी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया।



स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर को लोगों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताई। रेंजर सुशांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर इस प्रकार का आयोजन न केवल श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करता है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। इस मौके पर वन दारोगा विपुल कुमार मिश्रा, वनरक्षक विक्रांत सिंह, वन्यजीव रक्षक शशि चौधरी एवं अन्य वन कर्मीगण उपस्थित रहे। डॉ. देव, डॉ. हेमंत भारद्वाज, डॉ. अमान खान, डॉ. रूपाली यादव आदि उपस्थित रहे।

## लकड़ी के विवाद में मारपीट, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सिंदुरिया(महराजगंज) (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चिउटहा निवासी इश्तयाक ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए दो लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्यवाही के लिए मांग किया। इश्तयाक ने बताया कि उसके भाई मनौवर ने कुछ समय पहले बरवा कला निवासी अब्दुल रज्जाक और बलवंत से लकड़ी खरीदी थी। लकड़ी का भुगतान इश्तयाक के मोबाइल से किया गया था। आरोप है कि जब लकड़ी की मांग की गई तो अब्दुल रज्जाक पैसे मिलने से इनकार करने लगा और लकड़ी देने से मना कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, 30 अप्रैल को अब्दुल रज्जाक ने फोन कर बलुअई धूस स्थित बैंक के पास बुलाया और पैसे वापस करने की बात कही। वहां पहुंचने पर अब्दुल रज्जाक और बलवंत ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे इश्तयाक का सिर फट गया और दाहिने पैर में भी चोट आई।

## ब्राह्मण पुत्री से दुर्व्यवहार पर चाणक्य परिषद आक्रोशित, कार्रवाई की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में एक छात्रा के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले को लेकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रशासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

परिषद के पदाधिकारियों का आरोप है कि पलिया जगमोहन सिंह कुचेरा स्थित एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर ब्राह्मण समाज की छात्रा के साथ अमर्यादित व्यवहार करने तथा शिकायत करने पर उसे धमकाने का आरोप है। साथ ही छात्रा को हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा में जानबूझकर कम अंक देकर फेल कराने की भी बात कही गई है।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक व श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कृपा निधान तिवारी ने जिलाधिकारी से मिलकर मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में असंतोष पैदा कर रही हैं और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर छात्रा का परिणाम सही नहीं किया गया और मामले में जांच कर एफआईआर दर्ज नहीं हुई, तो संगठन सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करेगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।ज्ञापन में संबंधित प्रधानाचार्य के खिलाफ जांच कर एफआईआर दर्ज करने, मान्यता रद्द करने तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग दोहराई गई है।

# राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने की विभागीय कार्यो की समीक्षा

**भारत को 2047 तक विकसित बनाना है तो सभी लोग मिलकर कार्य करें**



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता एवं विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को रेस्ट हाउस, लोक निर्माण विभाग में विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर पिछड़ा जनपद है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है। आप लोग अपनी तैयारी पूर्ण रखे। ग्राम चौपाल में सभी अधिकारी अवश्य जाये तथा लोगो की समस्याओं का समाधान करें। प्रधानमंत्री आवास तथा मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का चयन कर उन्हे लाभ दिलाये। सभी ग्राम सचिव अपने क्लस्टर में रहे। गांव में जाये और काम करें। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है तो सभी लोग मिलकर कार्य करें। गांव के लोगो का समुचित विकास हो। सभी खण्ड विकास अधिकारी गांवों का निरीक्षण करे तथा जो भी अधूरे कार्य है उन्हें पूर्ण करायें।

गांवों में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक होना चाहिए। बीबीजी राम राम जी का प्रचार प्रसार कराये। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहायता करें। अमृत सरोवर की साफ-सफाई कराये तथा जहां पर पानी कम है वहां पर पानी भरवाने का भी निर्देश दिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग शैलेन्द्र चौधरी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देश की आधी आबादी के साथ विरोधी दलों ने किया है विश्वासघात : मंत्री

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष दीपक मौर्या की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम राज्य मंत्री ग्राम विकास विभाग ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोधकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है और अपने महिला-विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि नीति -निर्माण में महिलाओं को भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने हेतु भारतीय जनता पार्टी महिला विरोधी ताकतों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों द्वारा दशकों तक महिलाओं को संसद और विधानसभाओं से दूर रखने की साजिश की। कांग्रेस और उनके सहयोगियों को डर है कि यदि महिलाओं को उनके ऐतिहासिक अधिकार मिल गए तो उनकी बच्ची खुशी राजनीतिक जमीन भी खिसक जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार महिलाओं के अधिकारों के लिए इन महिला विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ेगी ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। इस अवसर पर नारी शक्ति बंदन अभियान के प्रमुख संयोजक आशीष शुक्ला महामंत्री फतेह बहादुर सिंह पवन मिश्रा फूलचंद जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी डॉ सीमा मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल, जिला महामंत्री महिला मोर्चा अनुपमा सिंह दूबे, सरोज शुक्ला, पूनम जायसवाल विनीता चतुर्वेदी, प्रतिमा वर्मा आदि की उपस्थिति रहीं।

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर पौधशाला बारा के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

**महोबा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सोमवार को पौधशाला बारा के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने लोक गीत के माध्यम से वृक्षों के महत्व बताया। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों से अधिक से अधिक पौधों को लगवाए जाने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय वनाधिकारी ने कहा कि मजदूर दिवस की औपचारिक घोषणा 1889 में पेरिस में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंसश में 1 मई को की गई थी, लेकिन भारत में पहली बार यह दिवस 1 मई 1923 को चेन्नई (मद्रास) में मनाया गया था। इस दिवस में मुख्य उद्देश्य श्रमिकों की उपलब्धियों, उनके मेहनत और समाज व राष्ट्र के विकास में उनके योगदान का सम्मान करना है। इस मौके पर श्रमिकों को पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया साथ ही कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

## जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने किया प्रशिक्षण वर्ग व प्रदर्शनी का उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्राक्षिक्षण महाभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शोहरतगढ़ विधान सभा के चिल्हिया मंडल में जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या के द्वारा प्रशिक्षण वर्ग व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के वर्ग प्रभारी विपिन सिंह रहे मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ बाबा, पिछडे मोर्चे के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी, पूर्व महामंत्री विपिन सिंह जिला मीडिया प्रभारी रमेश मणि ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामसेवक चौहान ने किया।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी, जिला महामंत्री फतेबहादुर सिंह, आशनारायण सिंह मुकेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, कैलाश पांडे, जिला सह मीडिया प्रभात तिवारी सहित मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में गई जान गिरफ्तारी की मांग

**सदर एस डीएम व सीओ के समझाने पर शव को किया गया दफन**



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के धरनिहवा टोला कोल्हुआ मे जमीनी विवाद में 24 अप्रैल को दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल एक युवक की इलाज के दौरान बुधवार देर रात मौत हो गई । मृतक संदीप यादव के चाचा ने 24 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मैं अपने भतीजे संदीप को बाइक से लेकर घर आ रहा था। उसी दौरान गांव के बाहर कुछ दबंगों द्वारा भतीजे को मारते पीटते हुए घर में लाकर मारे पीटे और घर के अंदर ले जाकर रस्सी से हाथ पैर बांध दिया गया और बुरी तरह मारा पिटा गया । घटना सुनकर मौके पर पहुंची भाभी को भी भद्दी भद्दी गाली देने लगे और ईट से भतीजे और भाभी को मारने लगे । 24 अप्रैल को तहरीर देने पर लोटन पुलिस ने 8 नामजद व 5 अज्ञात कुल 13 लोगों के खिलाफ शांति भंग में मुकदम्मा दर्ज किया था। गुरुवार को धरने के बाद परिजन के द्वारा पुनः तहरीर देने पर लोटन पुलिस ने कुछ और नामो पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

अंदरूनी चोट लगने के कारण संदीप की हालत बुधवार को अचानक खराब होने लगा । अचानक तबियत ज्यादा खराब होने लगी तो परिजन संदीप को इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। अभी बाराबंकी पहुंचे ही थे कि बुधवार देर रात मौत हो गई। मौत होने से क्षेत्र में कोहराम मच गया।पीडित परिवार को एस डी एम कल्याण सिंह मौर्य व सीओ सदर समझाकर शव को दफन कराया । गाव मे भारी पुलिस बल सुरक्षा को लेकर तैनात रही।शव घर से चार बजे मोतीयापुर घाट पर ले गये और दफन कर दिया गया। परिजनो ने बताया की अपराधियों की गिरफ्तारी नही हुई तो बडा अंदोलन होगा।इस दौरान सपा के लोकसभा प्रत्याशी कुशल तिवारी विजय पासवान,सोनू यादव, जोखन चौधरी, रिंधू पासवान,भाजपा नेता चिनकू यादव,पीडित के घर पहुचे ग्राम कोलहुआ छावनी में तब्दील रहा।थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने कहा कि गिरफ्तार करने के लिए दबिश डाला जा रहा है।

## वांछित हत्याभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** थाना धानेपुर पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-129/2026, धारा 191(2), 191(3), 115(2), 109(1), 103(1) बीएनएस से संबंधित आरोपी ध्रुप नारायण दूबे पुत्र रमाकांत को बग्गी रोड नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 25 अप्रैल 2026 को वादी संजय दूबे एडवोकेट, निवासी रुद्रगढ़ नौसी (अलफनगर) ने थाना धानेपुर में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी रामनरायन, रामनेवास, शिवकुमार, मोहित, पुत्ती लाल, अखिलेश कुमार सहित अन्य व्यक्तियों ने वादी, उसके पिता देवनरायन और माता कांती देवी पर लाठी-डंडों व लोहे की वस्तुओं से जानलेवा हमला किया। इस हमले में वादी के पिता देवनरायन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।इसी क्रम में शुक्रवार को थाना धानेपुर पुलिस ने घटना में शामिल अभियुक्त ध्रुप नारायण दूबे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

# मजदूर दिवस पर छात्र-छात्राओं और श्रमिकों का हुआ सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जनपद में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं एवं श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में अध्ययनरत एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को उनके योगदान के लिए सराहा गया।जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित कर मनरेगा श्रमिकों को फूल-माला, अंग वस्त्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। खंड विकास अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्रमिकों के परिश्रम और समर्पण की सराहना की गई। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा श्रमिक ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। उनके निरंतर प्रयासों से सड़कों, तालाबों, जल संरक्षण सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास संभव हो रहा है। साथ ही श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनसे अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल गोण्डा अनुभव वर्मा, सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास, उपायुक्त उद्योग केंद्र श्री बाबूराम यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी, व्यापार मंडल प्रतिनिधि एवं श्रमिक उपस्थित रहे। यह आयोजन श्रमिकों के सम्मान एवं उनके मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र ने किया एस आर एलईडी वर्ल्ड ऑफिस का उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी-बस्ती मार्ग पर स्थित माधव पार्क के समीप एस आर 'एलईडी वर्ल्ड' के कार्यालय का भव्य शुभारंभ सुन्दरकांड पाठ से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी रहे, जिन्होंने एक अनूठी और सकारात्मक पहल करते हुए फीता काटने के बजाय उसे 'खोलकर' कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा 'प्रायः देखा जाता है कि लोग प्रतिष्ठानों का उद्घाटन फीता काटकर करते हैं, लेकिन यहाँ फीता खोलकर शुभारंभ किया गया है। यह समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत 'काटने' से नहीं, बल्कि 'खोलने' या जोड़ने से होनी चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, राजनीतिज्ञ और व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजक रितेश तिवारी (प्रोपराइटर, एलईडी वर्ल्ड) एवं अमय पांडे युवा समाजसेवी, शिवकुमार दुवे, भाजपा नेता मंगल प्रसाद चौरसिया, घनश्याम जायसवाल, अनूप अग्रहरि, अनिल। दिलीप चौरसिया, सन्नी दुबे, दिवाकर उपाध्याय, पुनीत पाठक समेत तमाम व्यापारी और क्षेत्रवासी का रितेश तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## युवक पर हमले से सिर पर लगी चोट पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मुरवाह निवासी किशन यादव (पुत्र स्व. राम चरित्र यादव) ने कोतवाली जलालपुर में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान गौरा कमाल क्षेत्र के निवासी मुलायम यादव (पुत्र लल्लू यादव), लारपुर दक्षिण पूरवा तथा ग्राम दसेरा थाना सम्मनपुर निवासी अनूप यादव (पुत्र त्रिभुवन यादव) कुछ अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे और उन्हें रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनकी मोटरसाइकिल की चाबी भी छीन ली गई। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने तत्काल डायल 112 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची।

# स्व अनिरुद्ध सिंह परिवार की स्मृति में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन व मुशायरा

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** डॉ. के. एन. एस. मेमोरियल हॉस्पिटल की ओर से स्वर्गीय श्री अनिरुद्ध सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल 2026, बुधवार, सायं 8 बजे से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नरेंद्र देव इंटर कॉलेज परिसर, जलालपुर (अंबेडकर नगर) में संपन्न हुआ।

यह आयोजन स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह के सम्मान में आयोजित किया गया, जो पूर्व में नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, जलालपुर के प्रधानाचार्य तथा उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड, अंबेडकर नगर के शाखा अध्यक्ष के पद पर रह चुके थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता/आयोजन की अगुवाई डॉ. मधुलिका सिंह (सुपुत्री), अध्यक्ष - डॉ. के. एन. एस. मेमोरियल अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/बाराबंकी/अंबेडकर नगर द्वारा की गई।

इस साहित्यिक संध्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध कवियों एवं शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख रूप से शामिल कवियों में –शबीना अदीब, जौहर कानपुरी, स्वयं श्रीवास्तव, उन्नाव, अज़्म शाकरी गैबी, जौनपुरी,अभय सिंह निर्भीक, ओजस्वी कवि डा- हरि प्रकाश, सौरभ त्रिपाठी, सादिया इक़रा, प्रतापगढ़ी, संतोष कुमार सिंह, पीसीएस, इन्साफ टान्डवी, मशहद जलालपुरी, डा. हसन सईद, अदब शाला, अहमद अयाज़, जलालपुरी, तनवीर जलालपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अदब शाला अनवर जलालपुरी के अध्यक्ष डॉक्टर हसन सईद ने कहा -

जो भी साइंस यहाँ आप से पढ़ कर निकले, वक़्त के अपने वही लोग सिकंदर निकले , इल्म व हिक्मत के थे परिवार सर ऐसे दरिया, जिसके बहते हुए धारों से समन्दर निकले।

इस पंक्ति को सुन कर लोगों ने बहुत देर तक तालियां बजा कर मुशायरे को कामयाब कर दिया

कवियों ने हास्य, श्रृंगार, वीर एवं सामाजिक विषयों पर आधारित कविताओं और ग़ज़लों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मुशायरा एवं कवि सम्मेलन भारतीय साहित्यिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां कवि और शायर अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज, संस्कृति और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, साहित्य प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने दिया शांति और समानता का संदेश



**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपनी बात रखते हुए जनपद की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का यह पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प है। सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध की क्रीड़ास्थली (कपिलवस्तु) होने के नाते पूरी दुनिया के लिए शांति का केंद्र है। जिला अध्यक्ष होने के नाते मेरा यह मानना है कि हमें बुद्ध के विचारों को न केवल मनाना चाहिए, बल्कि उन्हें आचरण में उतारना चाहिए, ताकि समाज में समानता और भाईचारा बना रहे। सिद्धार्थनगर का भगवान बुद्ध से सीधा जुड़ाव होने के कारण यहाँ इस पर्व की महत्ता और भी बढ़ जाती है। बुद्ध का 'बहुजन सुखाय, बहुजन हिताय' का संदेश समाजवादी विचारधारा के भी करीब है, जो समाज के हर वर्ग के उत्थान की बात करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे महापुरुषों के सिद्धांतों को समझें और जाति-पाति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।अंत में लालजी यादव ने समस्त जनपद वासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश व राहुल का फूंका पुतला



**टांडा (अंबेडकरनगर)।** टांडा नगर के चौक स्थित भाजपा कार्यालय से महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष लता श्रीवास्तव के नेतृत्व में वृहस्पतिवार को जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध जताया। पदयात्रा टांडा चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मछलियां पुल तक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल ने कहा कि 'यह पदयात्रा जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए निकाली गई है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बावजूद विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है, जिसे जनता अब समझ चुकी है। आने वाले समय में जनता ऐसे लोगों को करारा जवाब देगी। ' कार्यक्रम में तेजस्वी जायसवाल, घिसयावन मौर्य, रमेश गुप्ता, राकेश गौड़, प्रिस राय,दीपक केडिया, शंकर गुप्ता, राकेश गौड ,रिशु सोनी ,रिदम खन्ना ,सदीप माझी,जयपाल मौर्य ,हीरोज अहमद ,अनूप गुप्ता ,दीपक कनौजिया ,अशीष सोनी,अशोक विश्व कर्मा,अनूप गुप्ता ,सुमन गुप्ता, सोनम, भावना चौरसिया समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में धूमधाम से मनाया गया अंतराष्ट्रीय मज़दूर दिवस डीएम ने किया श्रमिकों को सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एनटीपीसी टांडा परिसर में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश की प्रगति के असली नायक कहे जाने वाले श्रमिकों को इस मौके पर विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने दीप प्रज्वलन करके किया। दीप प्रज्वलन के बाद उन्होंने श्रमिकों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 'देश के विकास की नींव मजदूरों के परिश्रम और पसीने पर ही टिकी हुई है।' उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने की दिशा में सभी की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

कार्यक्रम में निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिसमे मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला,,सहायक श्रमायुक्त राज बहादुर यादव,उपायुक्त उद्योग हरि प्रताप मौर्य,सहायक आयुक्त उद्योग अजय कुमार शर्मा,अल्ट्राटेक के मानव संसाधन प्रमुख करुणा करण तिवारी,एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा, महाप्रबंधक (सतर्कता) सुभाष चंद्र सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश खेतान,उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनुराग सिन्हा सभी अतिथियों ने श्रमिकों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके हितों, सुरक्षा तथा सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।पूरे कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी टांडा परिसर में उत्साह, गर्व और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिला। श्रमिकों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

**जिलाधिकारी का विशेष संदेश :** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र का हर पहिया मजदूरों की मेहनत से घूमता है। उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों से अपील की कि वे श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समय पर मजदूरी व गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करें। यह कार्यक्रम श्रमिकों के प्रति एनटीपीसी प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है। एनटीपीसी प्रबंधन ने श्रमिकों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी।

## श्रावस्ती में 8 मई को 'संध्या संवाद कार्यक्रम'

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल 8 मई (शुक्रवार) को श्रावस्ती में 'संध्या संवाद कार्यक्रम' आयोजित करेंगी। इस दौरान पूरे दिन जनसमस्याओं के समाधान, विकास कार्यों की जांच और सरकारी योजनाओं का लाभ वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई होगी, जिसमें आम लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी। इसके बाद 12 से 1 बजे तक कर्मचारियों, पेंशनरों और वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक निर्माणाधीन और पूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं शाम 5 से 7 बजे तक चयनित ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान गांव में शिविर लगाकर पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा और प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके पर सभी जरूरी अभिलेखों के साथ मौजूद रहें। यह कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

## दो माह में बन जाएगी जिला जेल बाईपास फोरलेन सड़क



**369 करोड़ की लागत से हो रहा साढ़े आठ किमी लंबी सड़क का निर्माण**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** रोड कनेक्टिविटी की सुदृढ़ता और यातायात सुगमता के लिहाज से गोरखपुर के खाते में जल्द ही एक और उपलब्ध दर्द होने वाली है। साढ़े आठ किमी की लंबाई वाली जिला जेल बाईपास फोरलेन सड़क अगले दो माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसका निर्माण अब अतिम चरण में है। 369.04 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फोरलेन सड़क के बन जाने से शहर के यातायात ढांचे में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

जिला जेल बाईपास के फोरलेन में परिवर्तित हो जाने से शहर के पूर्वी वाह्य हिस्से से महराजगंज और पिपराइच मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिल जाएगी। फोरलेन बाईपास के जरिये वाहन तेजी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे, जिससे ईंधन और समय दोनों की बचत होगी। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-तीन के अनुसार जिला जेल बाईपास फोरलेन निर्माण की अब तक कि भौतिक प्रगति 97 प्रतिशत है। मुख्य सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जल निकासी और फिनिशिंग से जुड़े कुछ कार्य हैं जिन्हें तेजी से कराया जा रहा है। 30 जून तक हर हाल में कार्य समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि मानसून की शुरुआत से पहले इसे आवागमन के लिए पूरी तरह खोल दिया जाए।

## अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना नवाबगंज पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 30 अप्रैल 2026 को उ0नि0 उमेश सिंह मय पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बा कोल्हमपुर स्थित चौहान ढाबा पर दबिश दी गई। मौके पर एक संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद देशी तमंचा .315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम रोहित कुमार पुत्र रामू, निवासी चौकीदार पुरवा रामापुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा बताया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

## तेल खरीद का खुला रास्ता

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस से अलगाव की घोषणा की है, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति का एक और निश्चित मार्ग खुल गया है। यदि 1 मई को यूएई ओपेक से अलग हो जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में प्रतिस्पर्द्धा की नई शुरुआत होगी, नतीजतन तेल की कीमतें भी गिरेंगी। ओपेक तेल उत्पादक और निर्यातक देशों का संगठन है। फिलहाल सऊदी अरब उसका नेतृत्व कर रहा है। करीब 59 साल उसका हिस्सा बने रहने के बाद यूएई ने अलग होने का फैसला किया है। उसके कई कारण हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर ईरान की नाकेबंदी ने खासकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका के देशों में गंभीर ऊर्जा-संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में यूएई का फैसला कमोबेश भारत के लिए वरदान-सा है। फिलहाल भारत करीब 140 अरब डॉलर का तेल सालाना खरीदता है। यदि तेल के दाम 1 डॉलर कम होते हैं, तो भारत का आयात बिल 10,000 करोड़ रुपए कम हो जाता है। यूएई के फैसले पर अमल किया जाता है, तो भारत सालाना 50,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए तक की बचत कर सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यूएई स्वतंत्र रूप से, तेल की कितनी भी मात्रा, भारत को निर्यात कर सकेगा और वह आपूर्ति निर्बाध भी होगी, क्योंकि रास्ता होर्मुज से अलग होगा। भारत अभी सबसे अधिक 15.7 लाख बैरल तेल हररोज रूस से खरीद रहा है। हमारी तेल की जरूरतों में यह रूस की 38 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है। सऊदी अरब से औसतन 6.22 लाख बैरल कच्चा तेल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 4.35 लाख बैरल तेल हररोज खरीदा जा रहा है। भारत इतना विशाल देश है और उसकी आबादी 147 करोड़ से अधिक, विश्व में सर्वाधिक, है, लिहाजा हमारी तेल-जरूरतें भी व्यापक हैं। रूस, सऊदी, यूएई के अलावा, भारत को अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, कनाडा आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है।

भारत 35-50 फीसदी तेल होर्मुज के रास्ते आयात करता रहा है। करीब 42 फीसदी एलएनजी और 88 फीसदी एलपीजी का आयात भी होर्मुज के रास्ते ही होता रहा है। ईरान युद्ध के बावजूद होर्मुज के रास्ते करीब 40 लाख बैरल ईरानी तेल और अन्य टैंकर भारत पहुंचे हैं। भारत को निरंतर और निर्बाध तेल के आयात की जरूरत है, लिहाजा यूएई ओपेक से अलगाव के बाद जैसे ही अपनी तेल-नीति तय करती है, तो उसमें भारत जैसे 'रणनीतिक साझेदार' देश के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भुगतान की शर्तें भी लचीली हो सकती हैं और खरीद भारतीय मुद्रा 'रुपए' में हो सकती है। ईरान युद्ध के दौरान जब यूएई के तेल ठिकानों और रिफाइनरियों पर हमले किए गए और होर्मुज बंद किए जाने से सप्लाई चेन बाधित हुई, तो उस दौर में ओपेक यूएई के लिए 'सुरक्षा-कवच' साबित नहीं हो पाया। सऊदी के साथ तीखी बहसें जारी रहीं, क्योंकि यूएई अपना कोटा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था और सऊदी उसे खारिज करता रहा था। ओपेक में रहते हुए यूएई अपनी क्षमता का 60-65 फीसदी ही तेल बेच पा रहा था। उत्पादन काफी था और भंडारण सीमित था। अब अलगाव के बाद यूएई अधिक तेल बेच पाएगा और ज्यादा कमाई कर मुनाफा भी हासिल कर सकेगा। भारत के लिए यह शुभ और सीधा-सपाट रास्ता है, क्योंकि अब अबू धाबी क्रूड ऑयल पाइपलाइन से होते हुए सीधा फुजैरा बंदरगाह तक पहुंचेगा। फुजैरा ओमान खाड़ी के तट पर है। वहां से तेल टैंकर सीधे अरब सागर में जाएंगे। होर्मुज पार करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहां से भारत के पश्चिमी तट की बंदरगाह बहुत दूर नहीं है। यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति के लिए भी सकारात्मक संकेत है। दरअसल ओपेक एक 'कार्टेल' है, जो तेल की सप्लाई घटा कर कीमतें ज्यादा रखता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समय से इसकी आलोचना करते रहे हैं। उनका आरोप है कि ओपेक तेल महंगा कर दुनिया को लूट रहा है। अब यूएई के इससे अलग होने के बाद तेल की कीमतें 5-10 डॉलर प्रति बैरल कम भी हो सकती हैं। यूएई से आपूर्ति बढने् पर भारत के विकल्प भी बढ़ सकते हैं और वह किसी भी स्थिति में, किसी एक देश, के दबाव में नहीं रहेगा। बहरहाल, तेल की कीमतें बढने् पर अन्य वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं।

## हँसी केवल इंसान को ही मिली: ज़रा हँस लें, हा...

विश्व हास्य दिवस प्रतिवर्ष मई माह की 3 तारीख को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस का प्रथम आयोजन 11 जनवरी 1998 को मुंबई में किया गया था। विश्व हास्य योग आंदोलन की स्थापना का श्रेय भारतीय चिकित्सक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। हास्य योग के अनुसार, हँसी एक सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जो व्यक्ति को ऊर्जावान बनाती है और संसार को शांतिपूर्ण बनाने के सभी तत्व अपने भीतर समेटे होती है। विश्व हास्य दिवस का उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना तथा मानव मात्र में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाना है।



सुरेश सिंह बैस

आज हास्य योग आंदोलन के माध्यम से इस दिवस की लोकप्रियता पूरे विश्व में फैल चुकी है। हँसना या हास्यपूर्ण जीवन जीना स्वास्थ्य और सुखद जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। यही कारण है कि आज विश्वभर में हजारों हास्य क्लब सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न शहरों में रैलियाँ, गोष्ठियाँ और सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। वर्तमान समय में जब विश्व आतंकवाद और युद्धों–जैसे रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-फिलिस्तीन विवाद के बाद संभावित तनाव–के कारण भय और अस्थिरता से घिरा हुआ है, तब 'विश्व हास्य दिवस' की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। ऐसा प्रतीत होता है मानो आज हर व्यक्ति के भीतर एक अदृश्य तनाव का कोलाहल है। ऐसे नकारात्मक वातावरण में हँसी ही वह शक्ति है, जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हास्य योग के अनुसार, हँसी व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित कर उसमें सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करती है। जब लोग समूह में हँसते हैं, तो यह ऊर्जा पूरे वातावरण में फैलती है और नकारात्मकता को दूर करती है। जीवन में हमारे पास दो विकल्प होते हैं–एक, गंभीर और बोझिल वातावरण में रहना; दूसरा, ज़िंदादिल और प्रसन्नचित लोगों के साथ रहना। स्वाभाविक रूप से अधिकांश लोग दूसरा विकल्प ही चुनते हैं। जैसा कि कहा गया है– 'ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं। 'उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रेलवे स्टेशन पर लिखा एक वाक्य – 'मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं '–यात्रियों के चेहरे पर तुरंत मुस्कान ला देता है। यह वाक्य उस शहर की जीवंतता और सकारात्मकता का प्रतीक है। हँसना एक विशिष्ट मानवीय गुण है। सृष्टि में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जिसे ईश्वर ने हँसने का वरदान दिया है। इसलिए हमें इस अनमोल उपहार का पूरा उपयोग करना चाहिए। हँसी के अनेक लाभ हैं- यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है। हँसने से शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है और दूषित वायु बाहर निकलती है। डायफ्राम की सक्रियता से पेट, फेफड़े और यकृत की मालिश होती है। रक्त संचार तीव्र होता है और पाचन तंत्र बेहतर कार्य करता है। हार्मोन संतुलन (एंडोक्राइन सिस्टम) सुधरता है। मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि अधिक हँसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। जापान जैसे देशों में बच्चों को बचपन से ही हँसमुख रहने की शिक्षा दी जाती है। आज के तनावपूर्ण जीवन में जब उच्च रक्तचाप, मधुमेह, माइग्रेन, अवसाद जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं, तब हँसी एक प्राकृतिक औषधि के रूप में सामने आती है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है, जो जाति, धर्म, रंग और लिंग से परे जाकर मानवता को जोड़ने की क्षमता रखती है।

'हँसी जीवन का प्रभात है,  
यह शीत ऋतु की मधुर धूप है,  
ग्रीष्म की तपती दोपहरी  
में सघन राहती छाया है।  
संध्या की थकी घड़ियों  
में सुकून भरी मृदुल माया है।। '

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों, दूध और समुद्री उत्पादों के सबसे बड़े उत्पादक देशों में से एक है। दशकों तक, हमारे कृषि संबंधी सामर्थ्य ने देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। फिर भी, इस उपज का एक बड़ा हिस्सा पारंपरिक रूप से बेहद ही सीमित मूल्यवर्धन के साथ सीधे खेत से बाजार तक पहुंचता रहा। आज भारत के कृषि उत्पादन का महज 12-13 प्रतिशत हिस्सा ही प्रसंस्करण से गुजरता है। उत्पादन और प्रसंस्करण के बीच का यही अंतर भारतीय अर्थव्यवस्था में उपलब्ध सबसे बड़े अवसरों में से एक है।**

# खाद्यान्नों से जुड़ी भारत की कहानी में एक निर्णायक मोड़

भारत आज अपने आर्थिक सफर के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। अब जबकि हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की दिशा में अग्रसर है, विकास को सिर्फ उत्पादन की मात्रा से ही नहीं, बल्कि हमारे द्वारा सृजित मूल्य के आधार पर भी मापना होगा। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की तुलना में बहुत कम क्षेत्र ही ऐसे हैं, जहां इस प्रकार का बदलाव बिल्कुल साफ नजर आता है। भारत खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों, दूध और समुद्री उत्पादों के सबसे बड़े उत्पादक देशों में से एक है। दशकों तक, हमारे कृषि संबंधी सामर्थ्य ने देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। फिर भी, इस उपज का एक बड़ा हिस्सा पारंपरिक रूप से बेहद ही सीमित मूल्यवर्धन के साथ सीधे खेत से बाजार तक पहुंचता रहा। आज भारत के कृषि उत्पादन का महज 12-13 प्रतिशत हिस्सा ही प्रसंस्करण से गुजरता है। उत्पादन और प्रसंस्करण के बीच का यही अंतर भारतीय अर्थव्यवस्था में उपलब्ध सबसे बड़े अवसरों में से एक है।



अविनाश जोशी

इसलिए, खाद्यान्नों से जुड़ी भारत की यात्रा का अगला चरण बिल्कुल स्पष्ट है: कृषि की प्रचुर संपदा को उच्च मूल्य वाले एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी खाद्य उत्पादों में परिवर्तित करना।

**पीएलआई योजना के पीछे की परिकल्पना** : इस अवसर को पहचानते हुए, भारत सरकार ने मार्च 2021 में कुल 10,900 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन पर आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) की शुरुआत की। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा इस योजना को 2021-22 से 2026-27 तक की छह साल की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है।



इस योजना के पीछे का मूल विचार सरल लेकिन ठोस है: खाद्य प्रसंस्करण क्षमता, नवाचार और वैश्विक ब्रांडिंग के विस्तार में निवेश करने वाली कंपनियों को पुरस्कृत करना। कुल मिलाकर, यह योजना इन-स्टोर ब्रांडिंग, अंतरराष्ट्रीय खुदरा श्रृंखलाओं में शेल्फ स्पेस और वैश्विक विपणन अभियानों में निवेश करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके भारत में खाद्य उत्पादन से जुड़ी वैश्विक स्तर की कई चैंपियन कंपनियां तैयार करती है।

**रणनीतिक डिजाइन: एक आधुनिक खाद्य इकोसिस्टम का निर्माण-** पीएलआईएसएफपीआई योजना की संरचना को सावधानीपूर्वक को तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित रखा गया है। उच्च क्षमता वाले खाद्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन देना- पहला घटक पकाने के लिए तैयार (रेडी-टू-कुक) और खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत फल और सब्जियां, समुद्री उत्पाद जैसी प्रमुख खाद्य श्रेणियों में उत्पादन बढ़ाने पर केन्द्रित है। ये श्रेणियां वैसे क्षेत्र हैं जिनमें भारत घरेलू खपत और निर्यात क्षमता, दोनों में तेजी से विस्तार कर सकता है।

नवाचार और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी को प्रोत्साहन देना- दूसरा घटक एमएसएमई द्वारा विकसित नवोन्मेषी और जैविक खाद्य उत्पादों को समर्थन प्रदान करता है। लघु एवं मध्यम उद्यम भारत के खाद्य क्षेत्र की रीढ़ हैं और समावेशी विकास हेतु आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ उनका जुड़ाव बेहद जरूरी है।

पोषक अनाज (मिलेट) से संबंधित नवाचार: परंपरा को आधुनिक बाजारों से जोड़ना- वर्ष 2023 में, अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष के उपलक्ष्य में, मंत्रालय ने पीएलआई योजना के तहत एक विशेष पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य पकाने के लिए तैयार (रेडी-टू-कुक) और खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) उत्पादों में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित करना था। मिलेट्स जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी, अत्यधिक पौष्टिक और भारत की कृषि परंपराओं में गहराई से जुड़े हुए हैं। आधुनिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में मिलेट्स का समावेश करके, यह योजना पोषण संबंधी सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी कृषि को एक साथ बढ़ावा देती है।

**बदलाव से जुड़े आंकड़े :** पीएलआई योजना के तहत बहुत ही कम समय में हासिल की गई प्रगति उद्योग जगत की ओर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और इस नीति की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

अब तकः इस योजना के तहत 165 कंपनियों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 68 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हैं, साथ ही बड़ी कंपनियों के 40 संविदा निर्माता भी शामिल हैं। कुल मिलाकर 9,207 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। प्रति वर्ष लगभग 35 लाख मीट्रिक टन की नई प्रसंस्करण और संरक्षण संबंधी क्षमता सृजित की गई है। इस योजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 3.29 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। ध्यान रखने लायक बात यह है कि इस योजना का मूल लक्ष्य 25 लाख रोजगार सृजित करना था। इस क्षेत्र ने पहले ही इस लक्ष्य का 131 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया है। पीएलआई समर्थित कंपनियों द्वारा प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों की बिक्री में भी 2019-20 से 13.23 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। (निर्यात में वृद्धि दर 2019-20 से 7.41 प्रतिशत की है)

**विभिन्न पीएलआई योजनाओं के बीच एक चमकता सितारा-** उत्पादन पर आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना भारतीय अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों को कवर करती है। इनमें से, खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित पीएलआई सबसे प्रभावशाली योजनाओं में से एक बनकर उभरी है। कुल पीएलआई सब्सिडी वितरण में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का हिस्सा मात्र 8 से 9 प्रतिशत ही होने के बावजूद, इसने तमाम पीएलआई योजनाओं के तहत सृजित किए गए कुल रोजगारों में से लगभग 42 प्रतिशत रोजगार सृजित किए हैं। अब तक, इस योजना के तहत कुल 2715 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की जा चुकी है। यह कुल परिव्यय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है। यह साबित करता है कि खाद्य प्रसंस्करण भारत के मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम में सबसे अधिक रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्रों में से एक है।

**उपभोक्ताओं की बदलती जीवनशैली के अनुरूप बदलाव :** भारत के जनसांख्यिकीय परिवर्तन का असर खाद्य उद्योग पर भी पड़ रहा है। युवा और शहरीकरण की ओर अग्रसर आबादी की बढ़ती मांगें इस प्रकार हैं: खाद्य संबंधी सुविधाजनक उपाय,स्वच्छ पैकेजिंग, सुरक्षित और पौष्टिक खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) उत्पाद, बेंगलुरु, मुंबई या दिल्ली जैसे शहरों में काम करने वाले पेशेवर अक्सर पकाने के लिए तैयार (रेडी-टू-कुक) या खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) वैसे गुणवत्तापूर्ण भोजन की तलाश में रहते हैं जो उनकी तेज रफ्तार जीवनशैली के अनुरूप हो।

# अभिव्यक्ति की आजादी के महत्व को रेखांकित करता यह दिन

प्रेस यानी मीडिया और उसमें काम करने वाले सभी कर्मी अर्थात पत्रकार, छायाकार, डेस्क एडिटर, ऑपरेटर व अन्य कर्मचारी चाहे वह किसी भी पद पर हो दुनिया उसे जर्नलिस्ट, सहाफी और पत्रकार ही कहती है । चाहे वह छोटे से शहर से लेकर मेट्रो सिटी में काम करे या किसी विदेशी मीडिया में देश या देश से बाहर काम करते हैं लेकिन वह है तो पत्रकार ही। एक पत्रकार, छायाकार, रेडियो के लिए वॉइस रिकॉर्डर करने वाला आर जे सब के सब मीडिया कर्मी आम जनता तक देश-दुनिया की पल पल की खबरों से रूबरू कराते हैं । क्या कभी किसी आम आदमी ने ये विचार किया, मंथन किया कि एक खबर, फोटो, वीडियो फुटेज व स्टिंग क्लिप के लिए एक पत्रकार को कितने जोखिम उठाने पड़ते हैं । खबरों के संकलन में लिए जान को खतरे डाल कर खबर बनाते हैं । विशेषकर जब युद्ध का क्षेत्र हो, आतंकवादियों का अड्डा हो, तनावपूर्ण माहौल में अप्रत्यासित भीड़ हो, धार्मिक उन्माद हो या किसी भी धर्म या मजहब का जलसा-जुलूस, आखाडा, रैली हो, ऐसे में खबरें और फुटेज बनाना आसान नही होता है । फिर भी पत्रकार जान की बाजी लगा कर फुटेज, फोटो और खबरें बनाते हैं, और आम आदमी को दुनिया में घट रही घटनाओं से बा-खबर करते हैं । मीडिया के क्षेत्र में अप्रत्यासित डिजिटल क्रान्ति की वजह से मैदान-ए- जंग से सीधा (लाइव) प्रसारण भी कर रहे हैं । इस दौरान बहुत सारे



एनाएतुल्लाह नन्हे

> विश्व के बहुत सारे देशों में इसका उदारहण मौजूद है। इन ही सब मामलों को लेकर ग्लोबल लेबल पर 03 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, ताकि अपनी जिंदगी को खतरे में डाल कर काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को कोई ताकत दबा न सके। इसलिए की पत्रकार मीडिया के क्षेत्र में निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सके और उन्हें सरकारी स्तर पर स्वतंत्रता मिले और कोई दबाव न हो उसके लिए दबाब समूह बनाया जाता है ताकि पत्रकारों की स्वत्रंता बहाल रहे।

जगहों पर पत्रकारों की जान तक भी चली जाती है और कहीं-कहीं तो निरंकुश सरकार पत्रकारों को खबरें छापने और दिखाने से नाराज होकर उन्हें गलत केस दर्ज कर जासूसी और देशद्रोही का आरोप लगा कर जेल में भी डाल चुकी है। विश्व के बहुत सारे देशों में इसका उदारहण मौजूद है । इन ही सब मामलों को लेकर ग्लोबल लेबल पर 03 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, ताकि अपनी जिंदगी को खतरे में डाल कर काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को कोई ताकत दबा न सके । इसलिए की पत्रकार मीडिया के क्षेत्र में निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सके और उन्हें सरकारी स्तर पर स्वतंत्रता मिले और कोई दबाव न हो उसके लिए दबाब समूह बनाया जाता है ताकि पत्रकारों की स्वत्रंता बहाल रहे। कारण की निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए स्वतंत्रता मिलना बहुत ही जरूरी है । इसी उद्देश्य से हर साल 03 मई को दुनिया भर में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' या 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे' मनाया जाता है । फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन अर्थात अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकारों का सम्मान करने, उनके कर्तव्यों को याद दिलाने और उसे बनाए रखने के लिए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है । इसके लिए हर वर्ष बदल-बदल कर अलग-अलग देश मेजबानी करता है, जिसमे हर वर्ष एक थीम (कॉन्टेंट) दिया जाता

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस**




है । जिस पर उस वर्ष के 365 दिन काम किया जाता है । विश्व के पत्रकारों की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व का मुखिया संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की महासभा (जेनरल असेम्बली) में सन 1991 ई. को प्रस्ताव लाया गया था। जिसे दो वर्षो के बाद यूनेस्को के महासम्मेलन में सन 1993 ई. को पत्रकारों की स्वतंत्रता के लिए लाए गए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया, लेकिन विधवत रुप से उसे पूरे विश्व में सन 1994 ई. में 03 मई को विश्व प्रेस दिवस या विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया। जिसका उद्देश्य प्रेस की आजादी की अहमियत से दुनिया को रूबरू कराना है। इसका एक और खाश मकसद दुनिया भर की सरकारों को यह याद दिलाना है कि अभिव्यक्ति की आजादी के लिए पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और सम्मान करना है । गौरतलब है कि जनतंत्र के मूल्यों की सुरक्षा और उनको बहाल करने में मीडिया बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । इसलिए सभी लोकतांत्रिक सरकारों को मीडिया हाउस एवं उससे जुड़े पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए । याद रहे की भारत में सन 1948 ई. के सार्वभौमिक मानवाधिकार अधिनियम के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का सम्मान करने और उसे बहाल रखने के साथ-साथ उनके कर्तव्यों को याद दिलाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है । विगत दो वर्ष पूर्व आज ही के दिन यानी 03 मई 2024 ई. को यूनेस्कों ने यह चिंता जताई थी कि इस वर्ष सबसे ज्यादा पत्रकारों की हत्या हुई है । जिस पर गहन चिंतन करने की जरूरत है क्योंकि जनतांत्रिक सरकार में मीडिया चौथे स्तम्ब के रूप में है, जिसका सबसे ज्यादा योगदान जनतंत्र की मजबूती के लिए है । इसलिए मीडिया हाउस से जुड़े पत्रकारों, फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों, रेडियो से जुड़े आर जे, ऑडियो रिकॉर्डरों, टेक्नीशियनों एवं मीडिया हाउस के सहयोगियों को काम करने के क्रम में पूरी स्वतंत्रता उस देश की सरकार की ओर से मिलनी चाहिए । साथ ही साथ उनकी सुरक्षा की गारंटी भी उस देश की सरकार की प्रथम वरीयता क्रम में होनी चाहिए । मीडिया किसी का दुश्मन या दोस्त नही होता है बल्कि वह दोनों पक्षों की बात रखता है और जो हकीकत होता है वही आईना की माफिक दिखाता है । इसलिए तो मीडिया एवं प्रेस के ऊपर प्रसिद्ध शायर जमील मजहरी कहते हैं कि 'न स्याही के हैं दुश्मन न सफेदी के हैं दोस्त, हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं'। यानी मीडिया और पत्रकार के ऊपर सरकार का दबाव बिल्कुल नहीं होना चाहिए, क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र का प्रहरी होता है जो उस देश की संधीय ढाँचे को बैलेंस (सामंजस्य) बनाए रखता है ताकि सरकार निरंकुश नहीं हो जाए और अराजकता पर रोक लग सके । आज के परिवेश में विश्व स्तर पर भारत मीडिया में क्षेत्र में नई तकनीक के साथ काफी आगे है जिसकी पूरी दुनिया में एक अलग पहचान है। इसमे कोई दो राय नहीं की दूसरे देश के लोग अपने भारत देश की मीडिया तकनीक का नकल कर रहे हैं । मगर बहुत ही अफसोस के साथ यह भी लिखना पड़ रहा है कि दुनिया के 180 देशों में से भारत का मीडिया के रेंक में चहुत ही खराब पोजिशन है । आर.एस.एफ अर्थात रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने सन 2025 में जो सर्वे किया उसमें 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2025 में भारत को 151 वाँ स्थान मिला है । जबकि पिछले उससे पहले के वर्ष 2024 में 159 वाँ रेंक था । हाँलाकि रैंकिंग में 8 पॉइंट का सुधार हुआ है, लेकिन फिर भी भारत अभी भी बहुत अच्छी पोजिशन में नही है, अभी भी रेड जोन में है, जो गम्भीर चिंतन की बात है। यानी काफी नीचे स्तर पर है जबकि सबसे छोटे और पड़ोसी देश बंगलादेश और नेपाल भारत के रैंक से काफी ऊपर हैं।

गरीब और छोटा देश नेपाल आज के डेट में 90 वें रेंक में है यानी भारत से 61 पॉइंट ऊपर है । सरकार को इस तरह से मीडिया के ऊपर

# लखनऊ विश्वविद्यालय का जन्म और लक्ष्य

अब से एक सौ बासठ वर्षो पूर्व 01 मई 1864 को हुसैनाबाद की एक कोठी में, कैनिंग कालेज की स्थापना हुई थी। बाद में लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर निरन्तर स्थापित रहते हुये, यह अन्तिम रूप से लखनऊ विश्वविद्यालय के वर्तमान परिसर में स्थिर हो गया। इसी कैनिंग कालेज को आगे चल कर 25 नवम्बर 1921 को सरकारी सतह से लखनऊ विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। जिसकें उपरान्त 17 जुलाई 1921 को यहाँ पर शिक्षा सत्र की विधिवत शुरूआत हुयी। उस समय कैनिंग को विश्वविद्यालय स्तर तक पहुँचाये जाने के अभियान के क्रम में, सामायिक व्यवस्था के अन्तर्गत मेडिकल कालेज से सम्बद्ध कर दिया गया। इस संदर्भ में जारी प्रयासों के क्रम में राजा महमूदाबाद, मोहम्मद अली मोहम्मद खाँ कोयादकरना, यहाँ उचित प्रतीत हो रहा है। जिनके मन मस्तिष्क में सबसे पहले, लखनऊ शहर में एकविश्वविद्यालय की स्थापना स्थापना का विचार आया। जिसकें बाद उन्होंने अपने व्यक्तिकसहायक के माध्यम से अग्रेंजी समाचार पत्र 'पानियर' में एक आर्टिकिल के माध्यम से अपनी इस इच्छा को, तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के विचारार्थ रखा, साथ ही इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन पर अपने स्तर से दवाओं बनाना प्रारम्भ कर दिया। परिणाामस्वरूप तत्कालीन लेफ्टिनेन्ट, हरकोर्ट बटलर ने पद भार ग्रहण करने के पश्चात, राजा महमूदाबाद की इच्छा को क्रियान्विन किये जाने की दिशा में सम्भव



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

> राजा महमूदाबाद, मोहम्मद अली मोहम्मद खाँ कोयादकरना, यहाँ उचित प्रतीत हो रहा है। जिनके मन मस्तिष्क में सबसे पहले, लखनऊ शहर में एकविश्वविद्यालय की स्थापना स्थापना का विचार आया। जिसकें बाद उन्होंने अपने व्यक्तिकसहायक के माध्यम से अग्रेंजी समाचार पत्र 'पानियर' में एक आर्टिकिल के माध्यम से अपनी इस इच्छा को, तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के विचारार्थ रखा, साथ ही इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन पर अपने स्तर से दवाओं बनाना प्रारम्भ कर दिया।

योगदान देने का मन बना लिया। शिक्षा हित में लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना के प्राथमिक चरण में राजा महमूदाबाद के योगदान के अतिरिक्त लेफ्टिनेन्ट गवर्नर सर हरकोर्ट बलटर की दिलचस्पी को भी नकारा नहीं जा सकता, आने वाले समय में देश के शैक्षिक तन्त्र में, इस अध्याय की अविस्मरणीय वृद्धि को याद किया जाता रहेगा। हम इस सराहनीय प्रयास को कभी भुला न पायेंगे। यहाँ उल्लेखनीयहै कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन 25 नवम्बर को अपनी सुआरम्भ तिथि तथा वर्ष 1920को अपना स्थापना वर्ष मानता है। देश की स्वतन्त्रता से पूर्व जब लखनऊ विश्वविद्यालय में झण्डा फहराया गया था, तो उस्ताद विस्मिल्लाह खाँ ने शहनाई बजाकर यहाँ के वातावरण में संगीत की छटा बिखेर दी थी। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कुछ संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैः-

''पुराना नामः कैनिंग कालेज''/स्थापना तिथिः 25 नवम्बर 1920,/फैलावः शहरी क्षेत्रः 225 एकड़ पुराना परिसरः 175 एकड़,/टाइपः स्टेट यूनिवर्सिटी, शैक्षिक सम्बद्धताः यूनिवर्सिटी ग्रान्टस कमीशन,/ फाउन्डरः राजा अली महोम्मद खाँ,/छात्रों की संख्याः लगभग 21480 बजटः लगभग 137 करोड़ मिलियन डालर लाइट एण्ड लर्निंग।



लखनऊ शहर में विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 10 नवम्बर 1919 को, गवर्नमेन्ट हाउस में आहूत शिक्षा विशेषज्ञों की बैठक में प्रारम्भिक मसव्वदा तैयार कर, उसे अन्तिम रूप दे दिया गया। यह मसव्वेदा 12 अगस्त 1920 को विधान परिषद में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत मसव्वेद को आंशिक संशोधन के साथ 8 अक्टूबर 1920 को, स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। तदोपरान्त इस मसव्वेद पर पहली नवम्बर को लेफ्टिनेन्ट गर्वनर हरकोर्ट बटलर और इसके बाद 25 नवम्बर को गर्वनर जनरल ने, सहमति हस्ताक्षर कर दिये। इस प्रकार इन हस्ताक्षरों के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया। इस अस्तित्व के पूर्व की स्थिति पर नज़र डाली जाये तो ज्ञात होगा कि ऐसे समय में सीमित दायरे में रहते हुये 01.05.1964 को हुसैनाबाद स्थित एक कोठी में कैनिंग कालेज के रूप में विश्वविद्यालय कीविधिवत शुरूआत हुयी। इस व्यवस्था को विस्तार देते हुए, पूर्व कैनिंग को विश्वविद्यालय का दर्जादे दिया गया। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय भारत में सरकारी सवामित्व वाली उच्च शिक्षा के ज्ञानार्जन की प्राचीन सम्बद्ध संस्था के तौर पर 557 डिग्री कालेजों एवं 17 इन्सटिट्यूटस को अपने में समेटे हुये, प्रगति की ओर अग्रसर है। तथा लखनऊ शहर व उसके निकटवर्ती क्षेत्रों की उच्च शिक्षा सम्बन्धी तमाम आवश्यकताओं को पूरा किये जाने का दायित्व निभा रहा है। इसके अतिरिक्त चार अन्य जनपदों हरदोई, सीतापुर रायबरेली व लखीमपुर के समस्त डिग्री कालेज भी इसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं। जबकि सीतापुर जनपद में एक तीसरा परिसर भी खुलने जा रहा है। जहाँ कौशल विकास योजना के कोर्स प्रस्तावित हैं। यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का एकमात्र प्रान्तीय विश्वविद्यालय है, जिसे शिक्षा व रिसर्च क्षेत्र में महारत प्राप्त है। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता भी प्राप्त है। इस विश्वविद्यालय में विज्ञान-आर्टस-कामर्स एवं कानून संकायों के माध्यम से ज्ञान/डिग्रीयां निर्गत करते हुये यह इदारा उच्च शिक्षा के विस्तार मे तल्लीन है यह राज्य का ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे ।क्री श्रेणी प्राप्त है। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना से पूर्व देश के निम्न विश्वविद्यालयों में स्नातक से ऊपर के स्तर से सम्बन्धित पठन-पाठन का काम पहले से जारी है।

बम्बई विश्वविद्यालयः 1857 से इलाहाबाद विश्वविद्यालयः1887 से मैसूरविश्वविद्यालयः 1912, पटना विश्वविद्यालयः1917से उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद 1918 से अलीगढ़विश्वविद्यालयः 1920 में। लखनऊ विश्वविद्यालय से शहर के विभिन्न डिग्री कालेज सम्बद्ध हैं, जिनका शानदार अतीत रहा है। इस क्रम मे गोलागंज स्थित क्रिश्चिन डिग्री कालेज अपनी सम्बद्धता के 160 वर्ष पूरे कर चुका है, जबकि आई.टी. कालेज की स्थापना 1870 में हुयी आर्टस कालेज की शुरूआत 1911 में, और जयनारायन डिग्री कालेज वर्ष 1917 में प्रारम्भ हुआ। इसके अतिरिक्त शिया पोस्ट ग्रेजुएट कालेज भी लखनऊ के प्राचीन डिग्री कालेजों में है। अतीत के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय, जिन प्रमुख घटनाओं का साक्षी रहा ऐसे घटनाओं का संक्षिप्त बिन्दुवार ब्योरा इस प्रकार है। वर्ष 1928 में पंडित नेहरू को बचाने हेतु, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने लाठियां खायी,/वर्ष 1929 में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के कार्यक्रम में गांधी जी और सरोजनी नायडू का यादगार भाषण हुआ,/वर्ष 1931 में क्रान्तिकारियों के विरूद्ध मुकदमा लड़ने वाले तत्कालीन कुलपति के विरोध में यहाँ आन्दोलन हुआ,/विश्वविद्यालय के इस परिसर में वर्ष 1937 में इंगलिश गवर्नर एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री की मौजूदगी में तिरंगा -फहराये जाने का गवाह है,/वर्ष 1939 मे नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का तत्सामयिक छात्रसंघ को उदबोधन,/वर्ष 1941 में अंग्रेज शासन के विरूद्ध आयोजित आन्दोलन में यहाँ गोलियां चलायी गयी।

# श्रमिक किसी भी औद्योगिक इकाई की आधारशिला

अवधनामा संवाददाता



■ अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर 'श्रम वीर गौरव समारोह' संपन्न

**फतेहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन फतेहपुर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र मलवा स्थित जेडीएसएल एडिबल लिमिटेड (प्लॉट संख्या C-27) परिसर में 'श्रम वीर गौरव समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के श्रमिकों, उद्यमियों, व्यापारियों एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण (हेल्थ चेकअप) भी आयोजित किया गया।

**मुख्यमंत्री का लाइव संबोधन :** ार्यक्रम के दौरान प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए परियोजना निदेशक शेषमणि सिंह ने कहा कि श्रमिक किसी भी औद्योगिक इकाई की आधारशिला होते हैं। उनके अथक परिश्रम और समर्पण के बिना विकास की कल्पना संभव नहीं है। सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने श्रमिकों का स्वागत करते हुए उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षा, चिकित्सा, आवास सहित कई लाभ प्राप्त होते हैं।

निवेश प्रोत्साहन अधिकारी (उद्यमी मित्र) अनुराग अग्रहरि ने उद्योग विभाग की निवेश एवं प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों को सरकार की नीतियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में सीएम फेलो द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के अवसरों पर प्रकाश डाला गया।

# गौतम बुद्ध चौराहा बनेगा पहचान



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा, सेवा और मानवता का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करुणा और अहिंसा के प्रतीक गौतम बुद्ध को नमन करते हुए जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम नागरिकों ने उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर मानवता और सद्भाव का संदेश फैलाया।

इसी क्रम में शहर के पीसीएफ गोदाम चौराहे पर भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा भव्य भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार मौर्य, कई सभासदों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि पीसीएफ गोदाम चौराहे का नाम अब 'गौतम बुद्ध चौराहा' रखा जाएगा और यहां भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने जानकारी दी कि कस्बे के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका बोर्ड की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है।

# एसपी अभिमन्यु का कोतवाली निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



■ लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**फतेहपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना कोतवाली का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, कार्यालय व्यवस्था, मालखाना, हवालात, आगंतुक कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना स्टाफ से संवाद करते हुए उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखा जाए तथा प्रत्येक शिकायत और प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सीसीटीएनएस प्रणाली के संचालन, लंबित प्रकरणों, विवेचनाओं की प्रगति और कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस पुलिस कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है, इसलिए इसे नियमित रूप से अपडेट रखना अनिवार्य है। साथ ही लंबित विवेचनाओं का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

एसपी ने विवेचकों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर मामले में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराध, साइबर अपराध और गंभीर मामलों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ को क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक होना चाहिए, जिससे जनता और पुलिस के बीच विश्वास मजबूत हो सके। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# चिटफंड भुगतान को लेकर 21 महीने से धरना जारी



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** चिटफंड कंपनियों में फंसी जमापूंजी की वापसी को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को आंदोलन के 21वें महीने में पहुंचने पर पीड़ितों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग उठाई।

पीड़ितों के संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 सितंबर 2024 से नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी है। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में मजदूर, किसान और छोटे व्यापारी शामिल हैं, जिनकी मेहनत की कमाई चिटफंड कंपनियों में फंस गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि BUDS Act 2019 के तहत जमाकर्ताओं को उनकी धनराशि वापस मिलनी चाहिए, लेकिन प्रशासन स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे पीड़ित परिवारों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कलेक्ट्रेट में जमा किए गए आवेदनों पर न तो कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही आवेदकों को उसकी स्थिति की जानकारी दी जा रही है।

# छह मई को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने की, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी की जिला कार्यसमिति की अहम बैठक आगामी 6 मई को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जनपद के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य शामिल होंगे, जहां आगामी राजनीतिक रणनीतियों और सांगठनिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 1 से 7 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत शक्ति केंद्रों, बूथों और बूथ समितियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

# स्टेशन के निरीक्षण में मिलीं अव्यवस्थाएं, जनसुविधाओं की बदहाली पर भड़के डीआरएम

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अनिरुद्ध कुमार ने कोंच रेलवे स्टेशन और रेलवे विस्तारीकरण योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में फैली अव्यवस्थाओं, जनसुविधाओं की बदहाल स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही मिलने पर डीआरएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही कई अधिकारियों को फटकार लगाई और स्टेशन के अंदर लगा अलार्म पैनल बंद मिलने पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरविंद श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

डीआरएम के निरीक्षण की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डीआरएम सबसे पहले स्टेशन परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सुरक्षा उपकरणों और चल रहे रेलवे विस्तारीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें लगभग हर व्यवस्था में खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। स्टेशन परिसर में जगह-जगह फैली गंदगी देखकर डीआरएम ने नाराजगी जताई। यात्री शौचालयों पर ताले लटके मिलने और पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर उन्होंने इसे यात्रियों की सुविधा के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने साफ कहा कि यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पास मंडी की ओर खुला पड़ा करीब सात फीट गहरा गड्ढा भी डीआरएम की नाराजगी का कारण बना।

# खागा कांड पर आंदोलन की चेतावनी के बाद पुलिस अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

■ हेमलता पटेल नजरबंद



**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र में हुए जघन्य अपराध को लेकर जिले में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इसी बीच आंदोलन की चेतावनी के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कांग्रेस नेत्री एवं गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष तथा ग्राम प्रधान हेमलता पटेल को उनके ही आवास पर नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया।

बताया जा रहा है कि गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने मामले को लेकर बड़े आंदोलन का ऐलान किया था, जिसके बाद प्रशासन सतर्क हो गया। शुक्रवार सुबह ब्लॉक बहुआ के सुजानपुर स्थित उनके आवास पर ललौली थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव, दरोगा एरिस पटेल और बहुआ चौकी इंचार्ज अमरीश मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य संभावित प्रदर्शन को रोकना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना बताया जा रहा है। प्रशासन को आशंका थी कि हेमलता पटेल के नेतृत्व में बड़ा विरोध प्रदर्शन हो सकता है, जिससे स्थिति बिगड़ सकती है। घेराबंदी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हेमलता पटेल से वार्ता कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की जांच तेज गति से की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कार्रवाई की जा रही है।

# सच्चा नेतृत्व अधिकार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और उत्तरदायित्व का प्रतीक

अवधनामा संवाददाता



■ सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स कैंपस में छात्र परिषद गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

**चन्दौली।** सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैंपस में नए सत्र के लिए छात्र परिषद के पदाधिकारियों के चयन के उपरांत एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की क्षमता का विकास करना था। जिसके फलस्वरूप छात्रों को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारीवृंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया गया इसके पश्चात कक्षा तीसरी,चौथी एवं पांचवीं के छात्रों द्वारा गणेश वन्दना समूह नृत्य की मनोहारी पस्तुति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वही कक्षा छठवीं,सातवीं एवं आठवीं के छात्राओं की प्रेरणादायी समूह नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया तो टोरेंस समूह की सुरमयी संगीत प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने अपने उद्बोधन में नव-निर्वाचित छात्र परिषद को बधाई देते हुए कहा कि सच्चा नेतृत्व अधिकार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और उत्तरदायित्व का प्रतीक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिनोद कुमार दास जी ने कार्यक्रम में सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया और सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि - एक सच्चे लीडर में अकेले खड़े होने का आत्मविश्वास होता है, कठिन निर्णय लेने का साहस होता हैं और दूसरों की जरूरतों को समझने की काबिलियत होती है।

# सटीक जनगणना की मजबूत तैयारी, डीएम ने परखा प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारत की जनगणना 2027 को सफल, सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गांधी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया और स्वयं कक्षा में बैठकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से सीधे संवाद कर उन्हें जनगणना कार्य की महत्ता समझाई और कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की योजनाओं और विकास की नींव तैयार करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु को व्यवहारिक रूप में समझा जाए, ताकि फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत यह प्रशिक्षण 20 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक जनपद की सभी तहसीलों एवं नगर निकायों में संचालित किया जा रहा है।

# 'नारी आदि काल से सशक्त रहीं'

अवधनामा संवाददाता




■ एमएलसी रमा निरंजन ने किया श्री बुद्ध वीथिका का हुआ शुभारंभ

**उरई (जालौन)।** श्री विष्णु अवतारी श्री बुद्ध भगवान की जयंती के उपलक्ष में इन्टैक उरई अध्याय ,कानपुर बुंदेलखंड प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती और भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वाधान में चूड़ी वाली गली स्थित संध्या पुरवार के निज निवास पर श्री बुद्ध भगवान जी की एक वीथिका लगाई गई। इस वीथिका का शुभारंभ झांसी से पधारी रमा निरंजन एमएलसी तथा मुंबई के पूर्व एक्साइज कमिश्नर श्री शंभू दयाल जी ने संयुक्त रुप से मॉ वीणा पाणिनी की मूर्ति के समक्ष शंख ध्वनि के मध्य दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमा निरंजन ने नारी सशक्तिकरण की बात की। उन्होंने कहा कि अपने भारत में नारी तो आदि काल से सशक्त है। विशिष्ट अतिथि शंभू दयाल ने कहा कि ऐसी वीथिकाओं से भगवान श्री बुद्ध के विचारों से आम जन मानस को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा वर्तमान समय में थाईलैंड में बुद्ध अनुयायियों के मृदुल व्यवहार को हृदय से महसूस किया जा सकता है।

इस वीथिका में भगवान श्री बुद्ध के चित्र से युक्त भारत, इंडोनेशिया, जापान, लाओस, कंबोडिया, बर्मा, थाईलैंड, चीन, भूटान, श्रीलंका आदि देशों के बहुत प्यारे-प्यारे सुंदर डाक टिकट प्रदर्शित किए गए इनके अलावा भूटान द्वारा भगवान श्री बुद्ध की टंका पेंटिंग्स से युक्त सिल्क कपड़े की डाक टिकट तो अति आकर्शक रहीं। बीथिका में इन डाक टिकटों के अलावा श्री बुद्ध जी के चित्र से युक्त लगभग 22 00 वर्ष प्राचीन कुशाण कालीनऔर गुप्त कालीन ताम्र मुद्राओं के साथ-साथ जापान ,चीन ,नेपाल, श्रीलंका आदि देशों की मुद्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस वीथिका की सबसे आकर्षक वस्तु बोध वृक्ष की वह पत्ती थी जिसे भारत सरकार ने श्रीलंका के राष्ट्रपति महोदय की भारत भ्रमण यात्रा के समय उन्हें बोध वृक्ष भेंट किया था। इसके साथ भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी बोध वृक्ष का दुर्लभ डाक टिकट भी प्रदर्शित किया गया। वीथिका में भगवान श्री बुद्ध, बोध वृक्ष के टेंपल टोकेंस भी प्रदर्शित किए गए।

# दो दिवसीय कथक नृत्य से बच्चों में दिखा सांस्कृतिक झलक

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कुल 400 सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन अप्रैल महीने में किया जा रहा है। इसी क्रम में गंधर्व म्यूजिक एकेडमी के प्रयासों से 4 कार्यक्रम प्रस्तावित हुए जिन्हें 2 दिनों में अलग अलग शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित हुये। गन्धर्व म्यूजिक एकेडमी के निदेशक डॉ विद्यानिवास पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को सुबह 8 बजे द प्रेसिडियम इंटरनेशनल स्कूल से हुई उसी दिन सुबह 10:30 बजे रायगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कथक नृत्य का दूसरा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अनेकों देशों में अपनी कला के माध्यम से विख्यात पंडित रुद्र शंकर मिश्रा ने शास्त्रीय नृत्य की परम्परा को जीवित कर दिया एक विद्यालय में डेढ़ घंटे का कार्यक्रम तय था जिसमें पंडित जी ने बनारस घराने की विशेषता को अपने कथक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया और लोगों को सराबोर कर दिया। अगले दिन गुरुवार को इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए सुबह 8 बजे एवरग्रीन पब्लिक स्कूल एवं 10:30 बजे गौरी शंकर पब्लिक स्कूल में चारों प्रस्तावित कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सभी आयोजनों के पश्चात अतिथि कलाकारों को स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से माधव कृष्ण, रामेश्वर, अरुण कुमार तथा राजेश्वर ने कलाकारों को सम्मानित किया, आयोजन में डॉ श्रीकांत पांडेय, दिलीप, शैलेन्द्र, स्वप्निल, नारायण, सुमित, अंकित, आलोक आदि विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ : आलोक

## 30 मई को होगा एलजेए का भव्य पत्रकार सम्मेलन

हिमांशु राय




**लखनऊ।** मई दिवस के अवसर पर आज बर्लिंगटन (हुसैनगंज) चौराहे पर स्थित होटल हेरिटेज ब्लू इन में 'लखनऊ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन' की बैठक में वक्ताओं ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए 'चाय पर चर्चा' के दौरान आगामी 'हिंदी पत्रकारिता दिवस' पर राजधानी लखनऊ में एलजेए का एक वृहद स्तर सम्मेलन आयोजित किए जाने को लेकर अपने विचार रखे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें संवेदनशील और प्रभावी नेतृत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेते हैं, किन्तु पत्रकारों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं कुछ अधिकारियों की गलत कार्यशैली के चलते उचित स्तर तक नहीं पहुंच पातीं। यदि ये मुद्दे सीधे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए जाएं, तो उनका त्वरित समाधान संभव है।आलोक त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ हैं और समाज की आवाज़ के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक अधिकार मिलना अनिवार्य है। उन्होंने सरकार और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए संगठन की एकजुटता, सक्रियता और आर्थिक स्वावलंबन को आवश्यक बताया।

उन्होंने जानकारी दी कि 30 मई को लखनऊ में एक विशाल पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के पत्रकार भाग लेंगे। इस सम्मेलन में पत्रकारों की प्रमुख समस्याएं,सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, पेंशन और आवास को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने हेतु सक्रिय सहयोग की अपील की। वक्ताओं ने श्रमिक अधिकारों, संगठन की मजबूती तथा पत्रकारों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्चना ने मजदूर दिवस का महत्व बताते हुए श्रमिक अधिकारों और पत्रकारों की स्थिति पर प्रकाश डाला। डॉ. बंदन जी ने पत्रकारों के हितों के लिए संगठित होना अत्यंत आवश्यक है।अर्जुन द्विवेदी ने एकजुट रहकर बड़े मुद्दों पर संघर्ष करने का संकल्प लेने की अपील की। संजय पांडेय ने भी संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए नई रणनीतियों पर बल दिया। रवि शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए आर्थिक संसाधन जरूरी, हर सदस्य को आत्मनिर्भर बनना होगा। फहीम पत्रकार भी श्रमिक वर्ग का हिस्सा हैं, इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा जरूरी है। विजय आनंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पत्रकार की पहचान उसकी लेखनी से होती है, पत्रकारों में एकता जरूरी है। अतुल जी ने मजदूर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों के दायित्वों को विस्तार से समझाया। बैठक में लखनऊ इकाई के प्रभारी अध्यक्ष दीपक, कार्यवाहक उपाध्यक्ष एडवोकेट अतुल मिश्रा, सदस्य शैफ खान शारिक एवं आबिद आदि ने भी संबोधित किया।

# कोतवाली का निरीक्षण किया एएसपी ने किया पैदल भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी (आईपीएस) ने देर शाम कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली के विभिन्न पटलों का बारीकी से जायजा लिया और अभिलेखों, लंबित मामलों तथा कार्यालय व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अपराध समीक्षा बैठक की जिसमें क्षेत्र में कानून व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं, अपराध नियंत्रण तथा गश्त व्यवस्था को लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कोतवाली परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया जिनकी गुणवत्ता, प्रगति और समय से पूर्णता को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। एएसपी ने नगर में पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों से भी अपील की कि वे अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं ताकि किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में पुलिस को जांच में सहायता मिल सके और अपराधियों की पहचान आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधों पर अंकुश लगेगा। निरीक्षण और समीक्षा बैठक के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ कोतवाली से मुख्य मार्ग होते हुए सागर चौकी तक पैदल भ्रमण भी किया।

# एएमयू-जामिया में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग तेज

- मुहम्मद यूनुस ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में चुनाव न होने पर उठाए सवाल
- छात्र प्रतिनिधित्व खत्म होना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन : एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**



**नई दिल्ली/अलीगढ़।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुहम्मद युनुस ने माननीय राष्ट्रपति महोदया, भारत सरकार तथा दोनों विश्वविद्यालयों के माननीय विजिटर को संबोधित एक विस्तृत पत्र में गंभीर मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है।

पत्र में कहा गया है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना संवैधानिक दायित्व है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव न होना छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के साथ सीधा खिलवाड़ है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव अंतिम बार 2018-19 में हुए थे। अगस्त 2025 में प्रशासन ने दिसंबर 2025 में चुनाव कराने की घोषणा की थी, लेकिन फरवरी 2026 तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। इससे छात्रों में गहरा असंतोष है और परिसर में निरंतर प्रदर्शन हो रहे हैं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया- स्थिति और गंभीर है। यहां छात्र संघ चुनाव अंतिम बार 2005-2006 में हुए थे। लगभग दो दशक से चुनाव नहीं हो पाए हैं। प्रशासन परिसर की शांति और सुरक्षा का हवाला देकर चुनाव टालता रहा है, जिससे छात्रों का कोई प्रभावी प्रतिनिधित्व नहीं बचा है। ये संस्थान मात्र शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि बौद्धिक विमर्श, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण के मंच रहे हैं। छात्र संघ के अभाव में फीस वृद्धि, अटेंडेंस, परीक्षा नीति जैसे मुद्दों पर खुली चर्चा और छात्र हितों का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2006 में स्वीकृत लिंगदोह समिति की सिफारिशें स्पष्ट हैं। समिति ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में छात्र प्रतिनिधि निकायों के लिए निर्वाचन सामान्यतः अनिवार्य होना चाहिए। नामांकन आधारित प्रणाली केवल अस्थायी उपाय हो सकती है, स्थायी समाधान नहीं। समिति ने 5 वर्षों के अंदर चुनावी प्रक्रिया बहाल करने की सिफारिश की थी। इसके अलावा, दोनों विश्वविद्यालयों में पसमांदा मुस्लिम समुदाय के छात्रों और कर्मचारियों के साथ कथित बुरे व्यवहार, भेदभाव, अवसरों में असमानता और संसाधनों के वितरण में पक्षपात की निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समानता, समावेशिता, आरक्षण नीति और भेदभाव निषेध के सभी नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना जरूरी है। महाज का मानना है कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और उन्हें मजबूत लोकतांत्रिक मंच उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि उनकी आवाज सुनी जा सके और मुद्दों का समयबद्ध समाधान हो।

# पार्षद पर जानलेवा हमला

- आक्रोशित पार्षदों ने SSP से की सख्त कार्रवाई की मांग

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** महानगर के वार्ड संख्या 40 (अर्जुनपुरा) के पार्षद धनंजय सिंह लोधी पर हुए जानलेवा हमले के बाद नगर निगम के पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में शुक्रवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मथुरा से मिला और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

बताया गया कि 30 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:30 बजे पार्षद धनंजय सिंह लोधी अपने आवास के बाहर खड़े थे। इसी दौरान चुनावी रंजिश के चलते रवि और दीपक (पुत्र रामबाबू) ने उन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। पार्षद ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इस संबंध में थाना गोविंद नगर में एफआईआर संख्या 0166/2026 दर्ज कराई गई है।

एसएसपी से मुलाकात के दौरान पार्षदों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कठोर कानूनी कार्रवाई तथा पार्षद को सुरक्षा प्रदान करने की मांग रखी। पार्षदों का कहना था कि यदि जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो वे निर्भीक होकर जनता की सेवा कैसे कर पाएंगे। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला बताया।

प्रतिनिधिमंडल में उपसभापति मुकेश सारस्वत, राजीव सिंह, मुन्ना मलिक, अंकुर गुर्जर, हनुमान गुर्जर, धर्मेश तिवारी, धर्मेश नौहवार, मुनेश दीक्षित, बृजेश खरे, यतेंद्र माहौर, नीरज वशिष्ठ , कुंजबिहारी भारद्वाज, नरेंद्र लोधी और सुधांशु खंडेलवाल सहित कई पार्षद व स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 200 बच्चों को मुफ्त किताबें और कॉपियां वितरित

- हाजी ताहिर हुसैन ने शिक्षा सहायता अभियान चलाया
- पसमांदा महाज़ की पहल से जरूरतमंद बच्चों को शैक्षिक सहयोग
- शिक्षा से सशक्तिकरण का संदेश, मुरादाबाद में बड़ा आयोजन
- एवरग्रीन स्कूल में छात्रों को मुफ्त पाठ्य सामग्री वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन के नेतृत्व में संगठन द्वारा एवरग्रीन स्कूल, बरबाला मजरा, मुरादाबाद में एक सराहनीय शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 जरूरतमंद बच्चों को पूरे शैक्षणिक सत्र के लिए मुफ्त पाठ्यपुस्तकें एवं कॉपियां वितरित की गईं।

कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास, जागरूकता और सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाना है तो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज की शिक्षा ही कल का सशक्त भविष्य तैयार करेगी।

हाजी ताहिर हुसैन ने आगे कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ केवल सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि शिक्षा, सामाजिक उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संगठन का प्रयास है कि पसमांदा समाज सहित सभी जरूरतमंद वर्गों के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर मिलें और कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. पाशा, सगीर पसमांदा तथा अन्य अतिथियों ने संगठन की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी संगठन के इस प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि शिक्षा सामग्री का वितरण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सहयोग है। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी शिक्षा, सामाजिक न्याय और पसमांदा समाज के उत्थान के लिए इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

- थाना छिबरामऊ पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस ने एक युवक के पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर कार्यवाही की है।

शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में गस्त के दौरान उप निरीक्षक सुरेश कुमार चतुर्वेदी एवं मनुज कुमार ने हेड कांस्टेवल सुखवीर सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर बड़ेपुर रोड़ पर घेराबंदी कर अभियुक्त अजय उर्फ भूरा पुत्र राजेश उर्फ गिल्लू चतुर्वेदी निवासी ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है।

# मई दिवस : कलेक्ट्रेट सभागार, मथुरा में कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** मई दिवस के अवसर पर आज मथुरा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम मे मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सहायक श्रमायुक्त एवं उपायुक्त उद्योग द्वारा मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत कर की गई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया। स्वागत किए गए अतिथियों में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय, जे.पी. शुक्ला, लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि अंकित बंसल तथा राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जगत अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान सहायक श्रमायुक्त द्वारा श्रमिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया और श्रमिकों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि अंकित बंसल ने मई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए श्रमिकों से आग्रह किया कि वे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें सरकारी सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके।

भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय ने मई दिवस के इतिहास एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस श्रमिकों के अधिकारों और उनके सम्मान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने श्रमिकों के योगदान को समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अपने संबोधन में उन्होंने सभी श्रमिकों को मई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए निर्माण एवं विकास कार्यों में उनके योगदान की सराहना की तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में सहायक श्रमायुक्त द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में उपयुक्त चंद्रभान, भारतीय मजदूर संघ के राजकुमार उपाध्याय, जे.पी. शुक्ला, लघु उद्योग भारती के अंकित बंसल, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जगत अग्रवाल,एस पी पाण्डेय श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश चंद सहित लगभग 125 श्रमिक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के निर्देश पर दुवाशु में मनाया गया गुजरात दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्यपाल सचिवालय के दिशा निर्देश के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा में कुलपति डॉ अभिजित मित्र के निर्देशन में गुजरात दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालय पशु चिकित्सा विज्ञान , डेरी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान एवं छात्र कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के मध्य वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गोद लिए गांव बंदी में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की मदद से सफाई का कार्यक्रम किया गया. इसके अलावा कस्तूरबा गांधी विद्यालय महावन में महिला अध्ययन केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में साफ सफाई का कार्य संपन्न कराया गया. विश्वविद्यालय की तरफ से छात्र-छात्राओं का श्रीमद वल्लभ गोसाला एवं रमन रेती मंदिर भ्रमण कराया गया. गुजरात दिवस के मौके पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर कुलपति ने गुजरात राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विकास एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# भीषण गर्मी में पालिका के वाटर कूलर बने राहगीरों का सहारा

- पालिकाध्यक्षा व ईओ के निर्देश पर 14 स्थानों पर की गई व्यवस्था

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीषण गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में पालिका प्रशासन द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई है। नगर के प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर संचालित कर दिए गए हैं, जिससे राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

बताते चलें कि पालिका प्रशासन की ओर से नगर के कुल 14 प्रमुख प्वाइंटों पर वाटर कूलर लगाए गए हैं। इनमें चौराहा, तिराहा, तिर्वारोड, फतेहगढ रोड, जीटीरोड सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थान शामिल हैं। इन वाटर कूलरों के माध्यम से लोगों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में काफी राहत मिल रही है। पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। कहा कि नगरवासियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पालिका लगातार प्रयासरत है। वहीं दूरभाष अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्होने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वाटर कूलरों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलता रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर नगरवासियों व राहगीरों ने कहा कि भीषण गर्मी में पालिका की यह व्यवस्था काफी राहत देने वाली साबित हो रही है।

## पिकअप ने खड़ी कार में मारी टक्कर, दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम खाडेदेवर स्थित शराफ्त हॉस्पिटल के निकट शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार पिकअप एवं बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ब्रेजा कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पास से गुजर रहा एक भट्ठा मजदूर उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाईकसवार भी घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल भटटा मजदूर एवं बाईकसवार को तत्काल एंबुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## भूमि विवाद में पिता पुत्र को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम भज्जापुर्वा निवासी रनवीर पुत्र प्रभु दयाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था। तभी परिवार के ही दो लोग आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी बचाव में आए उसके पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# पुलिस ने देवर भाभी के विवाद का निस्तारण कराया



- मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत काउंसिलिंग कर दिलाया दो वर्ष का बच्चा

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में लेनदेन के विवाद से परेशान भाभी व देवर की काउंसलिंग कराकर रुपये वापस दिलाकर समझौता कराया गया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला व महिला कांस्टेबल सीमा भदोरिया द्वारा आवेदिका शाहीन बेगम पत्नी साने आलम निवासी सौसरापुर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के देवर अनवार पुत्र स्व0 हनीफको मिशन शक्ति केंद्र बुलाया गया, जहां महिला पुलिस कर्मियों की टीम ने बातचीत कर दोनों पक्षों की समस्याएं सुनीं। काफी देर तक चली काउंसलिंग के बाद आवेदिका को देवर द्वारा लिया गया रुपया दिलवाया गया और दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया। मिशन शक्ति केंद्र की मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला ने बताया कि केंद्र पर प्रतिदिन इस प्रकार के मामलों की काउंसलिंग की जाती है, जहां कई परिवारों को टूटने से बचाया जाता है। दंपति को रवाना करनें के दौरान मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर दोबारा सहायता लेने की सलाह दी।

# स्वास्थ्य विभाग ने छह क्लीनिकों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने अवगत कराया है कि जनपद में अवैध एवं झोलाछाप चिकित्सकीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। शिकायतों एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के आधार पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी मो. अजहर सिद्दीकी द्वारा संबंधित क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन क्लीनिक संचालकों से चिकित्सकीय कार्य करने से संबंधित वैध प्रमाण पत्र एवं अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया, वे मौके पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे संचालकों को तत्काल नोटिस तामील कर निर्धारित समयावधि में वांछित अभिलेखों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय बीतने के उपरांत भी संबंधित संचालक कार्यालय में उपस्थित होकर वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। फलस्वरूप, नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बंगाली क्लीनिक, मेन रोड समधन, ब्लॉक तालग्राम, कोतवाली गुरसहायगंज, संचालक अनूप विश्वास पुत्र श्री नलिनी विश्वास, लक्ष्मी क्लीनिक, ताहपुर रोड, मेन रोड रसूलाबाद, तालग्राम संचालक डॉ. सूरज पुत्र राम नरेश, मैराज क्लीनिक, मेन रोड फरिकापुर संचालक मो. मैराज पुत्र मो. इरफान, फैसल/अलीमुद्दीन क्लीनिक, निकट मस्जिद सौंसरापुर, कोतवाली गुरसहायगंज, ब्लॉक गुगरापुर संचालक मो. फैसल पुत्र श्री अलीमुद्दीन, रिंकू क्लीनिक, निकट रेलवे क्रॉसिंग मलिकपुर, निकट कैलाश कोल्ड स्टोरेज, सदर कोतवाली कन्नौज संचालक अंकित वर्मा पुत्र भैयालाल वर्मा के विरुद्ध संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत एवं प्रमाणित चिकित्सकों से ही उपचार प्राप्त करें। अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों की सूचना स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराकर जनहित में सहयोग करें। जनपद में ऐसे तत्वों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## ग्रामीण क्षेत्र की लक्ष्मी ने बिना कोचिंग 95.75% अंक हासिल कर रचा इतिहास



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है–इस बात को भटनी ब्लॉक के नोनापार गांव की छात्रा लक्ष्मी ने सच कर दिखाया है। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए और बिना किसी कोचिंग का सहारा लिए लक्ष्मी ने कक्षा 12 (ISC) में 95.75 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लक्ष्मी की इस शानदार सफलता ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। इससे पहले भी वह हाईस्कूल में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। लक्ष्मी की पूरी शिक्षा सलेमपुर स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल से हुई है। इंटरमीडिएट (ISC) बोर्ड परीक्षा में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नोनापार गांव में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लक्ष्मी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

## 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा', बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी

**रुद्रपुर/देवरिया।** मुकेश रुंगटा भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रुद्रपुर नगर में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली गई। यह पदयात्रा नगर के बस स्टेशन से शुरू होकर इमामबाड़ा चौराहा, मुन्नीलाल चौराहा, मेन मार्केट, थाना रोड और जामुन चौराहा होते हुए आगे बढ़ी।

कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम एवं नगर अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पैदल मार्च करते हुए थाना क्षेत्र तक पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया।

इस दौरान भाजपा महिला जिला महामंत्री बबीता चौहान, जिला मंत्री माया विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख उषा पासवान, नीलम यादव, कुसुमावती निषाद सहित कई महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# नाली-नाले फेल, सड़कें बनी तालाब-कहा गया विकास

**अवधनामा संवाददाता**



**रुद्रपुर ,देवरिया।** शुक्रवार सुबह हुई पहली बारिश ने क्षेत्र में विकास और जलनिकासी के दावों की हकीकत उजागर कर दी। दुग्धेश्वर नाथ मंदिर से लेकर ब्लॉक कार्यालय के सामने तक सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई। हालात ऐसे बन गए कि सड़क तालाब में तब्दील हो गई और राहगीरों का चलना तक मुश्किल हो गया।वहीं, रामचक गांव स्थित प्रत्युष विहार स्कूल के सामने की सड़क पर भी जलभराव की गंभीर स्थिति देखने को मिली। सड़क पर लबालब पानी भर जाने से छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कोई स्थायी समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण थोड़ी सी बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। गंदे पानी और कीचड़ के बीच लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।धार्मिक स्थल दुग्धेश्वर नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी इसी जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आस्था के मार्ग पर भी अव्यवस्था साफ नजर आ रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो सफाई व्यवस्था सुधारी गई और न ही जलनिकासी के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। बारिश ने एक बार फिर दिखा दिया कि जमीनी स्तर पर विकास के दावे कितने खोखले हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता इस बदहाल व्यवस्था को झेलने को मजबूर रहेगी।

# सांप्रदायिक सद्भावना व समता की नीति के पोषक थे मधु लिमए

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** स्वतंत्रता आंदोलन सहित गोवा मुक्ति आंदोलन के महानायक मधु लिमए ने आजीवन समाजवादी रीति - नीति की स्थापना के लिए आवाज उठाई,उक्त बातें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधु लिमए ने आजाद भारत की तरक्की में साम्प्रदायिकता और असमानता को सबसे बड़ा बाधक मानते हुए सदैव इसकी मुखालफत की। स्वतंत्रता आंदोलन का सेनानी पेंशन और संसद सदस्य होने का पेंशन न लेने वाले देश के महान लेखक, पत्रकार एवं संसदविद मधु लिमए ने सैकड़ों किताबों का लेखन किया तथा देश को समुन्नत मुल्क बनाने के लिए समाजवाद को सर्वाधिक मुफीद बताया उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधु लिमए हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं जिन्हें जन्म जयंती पर नमन है। मधु लिमए जयंती पर उपस्थित मुरलीधर, रामू गुप्ता, अशोक यादव, सुरेश नारायण सिंह, चंद्रिका यादव, सदाबृक्ष यादव, नारायण प्रसाद, लक्ष्मण यादव , राजेश गोंड, परमहंस यादव, नगीना यादव, अयोध्या वर्मा, अभिषेक गुड्डु गोंड, शंकर गोंड, व्यास यादव आदि ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो नमन किया।

# गर्मियों में पाएं सबसे हटके ऑफिस लुक

# वार्डरोब में शामिल करें ये ट्रेंडी स्लीवलेस कुर्ती डिज़ाइन



गर्मियों में ऑफिस के लिए स्टाइलिश और आरामदायक लुक पाना चाहते हैं, तो स्लीवलेस कुर्ती बेहतरीन विकल्प है। यह लेख आपको प्रिंटेड वी-नेक, फ्लोरल प्रिंट और को-ऑर्ड सेट जैसे कई ट्रेंडी डिजाइंस के बारे में बताता है, जो आपको एक क्लासी और प्रोफेशनल लुक देने के साथ-साथ गर्मी में कूल और कम्फर्टेबल भी रखेंगे।

क्या आप भी गर्मियों के मौसम में ऑफिस के लिए स्टाइलिश लुक चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। ऐसे में कुछ लड़कियां आउटफिट्स ट्राई करती हैं, लेकिन हर कोई अपने लुक को परफेक्ट नहीं बना पता है। समर में हमेशा लुक ऐसा होना चाहिए जिसमें कंफर्ट और स्टाइल दोनों हो। अपने वॉर्डरोब में स्लीवलेस कुर्तियों को एड करें। ये कुर्ती गर्मियों के मौसम में आपको हल्का और कूल महसूस कराएगी, बल्कि ऑफिस में एक क्लासी और एलिगेंट लुक देगी।

मार्केट में स्लीवलेस कुर्तियों के कई ट्रेंडी डिजाइंस देखने को मिल रहा हैं जिन्हें आप ट्राउजर, प्लाजो या जींस के साथ पियर अप कर सकते हैं। यदि आप भी ऑफिस के लिए कुछ स्टाइलिश और आरामदायक आउटफिट की तलाश में हैं, तो आपको इस लेख में ट्रेंडी कुर्ती के डिजाइंस बताएंगे।

**प्रिंटेड वी नेक कुर्ती**

अगर आप ऑफिस के लिए सादा लेकिन आकर्षक लुक चाहती हैं, तो प्रिंटेड वी-नेक कुर्ती एक बेहतरीन विकल्प बन सकती है। हल्के रंग जैसे सफेद या क्रीम शेड में स्ट्रेट फिट कुर्ती पर बना प्रिंट ऑफिस के माहौल में बेहद सौम्य और प्रोफेशनल लुक देता है। इसका वी-नेक पैटर्न चेहरे की शेप को और निखारता है, जिससे आपका ओवरऑल लुक स्मार्ट नजर आता है। बिना स्लीव्स की डिजाइन गर्मियों के लिए काफी आरामदायक होती है और आपको ठंडक का एहसास भी देती है। अगर यह कुर्ती कॉटन फैब्रिक में हो, तो स्टाइल के साथ-साथ कंफर्ट भी भरपूर मिलता है, जो इसे ऑफिस वियर के लिए एक परफेक्ट चॉइस बनाता है।

**रेगुलर कुर्ती विथ ट्राउजर**

आजकल ऑफिस के लिए को-ऑर्ड स्टाइल में कई तरह के कुर्ती सेट मिल रहे हैं। यदि आप रोजाना बॉटम्स मैच करने की परेशानी होती है, तो आप इस तरह की कुर्ती सेट को खरीद सकते हैं। इसको आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। इस तरह की स्ट्रेट शेप कुर्ती वी-नेक और स्लीवलेस पैटर्न के साथ आपको एकदम मॉर्डन टच देगा।

**स्लीवलेस कॉटन कुर्ती राउंड नेक**

यदि आप गर्मियों में ज्यादा आराम चाहते हैं, तो एकदम प्योर कॉटन की स्लीवलेस कुर्ती आपके लिए सबसे जरुरी ऑप्शन हैं। पिंक कलर की यह स्ट्रेट कुर्ती आपको फ्रेश और सॉफ्ट लुक दे। इस कुर्ती का राउंड नेक डिजाइन इसे सिंपल और एलिगेंट बना देता है।

**फ्लोरल प्रिंटेड स्लीवलेस कुर्ती**

समर में सबसे ज्यादा फ्लोरल प्रिंट्स पसंद किए जाते हैं। फ्लोरल प्रिंटेड स्लीवलेस कुर्ती आपके ऑफिस लुक को परफेक्ट बना सकती है।

इस तरह की कुर्ती को आप ऑनलाइन या फिर बाजार से भी खरीद सकते हैं। इसको आप स्ट्रेट पैंट्स के साथ पहन सकते हैं।

## धक धक गर्ल का पावर-पैक्ड अंदाज, माधुरी दीक्षित का बॉस लुक हुआ वायरल



58 साल की माधुरी दीक्षित ने अपने लेमन येलो ब्लेजर सेट में बॉस लेडी लुक से नया फैशन ट्रेंड सेट किया है, जिससे यंग लड़कियां ऑफिस वियर के लिए स्टाइलिंग टिप्स ले सकती हैं। इस आर्टिकल में उनके 15,900 रुपये के सूट की कीमत, 3डी फ्लावर डिटेलिंग और वाइड लेग ट्राउजर के साथ ग्रेसफुल दिखने के तरीके बताए गए हैं।

90s के दशक से लेकर आज के दौर में भी माधुरी दीक्षित कई एक्ट्रेसेज को टक्कर देती नजर आ रही हैं। माधुरी दीक्षित बढ़ती उम्र के साथ स्टाइल और भी धांसू होता जा रहा है। हाल ही माधुरी की लेटेस्ट तस्वीरों का हर कोई दीवाना हो जाएगा। सूट-बूट में धक-धक गर्ल बॉस लेडी बनीं नजर आ रही है। 58 की उम्र में भी हसीना का अंदाज काफी ग्लैमरस नजर आ रहा है। यंग लड़कियां उनसे टिप्स लेकर खुद को स्टाइलिश बना सकती हैं।

हाल ही माधुरी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह ब्राइट येलो कलर के इस फॉर्मल लुक में उनका अंदाज कमाल का नजर आ रहा है। इसको उन्होंने काफी ग्रेसफुल तरीके से कैरी किया है। यह लुक देखकर सभी लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। अब आप भी लेडी बॉस का लुक पाने के लिए ये लुक जरुर ट्राई करें।

**ब्लेजर सेट की कीमत**

माधुरी के इस क्लासिक लुक और सॉफ्ट फेमिनिम टच का परफेक्ट मिक्स है, जिसे उन्होंने बड़े ही ग्रेस के साथ कैरी किया। माधुरी ने फेमस सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट सुकृति ग्रोवर ने स्टाइल किया। ब्लेजर सेट का कलर लेमन येलो है और इसकी कीमत 15,900 रुपये है।

**3डी फ्लावर ने ऐड किया स्टेटमेंट**

माधुरी के इस लुक की डिटेलिंग पर ध्यान दें, तो उनके ब्लेजर सेट को हैवी लग्जरी बनाना क्रेप फैब्रिक से बनाया गया है, जो स्ट्रक्चर और फ्लो दोनों का बैलेंस देता है। इसे वेल्ट पॉकेट्स और बटन डिटेलिंग के साथ क्लीन टेलर्ड फिनिश मिली, तो फ्रंट पर हुक क्लोजर इसे स्मूद और मिनिमल लुक प्रदान करता है। जिसमें स्टेटमेंट एलिमेंट 3डी फ्लावर लेकर आया, जिसे लैपल के एक साइड पर लगाया जाता है। इसी के साथ ही उन्होंने सेम कलर की वेस्ट भी पहन रखी है।

**वाइड लेग ट्राउजर किया पेयर**

माधुरी ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए वाइड लेग ट्राउजर वियर किया है। जिसके साइड में दी जिप क्लोजर, फिट को क्लीन रखती है। स्ट्रक्चर्ड टॉप और फ्लोई बॉटम का कॉम्बिनेशन लुक को क्लासी और ग्रेसफुल फील देता है। ब्लेजर की स्लीव्स को कोहनी तक चढ़ाकर उन्होंने कभी चेयर पर बैठकर पोज दिए है।

**ऑफिस जाने वाली लड़कियां लें टिप्स**

- ब्लेजर का शानदार लुक के साथ सॉफ्ट बैलेंस ऐड करें, जैसे फ्लोरल या बेल्ट, जिससे आपका लुक प्रोफेशनल नजर आएगा।

## क्या ज़्यादा सनस्क्रीन लगाना खतरनाक है?



सनस्क्रीन के अधिक इस्तेमाल से त्वचा खराब होने का दावा एक मिथक है, असल में नुकसान गलत प्रोडक्ट के चयन से होता है। जानें अपनी स्किन टाइप के लिए सही केमिकल या फिजिकल सनस्क्रीन चुनकर त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से कैसे बचाएं।

गर्मियों त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरुरी होता है। अगर चिलचिलाती धूप से स्किन को नहीं बचाया, तो इससे त्वचा पर टैनिंग नजर आने लगती है। कई बार धूप के कारण स्किन डार्क हो जाती है। गर्मी के मौसम में सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए ज्यादातर लोग सनस्क्रीन लगाते हैं। इस मौसम में सनस्क्रीन लगाना अनिवार्य मानी जाती है। सूरज की हानिकारण अल्ट्रावॉयलेट किरणों से त्वचा की सुरक्षा के लिए डॉक्टर भी सनस्क्रीन लगाने की सलाह देते हैं। लेकिन कई बार आपने भी सुना होगा कि सनस्क्रीन ज्यादा से ज्यादा लगाने से स्किन को नुकसान पहुंचता है।

इस लेख में हम आपको बताएंगे कि यह सत्य है या सिर्फ एक मिथक है। असल में स्किन एक्सपर्ट बताते हैं कि सही तरीके और सही मात्रा में सनस्क्रीन का इस्तेमाल त्वचा की सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान और समय से पहले उम्र बढ़ने से बचाता है।

गौरतलब है कि हर किसी को त्वचा काफी अलग होती है और कुछ लोगों को कुछ विशेष प्रकार के केमिकल सनस्क्रीन से एलर्जी या ड्राईनेस जैसी समस्याएं होती है। क्योंकि सनस्क्रीन का चयन और नियमित इस्तेमाल बेहद ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। आइए आपको बताते हैं सनस्क्रीन सही मात्रा, टाइप और इस्तेमाल तरीके।



**सनस्क्रीन के प्रकार**

सनस्क्रीन मुख्य रुप से दो ही प्रकार की होती है। पहली केमिकल सनस्क्रीन, जो ङ्क किरणों को त्वचा में अवशोषित करके उसे नुकसान पहुंचाती हैं। इसमें ऐसे तत्व होते हैं जो सूर्य की हानिकारक किरणों को छान लेते हैं। दूसरी फिजिकल या मिनरल सनस्क्रीन होती है, जो त्वचा की सतह पर एक परत बना देती है और ङ्क किरणों को सीधे परिवर्तित करती है।

वहीं, फिजिकल सनस्क्रीन अक्सर संवेदनशील त्वचा के लिए बेहतर मानी जाती है क्योंकि यह कम एलर्जी पैदा करती है।

**गलत धारणाएं**

कई बार लोगों का लगता है कि सनस्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। यह बिल्कुल सच नहीं है। यह समस्या तब आती है जब कोई व्यक्ति अपनी स्किन के लिए गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल करता है या संवेदनशील त्वचा होने पर बहुत बार केमिकल सनस्क्रीन लगाता है। इसलिए सही उत्पाद और सही मात्रा में इसको जरुर लगाएं, तभी त्वचा की सुरक्षा होगी।

**सही इस्तेमाल**

गौरतलब है कि सनस्क्रीन का सही यूज त्वचा को सूरज की किरणों से बचाने के लिए सबसे जरुरी भूमिका निभाता है। इसे चेहरे, हाथों और शरीर के खुले हिस्सों पर लगाना चाहिए। रोजाना दो घंटे में दोबारा लगाना सही होता है। खासतौर पर जब आप पानी में जा रहे हैं या पसीना आ रहा है। स्क्क्न 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन का चयन करें। वाटरप्रूफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना तभी जरुरी होता है जब तैराकी या एक्सट्रीम पसीना होने वाला हो।

**साइड इफेक्ट्स**

जिन लोगों की त्वचा केमिकल सनस्क्रीन से संवेदनशील हो जाती है, उनको जलन, लालिमा या रैशेस हो सकते हैं। लेकिन इसके सही प्रोडक्ट और उचित मात्रा में इस्तेमाल करने से ये जोखिम बहुत कम हो जाता है। फिजिकल या मिनलर सनस्क्री का इस्तेमाल संवेदनशील त्वचा के लिए सेफ होता है।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल स्किन के लिए सेफ रहता है। अगर आप ज्यादा सनस्क्रीन का यूज करते हैं, तो त्वचा खराब हो जाती है- यह सिर्फ एक मिथक है। इसलिए सही प्रकार की सनस्क्रीन का चुनें और रोजाना इसका प्रयोग करें, जिससे आपकी स्किन और भी खूबसूरत हो जाएगी। त्वचा को सूरज की हानिकारण किरणों, समय से पहले उम्र बढ़ने और स्किन कैंसर से बचा सकता है।

## डेली ट्रैवल करने से बाल हो रहे हैं खराब, तो आजमाएं आसान हेयरकेयर टिप्स

अगर आप हर दिन स्कूटी, बाइक या ओपन ऑटो से ट्रैवल करती हैं तो ऐसे में अपने बालों को प्रोटेक्ट करने के लिए स्कार्फ, स्टोल या कैप का इस्तेमाल करें। जब आप अपने बालों को कवर करती हैं तो इससे आपके बाल सीधे धूल, प्रदूषण और कड़ी धूप से बचाता है। वहीं, यूवी एक्सपोजर से सूखापन और रंग फीका भी पड़ता है। आज के समय में महिलाएं भी वर्किंग हैं और इसलिए उन्हें हर दिन घर से बाहर निकलना पड़ता है। ऑफिस जाना, मार्केट जाना या लंबा ट्रैवल करना सिर्फ शरीर को ही नहीं, बालों पर भी असर डालता है। धूल-मिट्टी, प्रदूषण, तेज धूप, पसीना, हवा, हेलमेट, मेट्रो या बस का सफर, कहीं ना कहीं बालों को रूखा, बेजान, उलझा हुआ और कमजोर बना सकते हैं। ऐसे में बालों की केयर करने के लिए हजारों रुपये खर्च करने की जरूरत पड़ती है। कई महिलाएं यह सोचती हैं कि उन्हें सिल्की व स्मूथ बाल पाने के लिए महंगे प्रोडक्ट्स या पार्लर ट्रीटमेंट जरूरी हैं, जबकि यह पूरी तरह से सच नहीं है। अगर आप



कुछ हेल्दी आदतों को अपनाती हैं तो ऐसे में रोज ट्रैवल करने के बाद भी आपके बाल बेहद ही सिल्की व स्मूथ बना सकते हैं-

**बालों को करें कवर**

अगर आप हर दिन स्कूटी, बाइक या ओपन ऑटो से ट्रैवल करती हैं तो ऐसे में अपने बालों को प्रोटेक्ट करने के लिए स्कार्फ, स्टोल या कैप का इस्तेमाल करें। जब आप अपने बालों को कवर करती हैं तो इससे आपके बाल सीधे धूल, प्रदूषण और कड़ी धूप से बचाता है। वहीं, यूवी एक्सपोजर से सूखापन और रंग फीका भी पड़ता है। कवर करने से बालों का उलझना भी कम होता है।

**कैरी करें मिनी हेयर सीरम या लीव-इन कंडीशनर**

अगर आप हर दिन ट्रैवल करती हैं तो ऐसे में आप हमेशा बैग में हमेशा छोटे बाल सीरम या लीव-इन कंडीशनर रखें। इससे धूल भरे या उमस भरे मौसम में फ्रिज तुरंत कंट्रोल होता है। साथ ही, इसके इस्तेमाल से बाल हमेशा मैनेजबल व स्मूथ लगते हैं। साथ ही, इससे ड्राई एंड्स को भी प्रोटेक्शन मिलती है।

**माइल्ड शैम्पू का करें इस्तेमाल**

अगर आप अपने बालों की बेहतर केयर करना चाहती हैं, तो ऐसे में हार्श शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें। अगर आप हर दिन ट्रैवल करती हैं तो ऐसे में हार्श शैम्पू का इस्तेमाल करने से बाल ज्यादा डैमेज हो सकते हैं। सल्फेट फ्री या जेंटल शैम्पू का इस्तेमाल करना बेहतर उपाय है। इससे ना केवल स्कैल्प क्लीन रहेंगे, बल्कि हेयर स्ट्रिप भी नहीं होंगे। जेंटल शैम्पू का इस्तेमाल करने से बालों की रफनेस व ड्राईनेस कम होती है।

**हेलमेट के नीचे कॉटन लाइनर का करें इस्तेमाल**

हेलमेट के अंदर पसीना और फ्रिक्शन होना आम बात है। ऐसे में हेलमेट के नीचे कॉटन लाइनर पहनना आम बात है। कॉटन स्कार्फ या लाइनर पसीना सोखता है और बालों को रगड़ने का काम करता है। साथ ही, इससे स्कैल्प इरिटेशन भी कम हो सकती है।

## फारसी सलवार सूट का नया फैशन ट्रेंड, आपको क्लासी और एकदम रॉयल लुक देगा



फैशन के दौर में आजकल फारसी सलवार सूट का ट्रेंड काफी चल रहा है। अगर इन गर्मियों में आप भी कुछ स्टाइलिश और डिफरेंट लुक ट्राई करना चाहते हैं, तो अब आपको परेशान होने की कोई जरुरत नहीं है। अब आप भी फारसी सलवार सूट पहनकर दिख सकते हैं स्टाइलिश। फारसी सूट सलवार एकदम रॉयल लुक देता है। समर सीजन में किसी भी फंक्शन के लिए बेस्ट हो सकते हैं फारसी सूट सलवार। यदि आपको सलवार सूट पहनना काफी पसंद है, तो आप रोजाना एक ही तरह के सलवार सूट पहनकर बोर हो गई होगी। अब ट्रेंडी एथनिक कॉटन कुर्ता फारसी सूट को पहन सकती है। इस तरह सूट डिजाइंस आपको ऑनलाइन मिल जाएंगे या फिर आप दुकान से भी ले सकते हैं। अगर आपको अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना हैं तो इसके लिए आप ब्लेंड फारसी सलवार सूट को पहन सकते हैं। ऐसे सलवार सूट आप बाजार से कपड़ा लाकर किसी भी टेलर से अपने साइज के हिसाब से फारसी सलवार सूट बनवा सकती हैं। आप चाहे तो ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट्स भी खरीद सकती हैं। किसी खास फंक्शन या त्योहार पर सूट पहनने का प्लान बना रही हैं, तो आप कुछ यूनिक ट्राई करने के लिए इस तरह का सूट पहन सकते हैं।

## नवरत्न चूड़ियों का ये लेटेस्ट डिज़ाइन बना फैशन ट्रेंड

नवरत्न बैंगल्स के 5 लेटेस्ट डिजाइन्स का विश्लेषण किया गया है, जो किसी भी फंक्शन के लिए परफेक्ट हैं। इसमें मल्टीकलर फ्लोरल, कुंदन, गोल्ड प्लेटेड और व्हाइट डायमंड केरी शेप जैसे ट्रेंडी बैंगल्स शामिल हैं जो आपके एथनिक लुक को पूरा करते हैं।

किसी भी फंक्शन के लिए रैडी होने के लिए आउटफिट होना काफी जरुरी है लेकिन लुक को परफेक्ट बनाने के लिए सुंदर एक्सेसरीज होना भी जरुरी होता है। अगर आप भी शादी एवं पार्टी में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो आज ही इस तरह के नवरत्न बैंगल्स सेट को खरीद लें। यह आपके हाथों की सुंदरता बढ़ा देंगी। ज्यादातर महिलाओं को चूड़ी पहनने काफी शौक होता है, ऐसे में आप सुंदर कंगन को पहनकर अपने लुक को शानदार बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको नवरत्न बैंगल्स का कलेक्शन शेयर करने वाले है, एक बार इनको पहन लिया तो सब लोह आपकी तारीफ करेंगे।



किसी भी खास मौके पर अपने लुक को गॉर्जियस और बेहतर बनाने के लिए किसी भी आउटफिट के साथ आप मल्टीकलर नवरत्न फ्लोरल बैंगल्स को ट्राई कर सकते हैं। आपको इस तरह के बैगल्स ऑनलाइन मिल जाएंगे या फिर आप नजदीकी बाजार में ज्वेलरी शॉप से भी खरीद सकते हैं।

**व्हाइट कलरफुल मोती डिजाइन नवरत्न बैंगल्स**

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए और रॉयल लुक पाने के लिए, अब इस तरह के लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले व्हाइट कलरफुल मोती वाले नवरत्न बैंगल्स को शामिल कर सकते हैं। अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं।

**मल्टीकलर जेमस्टोन कुंदन नवरत्न बैंगल्स**

खास मौके पर खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस तरह के बैंगल्स को खरीद सकती है। इसको आप ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट के जरिए खरीद सकती हैं या फिर अपने नजदीकी बाजारों से भी खरीद सकती है।

**गोल्ड प्लेटेड नवरत्न बैंगल्स**

यदि आपको डेली वियर के लिए बैंगल्स चाहिए, तो इस तरह के डिजाइन आपके लिए परफेक्ट साबित होंगे। इस तरह के खूबसूरत बैंगल्स हाथों में चार चांद लगा देते हैं। इसके साथ ही स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक पा सकते हैं।

**व्हाइट डायमंड केरी शेप नवरत्न बैंगल्स**

अगर आप चाहें तो लेटेस्ट ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए व्हाइट डायमंड से सजे केरी शेप नवरत्न बैंगल्स को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये बैंगल्स आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। इन्हें आप ट्रेडिशनल और एथनिक ड्रेस के साथ-साथ साड़ी या लहंगे के साथ भी आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस तरह के स्टाइलिश बैंगल्स आपको विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल जाएंगे।

## सफ़ेद बालों की खासियत ख़त्म!

# घर पर लगाएं ये हर्बल कोलेजन ट्रीटमेंट, बालों का झड़ना भी होगा कंट्रोल

समय से पहले सफेद हो रहे बालों को रोकने के लिए घर पर बना कोलेजन ट्रीटमेंट एक प्रभावी उपाय हो सकता है। जटामांसी, आंवला और गुड़हल जैसी जड़ी-बूटियों से तैयार यह हर्बल हेयर पैक बालों को प्राकृतिक रूप से काला, घना और मजबूत बनाने में मदद करता है।

खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान और केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल से कम उम्र में ही सफेद बालों की समस्या देखने को मिलती है। आजकल तो 20 साल के लड़के-लड़कियों के बालों में नेचुरल चमक खो गई है। खासकर 35 से 40 की उम्र के बाद तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है। अगर आपको नेचुरल तरीके से बालों को काला, मजबूत और घना बनाना है तो आप घर पर बी कोलोजन ट्रीटमेंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह हर्बल हेयर पैक आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

**कोलाजेन ट्रीटमेंट के लिए हेयर पैक की सामग्री**

-2 से 3 चम्मच जटामांसी
-1 बड़ा चम्मच आंवला पाउडर
-3 से 4 संतरे के छिलके
-4 से 5 गुड़हल के फूल
-1 बड़े बर्तन में पानी

**कोलाजेन ट्रीटमेंट के लिए हेयर पैक बनाने की विधि**

सबसे पहले एक बड़े बर्तन में पानी भरकर उसे गैस पर चढ़ा दें। जब पानी हल्का गर्म होने लगे, तो इसमें धीरे-धीरे से जटामांसी डालें। जटामांसी बालों की जड़ों को शांत करके और समय से पहले सफेद बाल होने की समस्या को कम करता है।

इसके बाद इसमें आंवला पाउडर डालें। आंवला बालों की देखभाल के लिए बेहद प्रभावी तत्व माना जाता है, जो उनकी प्राकृतिक काली चमक को बनाए रखने में सहायक होता है। यह न केवल बालों में अच्छी चमक लाता है, बल्कि उन्हें मजबूत बनाकर झड़ने और टूटने की समस्या को भी कम करता है।



इसके बाद इसमें सूखे संतरे के छिलकों का पाउडर मिलाएं। संतरे के छिलकों में भरपूर मात्रा में मौजूद विटामिन-सी सिर की त्वचा को साफ रखने में मदद करता है और बालों की बढ़त को प्रोत्साहित करता है। इससे बालों में ताजगी आती है और वे हल्के व साफ-सुथरे महसूस होते हैं।

इसके बाद इसमें गुड़हल के फूल मिलाएं। गुड़हल को बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है, क्योंकि यह जड़ों को पोषण देकर उन्हें मजबूत बनाता है। साथ ही, यह बालों के झड़ने की समस्या को कम करने में भी सहायक होता है।

अब इस तैयार मिश्रण को धीमी आंच पर अच्छी तरह उबालें। करीब 15-20 मिनट तक इसे पकने दें, ताकि सभी जड़ी-बूटियों के गुण पानी में पूरी तरह घुल जाएं। जब पानी का रंग गहरा हो जाए और उसमें हल्की खुशबू आने लगे, तब गैस बंद कर दें।

अब इस मिश्रण को कुछ देर ठंडा होने के लिए छोड़ दें, फिर इसे छानकर किसी साफ कंटेनर में अलग कर लें। यही तैयार तरल आपका कोलेजन युक्त हर्बल हेयर रिंस या हेयर पैक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कैसे करें इस्तेमाल**

तैयार किया पानी को शैम्पू करने के बाद बालों पर अच्छे से लगाएं। इसे स्कैल्प से लेकर बालों की लंबाई तक लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 10 से 15 मिनट तक बालों में लगा रहने दें और फिर इसको सादे पानी से धो लें। यदि आप हफ्ते में दो बार ट्राई करती हैं, तो आपको बालों में ज्यादा फर्क देखने को मिलेगा।

**हेयर कोलाजेन ट्रीटमेंट के फायदे**

- बालों की नेचुरल काली रंगत बनाए रखने में मदद करता है।
- समय से पहले बालों की समस्या कम हो जाती है।
- बालों की जड़ों को मजबूत करता है।
- हेयर फॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।
- बालों में प्राकृतिक तौर पर शाइन और सॉफ्टेस लेकर आता है।
- स्कैल्प को ठंडक और पोषण देता है।

# थर्ड जेंडर के मतदाताओं की बढ़ी भागीदारी

## पश्चिम बंगाल-पुदुचेरी में 90 फीसदी से ज्यादा ने किया मतदान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने 91.28% मतदान कर मजबूत भागीदारी दिखाई, जबकि पहले चरण में यह 56.79% था। पुदुचेरी में सबसे अधिक 91.81% मतदान दर्ज किया गया।

देश में थर्ड जेंडर के मतदाताओं की भागीदारी को लेकर उत्साहजनक तस्वीर सामने आई है। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने रिकॉर्ड 91.28 प्रतिशत मतदान किया। पहले चरण में यह आंकड़ा 56.79 प्रतिशत था, जो दूसरे चरण में तेजी से बढ़ा।

पश्चिम बंगाल में कुल 1,257 थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने दो चरणों में वोट डाला, जिनमें 465 मतदाता पहले चरण और 792 दूसरे चरण में शामिल रहे। वहीं, हाल ही में संपन्न



विधानसभा चुनावों में पुदुचेरी ने थर्ड जेंडर के मतदाताओं के बीच सबसे अधिक 91.81 प्रतिशत मतदान दर्ज किया। यहां कुल 139 मतदाता इस श्रेणी में पंजीकृत थे। तमिलनाडु में 7,728 तीसरे लिंग के मतदाताओं में से 60.49 प्रतिशत ने 23 अप्रैल को मतदान किया। केरल में 277 मतदाताओं में से 57.04 प्रतिशत और असम में 343 मतदाताओं में से 36.84 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इन राज्यों में चुनाव की तारीखें अलग-अलग रहीं, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को, जबकि केरल, असम और पुदुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में वोटिंग कराई गई। सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

**लोकसभा चुनावों की तुलना से क्या बदला?**

अगर पिछले लोकसभा चुनावों से तुलना करें तो तस्वीर मिश्रित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में थर्ड जेंडर के मतदाताओं का पंजीकरण तो बढ़कर 48,194 हो गया, जो 2019 के 39,075 के मुकाबले 23.5 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, मतदान प्रतिशत केवल 27 प्रतिशत ही रहा यानि 13,058 लोगों ने ही वोट डाला।

**किनके प्रयासों के बाद मिली यह सुविधा?**

गौरतलब है कि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला के प्रयासों के बाद ही थर्ड जेंडर के लोगों को अन्य या 'O' श्रेणी में मतदाता के रूप में पंजीकरण की सुविधा मिली। अब चुनाव आयोग मतदाताओं को पुरुष, महिला और अन्य (थर्ड जेंडर) के रूप में वर्गीकृत करता है।

### कर्नाटक कैबिनेट ने एससी आंतरिक आरक्षण को मंजूरी दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए आंतरिक आरक्षण को लेकर पहले लिए गए निर्णयों को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकारी विभागों में लंबित भर्तियों को तेज करने के लिए भर्ती नियमों में अहम बदलाव भी किए गए हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने 16 और 24 अप्रैल को लिए गए फैसलों को दोहराते हुए आरक्षण नीति में आवश्यक संशोधनों को मंजूरी दी है। एच के पाटिल ने जानकारी दी कि सरकार एससी वर्ग के 15 प्रतिशत कोटे के भीतर आंतरिक आरक्षण को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई व्यवस्था के तहत भर्ती प्रक्रिया में 400-पॉइंट रोस्टर प्रणाली अपनाई जाएगी, जिससे आरक्षण का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। यदि किसी भर्ती में एससी के लिए तीन से कम रोस्टर पॉइंट बनते हैं, तो सभी 101 अनुसूचित जाति समुदायों को सामान्य एससी श्रेणी के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी।

# पंजाब में डीसी दफ्तर पर खालिस्तानी झंडा फहराने के आरोपी को पांच साल की सजा, पन्नू की साजिश का पर्दाफाश

**पंचकूला।** सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के उकसावे पर मोगा डीसी कार्यालय पर खालिस्तानी झंडा फहराने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने दो आरोपियों को 2020 के एक मामले में दोषी ठहराया है। उन्हें पाँच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला पंजाब के मोगा स्थित एक सरकारी इमारत पर सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महाधिवक्ता और नामित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के उकसावे पर खालिस्तान का झंडा फहराने से संबंधित है। मोगा निवासी इंदरजीत सिंह और जसपाल सिंह को आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम और राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 5 साल 6 महीने की जेल और 16,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले एनआईए ने इन दोनों आरोपियों के साथ-साथ गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपियों और अमेरिका में




फरार चल रहे दो आरोपियों, गुरपतवंत सिंह पन्नू और उसके साथी राणा सिंह उर्फ हरप्रीत सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। पन्नू और हरप्रीत (एसएफजे का सदस्य) को 2021 में मोहाली विशेष अदालत ने इस मामले में भगोड़ा घोषित कर दिया था।

पन्नू के उकसावे पर और गैरकानूनी संगठन एसएफजे द्वारा दिए गए नकद इनाम के बदले में, इंदरजीत और जसपाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से ठीक पहले 14 अगस्त 2020 को मोगा स्थित उपायुक्त कार्यालय में खालिस्तानी झंडा फहराया था। दोनों ने उपायुक्त कार्यालय के प्रशासनिक परिसर में प्रवेश किया। इमारत की छत पर जाकर लोहे के खंभे पर खालिस्तान छपा हुआ केसरिया/पीले रंग का झंडा फहराया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की रस्सी काटकर उसका अपमान भी किया, जिससे ध्वज जमीन पर गिर गया और फिर वे रस्सी से तिरंगे को घसीटते हुए ले गए।

जांच में पता चला था कि हरप्रीत ने इंदरजीत और जसपाल को इन कृत्यों को अंजाम देने के लिए पैसे दिए थे। इससे पहले, 10 और 11 अगस्त 2020 के बीच, पन्नू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें उसने पंजाब और हरियाणा के निवासियों से खालिस्तानी झंडे फहराने का आग्रह किया था।

# बंगाल में चुनाव के बाद बवाल: तीन जिलों में भारी हिंसा, पुलिस ने शुरू की जांच



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान संपन्न होते ही राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा की खबरें आने लगी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जिलों में हिंसा की कम से कम तीन बड़ी घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस ने इन मामलों में जांच शुरू कर दी है।

मुर्शिदाबाद जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के लोचनपुर में गुरुवार रात खूनी संघर्ष हुआ। यहां सीपीआईएम के पोलिंग एजेंट रूहूल अमीन पर जानलेवा हमला किया गया। पार्टी सूत्रों का आरोप है कि अमीन एक चाय की दुकान पर बैठे थे। तभी तृणमूल कांग्रेस के एक क्षेत्रीय पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं के समूह ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रूहूल रात में घर से बाहर निकले थे।

परिवार का आरोप है कि उन्हें पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में उन्हें स्थानीय लोगों ने बचाया। सीपीआईएम ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने शुरुआत में कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में रानीनगर विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार ने पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया, जिसके बाद अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। इस मामले में एक गंभीर आरोप यह भी है कि चाय की दुकान के सीसीटीवी फुटेज का कुछ हिस्सा डिलीट कर दिया गया है।

हिंसा की दूसरी घटना मालदा जिले के रतुआ क्षेत्र के उत्तर बालूपुर में सामने आई। यहां भाजपा के मंडल अध्यक्ष महानंदा मंडल पर गुरुवार दोपहर हमला हुआ। भाजपा नेताओं का आरोप है कि संदिग्ध टीएमसी कार्यकर्ताओं ने मंडल को बीच सड़क पर रोका। इसके बाद उन पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला किया गया।

# मौसम विभाग: मई में पड़ेगी भीषण गर्मी, कुछ राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, बारिश की बूंदों से राहत के भी आसार

**नई दिल्ली।** आईएमडी के अनुसार, मई में पूरे भारत में कुल वर्षा सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर और पूर्व-मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मई महीने को लेकर मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि देश के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक हीटवेव (लू) के दिन देखने को मिल सकते हैं। खासतौर पर हिमालय की तलहटी वाले इलाकों, पूर्वी तटीय राज्यों, गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी का असर ज्यादा रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय मोहपात्रा ने कहा कि मई के दौरान देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है, जिससे रात में भी गर्मी से राहत कम मिल सकती है।



हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के इलाकों और पूर्वोत्तर भारत के दक्षिणी हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रह सकता है।

आईएमडी के अनुसार, मई में पूरे भारत में कुल वर्षा सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर और पूर्व-मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

**तापमान की स्थिति (30 अप्रैल 2026 के अनुसार)**

देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। विदर्भ, तेलंगाना, मराठवाड़ा, पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों और छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं, देश के बाकी हिस्सों में यह 34 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

इसके विपरीत, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, गंगीय पश्चिम बंगाल, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिससे वहां अपेक्षाकृत राहत बनी हुई है।

**सबसे अधिक तापमान**

महाराष्ट्र के चंद्रपुर (चांदा) में 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन की भीषण गर्मी को दर्शाता है।

### मणिपुर में पुल ढहने से आपूर्ति मार्ग बाधित

**मणिपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक अहम बैली ब्रिज ढह जाने से इलाके की कनेक्टिविटी प्रभावित हो गई है। यह घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तुईवाई नदी पर बना यह बैली ब्रिज सिनजावल और खुआंगजिन गांवों को जोड़ता था, जो राष्ट्रीय राजमार्ग ह्य-102क्र पर स्थित है। बताया गया कि पुल उस समय टूट गया जब सीमेंट से लदे दो ट्रक उस पर से गुजर रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, जिससे बड़ी राहत मिली है। हालांकि, पुल गिरने से इलाके की आवाजाही पर गंभीर असर पड़ा है। यह मार्ग चुराचांदपुर के लिए बेहद महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइन माना जाता है, जिसके जरिए असम के सिलचर और मिजोरम से जरूरी सामान की सप्लाई होती है। पुल के टूटने से फिलहाल इस सप्लाई चेन में बाधा आ गई है।

# टीटीपी के बाद अल-कायदा ने भी पाक के खिलाफ छेड़ी लड़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा है। दरअसल खुफिया रिपोर्ट में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा, पाकिस्तान में अशांति भड़काना चाहता है और उसने इसकी कोशिशें भी शुरू कर दी हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अल-कायदा को लेकर यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब पहले से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अल कायदा, अफगान तालिबान के समर्थन में ही पाकिस्तान के खिलाफ हुआ है।

खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अल-कायदा की मीडिया इकाई ने पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। अल कायदा का मानना है कि पाकिस्तान सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है,



जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। अल-कायदा ने पाकिस्तान सेना और अफगानिस्तान में उसकी भूमिका की आलोचना करते हुए अपने समर्थकों से पाकिस्तान में शासन के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया है।

एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम अपेक्षित था। पाकिस्तान न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, बल्कि वह अल-कायदा के प्रतिद्वंद्वी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को भी बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसकेपी ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मोर्चा संभाला है। हालांकि पहले आईएसकेपी पाकिस्तान के खिलाफ बोलता रहा है, लेकिन अब वह उसका सहयोगी बन गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आईएसकेपी का मुख्य लक्ष्य तालिबान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करना है। तालिबान के कमजोर होने से आईएसकेपी को अफगानिस्तान में विस्तार का मौका मिल सकता है। हालांकि अब तक अफगान तालिबान ने आईएसकेपी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है।

वर्तमान हालात में अल-कायदा को लगता है कि वह पाकिस्तान में जनभावनाओं का फायदा उठाकर आंतरिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोग सरकार और खासकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हैं, लेकिन सेना की सख्ती के कारण उनकी आवाज दबा दी गई है। अल-कायदा इन्हीं भावनाओं को भुनाने की कोशिश कर रहा है।

### असम के मुख्यमंत्री के बयान पर भड़का बांग्लादेश: भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

**ढाका।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ढाका में तैनात भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बढ़े को तलब किया। बांग्लादेश ने मुख्यमंत्री के बयान पर अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए इसे दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के खिलाफ बताया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की महानिदेशक इशरत जहां ने भारतीय राजनयिक पवन बढ़े से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने औपचारिक विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेशी अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की बयानबाजी द्विपक्षीय संबंधों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर सार्वजनिक टिप्पणी करते समय संयम बरतना बेहद जरूरी है।

# पश्चिम एशिया में तनाव बरकरार: होर्मुज में 90% से अधिक घटी जहाजों की आवाजाही, जंग का दंश झेल रही पूरी दुनिया

**लंदन।** अमेरिका-इस्राइल ने ईरान पर 28 फरवरी को हमला किया था, तब से लेकर अभी तक होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों का संचालन बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है। यूकेएमटीओ के मुताबिक, संघर्ष शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के आकलन के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है। यह गिरावट अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद हुई है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने 1 मार्च से 27 अप्रैल के बीच 40 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले, क्षति, उत्पीड़न और बाल-बाल बचने की घटनाएं शामिल हैं। निगरानी टीम ने बताया कि कम से कम 26 घटनाओं में व्यापारिक जहाजों पर सीधे हमले हुए। तनाव बढ़ने से पहले, 28 फरवरी को, प्रतिदिन करीब 130 जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे। अब यह संख्या प्रतिदिन 10 से भी कम जहाजों पर आ गई है। इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में से एक लगभग ठप हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा शिपिंग का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। वॉशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष के कारण इसमें बड़ी बाधाएं आई हैं।

**फंसे हुए जहाज और नाविकों की चिंता**

यूकेएमटीओ के अधिकारियों ने



बताया कि इस स्थिति के कारण खाड़ी के अंदर 850 से 870 बड़े व्यापारिक जहाज फंसे हुए हैं। सुरक्षा जोखिमों के कारण वे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यूकेएमटीओ के संचालन प्रमुख कमांडर जो ब्लैक ने कहा कि उनकी पहली चिंता नाविकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि करीब 20,000 नाविक ऐसे जहाजों पर हैं जो कहीं नहीं जा रहे हैं। चालक दल में बदलाव नहीं हो रहा है और आपूर्ति भी बाधित हो रही है।

**वैश्विक व्यापार पर संभावित प्रभाव**

कमांडर जो ब्लैक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चिंताएं बढ़ेंगी। यूकेएमटीओ लाल सागर, खाड़ी क्षेत्र और उत्तरी हिंद महासागर में जहाजों के लिए एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित कर सकता है।

### दक्षिण अफ्रीका के स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीय इतिहास शामिल करने की मांग

**केप टाउन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में 70 साल के जेम्स अर्नेस्ट हिचकॉक को जहरीला इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी गई। उसे करीब 50 साल पहले अपने भाई की 13 साल की सौतेली बेटी सिंथिया ड्रिगर्स की हत्या का दोषी पाया गया था। यह घटना जुलाई 1976 की है। उस समय हिचकॉक की उम्र 20 साल थी और वह अपने भाई के घर में रह रहा था। जांच के अनुसार, हिचकॉक ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की ने अपनी मां को सब बताने की बात कही, तो उसने लड़की का गला घोंट दिया। इसके बाद वह उसे घर के बाहर ले गया और पीट-पीटकर मार डाला। हिचकॉक को 1977 में पहली बार मौत की सजा मिली थी। इसके बाद कई वर्षों तक अपील का दौर चला। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उसकी आखिरी अपील भी खारिज कर दी थी।

# कश्मीर पर पाकिस्तान का नया पैंतरा: तनाव बढ़ाकर राष्ट्रपति बनने की चाह में आसिम मुनीर, वैश्विक हस्तक्षेप की आस

**इस्लामाबाद।** अपनी गिरती साख और राष्ट्रपति बनने की चाहत में फील्ड मार्शल मुनीर कश्मीर में बड़े रक्तपात की साजिश रच रहे हैं। पाकिस्तान का मकसद भारत को उकसाकर ट्रंप प्रशासन को मध्यस्थता के लिए मजबूर करना और कश्मीर के मुद्दे को वैश्विक मंच पर जिंदा करना है। खुफिया रिपोर्ट में क्या-क्या सामने आया है? खबर में जानिए...

पाकिस्तान की बेबसी अब साफ दिखने लगी है। वह भारतीय सीमा पर एक और दुस्साहसिक हमले की फिराक में है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाने की योजना बना रहा है। इस साजिश का असली मकसद अमेरिका को इस विवाद के बीच में खींचना है।

पाकिस्तान इस बार किसी बहुत बड़े हमले की फिराक में है। उसे उम्मीद है कि इस हमले के बाद




भारत वैसी ही कड़ी प्रतिक्रिया देगा, जैसी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दी गई थी। पाकिस्तान के सैन्य हुक्मरानों को लगता है कि भारत के जवाबी हमले से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोर मचेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जरिए अमेरिका के साथ अपने नए रिश्तों के दम पर पाकिस्तान को बाहरी हस्तक्षेप की पूरी उम्मीद है।

न्यूज एजेंसी आईएएनएस को एक एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान केवल सैन्य कार्रवाई का जवाब नहीं चाहता। उसका असली मकसद कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाना है। यह उसकी पुरानी और सोची-समझी रणनीति है। भारत ने हमेशा साफ किया है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भी पाकिस्तान ने दुनिया के सामने रोना रोया था, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि यह कदम केवल राज्य को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए था।

पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए इस वक्त काफी कुछ दांव पर लगा है। मुनीर ने पहले अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता कराने की कोशिश की थी। वह कोशिश नाकाम रही। अब मुनीर का पूरा ध्यान फिर से भारत की ओर मुड़ गया है। अधिकारी के मुताबिक, मुनीर पर घरेलू दबाव बहुत ज्यादा है। अपनी छवि सुधारने के लिए उन्हें भारत में किसी बड़ी घटना को अंजाम देना जरूरी लग रहा है।

सूत्रों का कहना है कि मुनीर पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ कर रहे हैं। हालांकि वे सेना के जोर पर यह पद पा सकते हैं, लेकिन वे दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि उन्होंने इसे कमाया है। कश्मीर मुद्दे को हवा देकर वे खुद को पाकिस्तान के रक्षक के तौर पर पेश करना चाहते हैं।

# पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों को लगा झटका

## UAE बोला- होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर नहीं किया जा सकता भरोसा

**दुबई।** 28 फरवरी से पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। कई बार शांति वार्ता और बैठकें भी हुई हैं, जिनका कोई खास असर नहीं देखने को मिला है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान ईरान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में गहरे अविश्वास का संकेत है। संघर्ष के दो महीने बाद भी यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग ईरानी नाकाबंदी के कारण बंद है।

अमेरिकी नौसेना ईरानी कच्चे तेल के निर्यात को रोक रही है। इस नाकाबंदी ने दुनिया की 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति बाधित की है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ी



हैं। बता दें कि,8 अप्रैल से अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन नए सैन्य हमलों की खबरों से तेल की कीमतें बढ़ीं। ईरान ने हवाई सुरक्षा सक्रिय की है और हमले की स्थिति में व्यापक प्रतिक्रिया की योजना बनाई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव पर असंतोष व्यक्त किया है। मध्यस्थ पाकिस्तान ने नई वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। 28 फरवरी को अमेरिकी और इस्राइली हवाई हमलों के बाद ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने इस्राइल पर मिसाइलें दागीं, जिसके जवाब में इस्राइल ने लेबनान पर हमले किए।

यूएई के राष्ट्रपति सलाहकार अनवर गर्गश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून नेविगेशन की स्वतंत्रता के प्राथमिक गारंटर हैं। उन्होंने ईरान की विश्वासघाती आक्रामकता के बाद उसके एकतरफा समझौतों पर भरोसा न करने की बात कही। ट्रंप के सामने युद्ध समाप्त करने या इसे कांग्रेस में बढ़ाने की औपचारिक समय सीमा थी। एक अधिकारी ने कहा कि अप्रैल के युद्धविराम के कारण शत्रुता समाप्त हो गई है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने वार्ता से त्वरित परिणामों की उम्मीद न करने की चेतावनी दी।

# लोक संस्कृति समाज को जोड़ने और आत्मीयता बढ़ाने का सशक्त माध्यम : हिना देसाई



- विविधता में एकता ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत: प्रो. वंदना

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुजरात दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर महिला छात्रावास में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने गुजरात की लोक संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामानंद सरस्वती पुस्तकालय आजमगढ़ की निदेशिका हिना देसाई ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने और विभिन्न संस्कृतियों के बीच आत्मीयता बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में भारतीय परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि वे गुजरात की निवासी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों से मिला प्रेम, अपनापन और स्नेह उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों का संगम है और गुजरात की संस्कृति से जुड़ाव हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि हमारा देश विविधता में एकता का प्रतीक है और हम सभी मिलकर देश को विकसित भारत बनायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल जी की भी यही भावना है कि विद्यार्थी देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचित हों और उनसे प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करें। गुजरात दिवस के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार ने दिवस के अंतर्गत आयोजित गए विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। गुजराती परिधान में फैशन शो का आयोजन किया गया। संचालन श्रेया मौर्य और कृति पांडे ने किया। गुजरात दिवस पर राज्यपाल सचिवालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में इंजीनियरिंग संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने चौकियां धाम का दर्शन किया। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सहायक कुलसचिव सरला यादव, डॉ. निमिषा यादव, डॉ. कृष्णा सिंह, अनामिका मिश्रा, पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रमिक हमारे समाज और विकास की रीढ़ हैं : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 'के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में निर्माणाधीन जिला कारागार रसैना जौनपुर में श्रमिकों के हितार्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यरत श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा लगभग 50 महिला एवं पुरूष श्रमिकों को अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए फल वितरित किया गया तथा बच्चों में चाकलेट का वितरण किया गया एवं आज के दिन श्रमिकों को कार्य से अवकाश प्रदान कराते हुए सार्वजनिक भोज की व्यवस्था कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर बधाई एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिक हमारे समाज और विकास की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से ही निर्माण कार्यो को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक श्रमिक तक पहुँचना चाहिए, इसके लिए सभी श्रमिकों को पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए। साथ ही उन्होंने श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिक पंजीकरण कैंप एवं स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से श्रमिकों को अवगत कराते हुए श्रम विभाग में पंजीयन कराने की अपील की गई। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर, जेल अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण, तथा श्रमिक उपस्थित रहे।

## गोमती नदी में डूबे किशोर का एसडीआरएफ टीम को दूसरे दिन मिला शव

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के गोमती नदी घाट पर गुरुवार की दोपहर एक 13 वर्षीय किशोर नदी में डूब गया। देर शाम को जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गयी।पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को लगभग दो बजे किशोर की लाश मोथहा गांव के पास मिली।ऊक्त क्षेत्र के महलपर गांव निवासी अखिलेश उर्फ बबलू चौहान का पुत्र तेजस्वी चौहान अपने दो दोस्तों के साथ दोपहर को गोमती नदी में नहाने गया था।तीनो काफी देर तक नहाते रहे।उसके साथ के दोनो किशोर नहाकर नदी से बाहर निकल गए।उन दोनों ने तेजस्वी से भी घर चलने को कहा।परन्तु वह नहाता ही रहा।शाम तक जब तेजस्वी का पता नही चला तब उसके परिजन उसे ढूढने लगे।काफी देर बाद उन्हें जानकारी हुई कि वह दो अन्य बच्चों के साथ नदी में नहाने गया था।परिजन नदी के किनारे पहुंचे तो वहां पर उसका कपड़ा मिला।उसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया।सूचना पाकर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल,एसआई रामप्रताप,अली अहमद आदि मौके पर पहुँच गए।

## श्रम बालिकाओं की प्रस्तुति देख भावुक हुए भाजपा नेता



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर के हीरापट्टी स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के सह-कोषाध्यक्ष श्रेय अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के जरिए उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। श्रम बालिकाओं ने नाटक, गायन और नृत्य के माध्यम से समाज में मजदूरों की महती भूमिका को रेखांकित किया। इन प्रस्तुतियों में न केवल मजदूरों के संघर्ष को दिखाया गया, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर गर्व भी व्यक्त किया गया।श्रेय अग्रवाल ने मजदूरों के सम्मान में प्रेरक विचार साझा करते हुए कहा कि मजदूर की मेहनत को नजरअंदाज करना अपनी ही जड़ों को भूलने जैसा है। एक मजदूर केवल दिहाड़ी पर काम करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि वह एक 'राष्ट्र निर्माता' है। जब तक हम उनके काम को 'छोटा' समझते रहेंगे, तब तक हम एक विकसित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने मजदूरों के बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि गरीबी शिक्षा के आड़े नहीं आनी चाहिए। इस दौरान वार्डन प्रिया प्रसाद, अनीता, नीलम, मंजू, मीरा, शिवम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सड़क जाम कर आवागमन बाधित करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार




**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अवरोध उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेहनगर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। सड़क जाम कर आमजन के आवागमन को बाधित करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। 25 अप्रैल को खरिहानी-सिंहपुर रोड पर ग्राम सेर्रा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत आक्रोशित भीड़ द्वारा शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया गया तथा लाठी-डंडों के साथ नाजायज मुआवजे की मांग करते हुए आवागमन बाधित किया गया। पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, किन्तु भीड़ नहीं मानी। स्थिति को नियंत्रित करने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया तथा मौके की वीडियोग्राफी कराकर जाम लगाने वालों की पहचान की गई। इस संबंध में थाना मेहनगर पर मु0अ0सं0 135/26 धारा 285/126(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित है। विवेचना के क्रम उ0नि0 इन्द्रजीत पटेल मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. किशन चौहान पुत्र चन्द्रमणि चौहान, 2. सत्यम चौहान पुत्र त्रिलोकी चौहान, 3. सूरत चौहान पुत्र शोभनाथ निवासीगण ग्राम सेर्रा थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

## तरुणा संस क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** तरुणा संस क्लब ने जैदी इंडोर क्लब को 6 विकेट से हराकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में जैदी इंडोर क्लब ने 31.1 ओवर में 88 रन (हर्षित तिवारी 22, सौरव यादव 16, उत्कर्ष पाल, कार्तिकेय सिंह 3/08, दिव्यांश यादव 3/19, देवांश पाठक 3/32) बनाए। जवाब में तरुणा संस क्लब ने 14.1 ओवर में चार विकेट पर 90 रन (देवांश पाठक 43, अनुवेंद्र यादव 18, अर्श अहमद 2/15, गोल्डी यादव व इंसाफ अंसारी एक-एक विकेट) बना लिए। देवांश पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## रोटरी इलाहाबाद अध्यक्ष ने वितरित किए गमछे और छाते

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** रोटरी इलाहाबाद के अध्यक्ष रोटेरियन राजीव रंजन अग्रवाल ने क्लब के सदस्यों के साथ विश्व श्रमिक दिवस (1 मई) के अवसर पर लगभग 350 गमछे और 250 रोटरी लोगो वाले छाते श्रमिकों को वितरित किए। गर्मी के चरम को ध्यान में रखते हुए उनकी सेहत का खयाल रखा गया। इस अवसर पर सचिव विभु अग्रवाल, सुनील जायसवाल, अजय अग्रवाल, आलोषी अग्रवाल और अक्षत अग्रवाल उपस्थित रहे।

## लूकरगंज की जीत में रिशप, राघवेंद्र चमके

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** रिशप ठाकुर (124 रन, 96 गेंद, 13 चौके, पांच छक्के एवं दो विकेट) और राघवेंद्र श्रीवास्तव (99 रन, 43 गेंद, आठ चौके, सात छक्के) की बदौलत लूकरगंज क्लब ने बुध पूर्णिमा स्मृति क्रिकेट मैच में एपीएस को 65 रन से हराया। लूकरगंज क्लब ने शुक्रवार को अपने मैदान पर 35 ओवर में तीन विकेट पर 302 रन (रिशप ठाकुर 124, राघवेंद्र श्रीवास्तव 99 नाबाद, श्याम तिवारी 53, लक्ष्य पाल 2/29) बनाये। जवाब में एपीएस की टीम 32.1 ओवर में 237 रन (रुद्र उपाध्याय 61, अवनीश सिंह 51, शुभ मंगल राजपूत 19, रिशप ठाकुर 2/09, मिथिलेश 2/18, ईशान 2/29) पर सिमट गई। रिशप ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बक्शा के हकारीपुर गांव में युवक ने की आत्महत्या

- जमीन विवाद में मानसिक प्रताड़ना का आरोप, एक नामजद पर केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के हकारीपुर गांव में बीते रात 45 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पत्नी ने जमीन विवाद में मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शुक्रवार सुबह, मृतक अजीत गौतम की पत्नी नगीना देवी की तहरीर पर बक्शा थाने में एक नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। नगीना देवी ने बताया कि उनके पति अजीत गौतम ने गांव के ही सुभाषचन्द्र गौतम पुत्र बुझारत गौतम से पैसे लेकर अपनी जमीन का मुवायदा (समझौता) किया था। जब अजीत के पास पैसे वापस करने के लिए आ गए, तो वह मुवायदा रद्द कराना चाहते थे। हालांकि, सुभाष गौतम ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और अजीत को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। नगीना देवी के अनुसार, अजीत ने सुभाष गौतम से मुवायदा के तौर पर डेढ़ लाख रुपये लिए थे, लेकिन सुभाष गौतम मुवायदा रद्द करने के बदले पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर अजीत गौतम ने अपने घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लिया। नगीना देवी की लिखित तहरीर के आधार पर सुभाषचन्द्र गौतम पुत्र बुझारत गौतम के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 212/2026, धारा-108 बीएनएस के तहत पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है और मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## गोपाल दास क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज।** गोपाल दास क्लब ने डीएसए क्लब को 55 रन से हराकर डीआरएम का अंडर-14 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। डीएसए मैदान पर गुरुवार रात के लिए गए मैच में गोपाल दास क्लब ने 21 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन (यशस्वी मिश्रा 57, ईशान यादव 55, युवराज शुक्ला 16, अक्षित कुमार 3/33, आयुष सिंह 2/25, शिवांश केसरवानी व अंश त्रिपाठी एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में डीएसए क्लब की टीम 21 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन (अंश त्रिपाठी 36, शिवांश केसरवानी 18, उत्कर्ष 2/04, युवराज शुक्ला, नरहरि दीक्षित व शिवेंद्र सिंह एक-एक विकेट) पर सिमट गई। यशस्वी मिश्रा को रेलवे के अधिकारी ऋषि प्रकाश ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

# पुष्प अर्पित कर सपा कार्यालय पर मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मानवता का संदेश देने वाले तथागत गौतम बुद्ध जी का जन्मदिन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि गौतम बुद्ध जी ने दुनिया में अहिंसा, मानवता, करुणा, मैत्री, भाई-चारा का संदेश देकर समाज में हो रहे दमन, अत्याचार, ऊंच-नीच, छूत-अछूत, गरीबी-अमीरी के कारण को प्रतिबिंबित किया उन्होंने कहा कि दुःख है तो दुःख का कारण है और उसका निवारण भी है। उन्होंने ढोंग,पाखंड, आडंबर को जनता के दुःख का कारण इंगित किया उन्होंने कहा कि किसी भी ईश्वर को मानने से पहले अपनी तर्क की कसौटी पर कसकर उसका अध्ययन करना चाहिए। गौतम बुद्ध के उपदेशों और आदर्शो से प्रभावित होकर महान राजा सम्राट अशोक ने कलिंग का युद्ध जीतकर पश्चाताप किया उनके आदर्शो पर चलकर पूरी दुनिया में बुद्ध जी के संदेश व उपदेश व आदर्शो को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया सम्राट अशोक का शासन काल लोक कल्याणकारी शासन कहा गया उन्होंने गौतम बुद्ध के उपदेशों को संकलित कर पूरे देश में 84000 स्तूपों और शिलालेखों का निर्माण करा कर उनके विचारों को अंकित करने का कार्य किया लेकिन मनुवादी विचारधारा के लोगों ने अहिंसावादी,मानवतावादी बौद्धों की हत्या करा कर पुनः पूरे देश में मनुवाद कायम करने का काम किया जिसका परिणाम है आज पिछड़ा, दलित, शोषित पीड़ित है उनको सम्मान नहीं मिल पा रहा है आज आवश्यकता है बुद्ध जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाए व मानवतावादी समाज की स्थापना हो। कार्यक्रम में स.पा. अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव-अजीत राव,बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष-संतोष कुमार गौतम, छात्र सभा के प्रदेश सचिव गौरव यादव रिंकू,बाबा साहब वाहिनी के जिला सचिव-अरविंद कुमार गौतम, अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, राम अवतार आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों के अथक परिश्रमः सांसद

- अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर इफको श्रमिकों के जागरूकता एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 'अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज इफको फूलपुर के प्रांगण में श्रमिकों के जागरूकता एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल रहें। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक भव्य 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा श्रमिकों के कल्याणार्थ कई नई योजनाओं के शुभारम्भ की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश इफको फूलपुर में आयोजित कार्यकम में किया गया।

अपने उद्बोधन में सांसद प्रवीण पटेल ने राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों के अथक परिश्रम एवं अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बताया कि केन्द्र एवं उप्र राज्य सरकार श्रमिकों की समस्याओं को देखते हुए उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं प्रारम्भ की है और श्रमिक को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाना पडे इसलिए योजनाओं को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है, जिससे मजदूर अपने घर गांव से ही आवेदन करके योजनाओं को लाभ ले सके। सांसद द्वारा श्रमिकों से अपील की कि वह श्रम विभाग में अपना पंजीयन करवाते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज द्वारा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ केन्द्र एवं उप्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जनपद प्रयागराज में वर्ष 2017 से 2026 तक श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित श्रमिकों को 137,80,44,719 रुपये के हितलाभ प्रदान किये गये।

इस कार्यक्रम में एसडीएम, फूलपुर, सुश्री जुही प्रसाद, मनोज कुमार यादव एवं निमेष कुमार पाण्डेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रयागराज एवं इकाई प्रबन्धक इफको, पी0के0 सिंह, वरिष्ट महाप्रबंधक, इफको संजय भण्डारी, इफको इम्पाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एवं महामंत्री विजय कुमार यादव फूलपुर आदि गणमान्य व्यक्ति इस कार्यकम में उपस्थित रहे।

# वसूली नहीं-परंपरा है नेग

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय के हालिया फैसले को लेकर किन्नर समाज में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। सनातनी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंदगिरि ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में समाज की ओर से प्रभावी पैरवी नहीं हो सकी, जिसके कारण उनका पक्ष न्यायालय के समक्ष पूरी मजबूती से नहीं रखा जा पाया।



उन्होंने कहा कि फैसले में किन्नर समाज की परंपराओं और सामाजिक भूमिका को सही संदर्भ में नहीं समझा गया। किन्नर समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि वे किसी प्रकार की जबरन वसूली नहीं करते, बल्कि विवाह, जन्म या अन्य खुशी के अवसरों पर पारंपरिक रूप से 'नेग' प्राप्त करते हैं। यह प्रथा वर्षो से चली आ रही सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है, जिसे समाज में सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता रहा है। उनका तर्क है कि इस परंपरा को गलत तरीके से प्रस्तुत करना पूरे समुदाय की छवि को प्रभावित करता है। हालांकि समाज के लोगों ने यह भी स्वीकार किया कि हर वर्ग की तरह उनके समुदाय में भी कुछ असामाजिक तत्व हो सकते हैं, लेकिन कुछ व्यक्तियों के कृत्यों के आधार पर पूरे समाज को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है और धार्मिक ग्रंथों में भी उनका उल्लेख सम्मान के साथ मिलता है। समाज के पदाधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि वे इस निर्णय को उच्च स्तर पर चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि अपनी परंपराओं और अधिकारों की रक्षा की जा सके। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किन्नर समाज के प्रति सम्मान और सहयोग का भाव बनाए रखें, क्योंकि आज भी यह समुदाय सामाजिक और आर्थिक रूप से कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## श्रमिक दिवस पर कांग्रेस का मजदूरों को समर्थन

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में अपराह्न हुई बैठक में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की आवाज उठाई गई। मई दिवस पर राष्ट्र के विकास में मजदूरों के योगदान की चर्चा करते हुए कहा गया कि मजदूरों की स्थिति आज भी बहुत अच्छी नहीं है। उन्हें तय मनकों के अनुसार आज भी भुगतान नहीं मिलता जो चिंता का विषय है। देश के सभी राज्यों में आसमान मजदूरी दर असंतोष को जन्म देती है। कहा कि महंगाई बढ़ने के साथ ही सरकार का लक्ष्य सिर्फ उनके वेतन वृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार लाना भी होना चाहिए। कांग्रेस जनों ने आज ही के दिन शिकागो में मजदूरों के अधिकारों के आंदोलन में मारे गए श्रमिकों को श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अनूप त्रिपाठी, अफ़रोज़ अहमद, केशव पासी , शकील अहमद आदि थे।

# राहुल को हाईकोर्ट से राहत

अवधनामा संवाददाता

- बीजेपी-आरएसएस के खिलाफ दिए बयान पर एफआईआर दर्ज करने की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर दायर याचिका को रद्द कर दिया है। राहुल गांधी ने बीजेपी और आरएसएस के खिलाफ बयान दिया था। इसी बयान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका दाखिल हुई थी।

इस मामले में 9 अप्रैल को हाईकोर्ट के जस्टिस विक्रम डी. चौहान की सिंगल बेंच सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित कर लिया था। शुक्रवार को कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

यह याचिका सिमरन गुप्ता ने दायर की है। इसमें संभल की चंदौसी कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है। उस आदेश में चंदौसी कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका को कमजोर बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया। इससे पहले 21 मई 2025 को संभल के जिला जज कोर्ट ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर जवाब देने या कोर्ट में पेश होने को कहा था। बाद में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने समन जारी किया, लेकिन बाद में याचिका खारिज कर दी गई। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को बयान दिया था कि 'हम बीजेपी, आरएसएस और भारतीय सरकार से लड़ रहे हैं।' इसी बयान के आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में आवेदन दिया गया था, जिसे अधिकार क्षेत्र के आधार पर खारिज कर दिया गया। ज्ञात हो कि दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी विचारधारा हजारों साल पुरानी है और वह आरएसएस की विचारधारा से लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा था कि बीजेपी और आरएसएस ने देश के संस्थानों पर कब्जा कर लिया है और अब उनकी लड़ाई भारतीय सरकार से भी है। साथ ही उन्होंने मीडिया की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए थे।

# मानसी सिंह ने आईआईएम कोझिकोड में चयन से बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जनपद के शहाबपुर बाजार, अटरामपुर (नवाबगंज) की मेधावी छात्रा मानसी सिंह ने कैट 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएम कोझिकोड में प्रवेश प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और परिवार सहित गांव में गर्व का माहौल है। कोटा से आईआईटी और अब आईआईएम तक का शानदार सफर मानसी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कोटा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी जोधपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक किया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता हासिल की। अब आईआईएम कोझिकोड में चयन उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है। मानसी की इस उपलब्धि पर सामाजिक संगठनों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनायें दिया है। अनाम स्नेह परिवार, सरस्वती एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के साथ-साथ अनुपम पटेल, पीयूष पटेल, अनिकेत पाल, करन यादव सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मानसी सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के मार्गदर्शन, माता के सहयोग और शिक्षकों के आशीर्वाद को दिया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा में प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# 15 मई तक ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान

अवधनामा संवाददाता

- पंचायत भवनों को जनसेवा केंद्र बनाने की पहल
- डीएम ने सफाई और संसाधन सुधार के दिए निर्देश
- गांव-गांव सफाई, फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव
- पंचायत भवनों में डिजिटल सुविधाएं होंगी सुदृढ़

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पंचायत भवनों को सुव्यवस्थित, कार्यात्मक, जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि 15 मई तक विशेष अभियान संचालित कर ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य, आधार-भूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण, पंचायत भवनों को जनसेवा के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि अभियान को समयबद्ध, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित किया जाये, प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत घरों, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों, नालियों, नालों की साफ-सफाई, सिल्ट हटाने, झाड़ियों की कटाई, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, फॉगिंग जैसे कार्य सुनिश्चित किए जायें, गांव के प्रत्येक मोहल्ले, बस्तियों तक सफाई व्यवस्था पहुंचे, जल-भराव, गंदगी, मच्छरों के पनपने की स्थिति न बने, कार्य के दौरान पूर्व एवं पश्चात की स्थिति के फोटो लिये जाये, जिससे कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई कर उन्हें व्यवस्थित किया जाए, कुर्सी, मेज, पंखा, पीने के पानी, झाड़ियों के कटान हेतु ब्रश कटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत भवनों को जनसेवा के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु वहां नियमित रूप से पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि वहां बैठकर जनसेवा कार्य प्रभावी रूप से किए जा सकें और आमजन को जन्म प्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास एवं अन्य संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुलभ हो सकें, पंचायत भवनों में डिजीटल सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए इंटरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर, टीवी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी की जाये ताकि आमजन को सरकारी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं, आवास योजनाओं, जनसेवा से जुड़े कार्यो को समयबद्ध, पारदर्शी तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रतिदिन किए गए कार्यो का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाये, डिजिटल डायरी में प्रतिदिन किए गए कार्यो का विवरण, साफ-सफाई की स्थिति, फोटो संलग्न किए जायें, 15 दिन की अवधि की पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर 16 मई को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को भी इस अभियान के माध्यम से सुदृढ़ किया जाय, सुनिश्चित किया जाए कि सफाई कर्मी नियमित रूप से पंचायत भवन, विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्रों की सफाई करें, उनके कार्य का सत्यापन सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य, सचिव आदि के संयुक्त हस्ताक्षर के बाद किया जाएगा, बिना कार्य के वेतन निर्गत नहीं किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी इस अभियान के दौरान विशेष प्रयास किए जाएं, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाये।

# युद्ध ठंडा, फिर क्यों उबाल मार रहा कच्चा तेल, चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** जब युद्ध अपने सबसे तेज दौर में था, तब कच्चे तेल ने इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई थी। लेकिन अब, जब बातचीत की कोशिशें दिख रही हैं और युद्ध की रफ्तार कुछ धीमी लग रही है, उसी समय ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया। यह विरोधाभास नहीं है। तेल बाजार युद्ध की आवाज नहीं, सप्लाई की सांस सुनता है।

गुरुवार को ब्रेंट क्रूड 125 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। जून में डिलीवरी मिलने वाला कच्चा तेल (ब्रेंट) 6.2 फीसदी उछलकर 125.36 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा। जुलाई डिलीवरी वाला ब्रेंट भी 3.1 फीसदी चढ़ा। याद दिलाते चलें कि युद्ध शुरू होने से पहले फरवरी के अंत में ब्रेंट करीब 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था। यानी कुछ ही हफ्तों में बाजार की तस्वीर पूरी तरह बदल गई। दिन के दौरान ब्रेंट 126.41 डॉलर तक गया, हालांकि बाद में फिसलकर 115.98 डॉलर के आसपास आ गया।

असल वजह है होर्मुज स्ट्रेट। यह दुनिया के तेल व्यापार की सबसे संवेदनशील समुद्री नसों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक संकट से पहले होर्मुज से

**विकास**

> **केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया इसी आंकड़े का संदर्भ देते हुए कहते हैं यही वह आंकड़ा है जिसने बाजार को बेचैन किया हुआ है।**

रोज 20 मिलियन बैरल से ज्यादा कच्चा तेल, NGL और रिफाइंड उत्पाद निकलते थे। अप्रैल की शुरुआत में यह घटकर सिर्फ 3.8 मिलियन बैरल प्रति दिन रह गया। वैकल्पिक रास्तों से निर्यात जरूर बढ़कर 7.2 मिलियन बैरल प्रति दिन हुआ, लेकिन कुल निर्यात नुकसान अभी भी 13 मिलियन बैरल प्रति दिन से ज्यादा है।

केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया इसी आंकड़े का संदर्भ देते हुए कहते हैं यही वह आंकड़ा है जिसने बाजार को बेचैन किया हुआ है। युद्ध रुक भी जाए, तो जहाज तुरंत नहीं चलेंगे। बीमा, रूट,



बंदरगाह, लोडिंग और रिफाइनरी सप्लाई चेन को सामान्य होने में समय लगेगा। यही बात कच्चे तेल के बाजार को परेशान कर रही है। रॉयटर्स के एक हालिया पोल में विश्लेषकों ने कहा है कि शांति की बातचीत आगे बढ़ने पर भी मध्य-पूर्व से निर्यात धीरे-धीरे ही बहाल होगा। इसी वजह से 2026 के लिए ब्रेंट का औसत अनुमान बढ़ाकर 86.38 डॉलर प्रति बैरल कर दिया गया है।

तेल में इस तेजी की दूसरी बड़ी वजह ढूंढने के लिए जब हमने अर्थवृक्ष फाइनेंनशियल सर्विसेस के फाउंडर रविंद्र राव से बात की तो उन्होंने बताया कि सप्लाई प्रभावित होने की वजह से क्रूड की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि ट्रंप ने साफ कहा है कि जब तक ईरान परमाणु समझौता नहीं करता, तक ईरान पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रहेगी, जिससे तेल की सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। राव कहते हैं कि जब बाजार को पता है कि तेल अभी नहीं मिल रहा, तो जो कॉन्ट्रैक्ट आज डिलीवरी का है वो सबसे ज्यादा महंगा हो जाता है। रिफाइनरी और ट्रेडर्स को अभी तेल चाहिए तो वो किसी भी कीमत पर खरीदने को तैयार हो जाते हैं वे जून या जुलाई का इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही संयुक्त अरब अमीरात ने अचानक OPEC छोड़ दिया, जिससे बाजार में और अनिश्चितता बढ़ गई और आपूर्ति की स्थिति और कमजोर हो गई।

IEA के आंकड़े बताते हैं मार्च में वैश्विक तेल भंडार 85 मिलियन बैरल घटा है। मध्य-पूर्व खाड़ी के बाहर स्टॉक में 205 मिलियन बैरल की बड़ी गिरावट आई। समुद्र में चल रहा तेल भी घटा है। ढ्रश्न के मुताबिक ऑयल ऑन वाटर 107 मिलियन बैरल कम हुआ, क्योंकि होर्मुज के लगभग बंद होने से ट्रांजिट में मौजूद तेल 181 मिलियन बैरल घट गया।

अमेरिका के आंकड़े भी यही कहानी बताते हैं। अमेरिका के ऊर्जा विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 24 अप्रैल वाले सप्ताह में अमेरिकी क्रूड स्टॉक 6.2 मिलियन बैरल घटकर 459.5 मिलियन बैरल रह गया। दूसरी ओर अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के मुताबिक भी अमेरिका में स्टॉक 1.7 मिलिटन बैरल घट गया है। अमेरिका का क्रूड एक्सपोर्ट रिकॉर्ड 6.44 मिलियन बैरल प्रति दिन तक पहुंचा, क्योंकि यूरोप और एशिया मध्य-पूर्व की कमी पूरी करने के लिए अमेरिकी तेल खरीद रहे हैं।

# विमानों का किराया बढ़ने की आशंका

## अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के जेट ईंधन 5त्न महंगे हुए

### लगातार दूसरे महीने बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट ईंधन पांच फीसदी महंगा हो गया है। लगातार दूसरे महीने कीमतों में उछाल आने से विमानों का किराया बढ़ने की आशंका है। हालांकि, फिलहाल घरेलू विमानों का किराया नहीं बढ़ेगा।



अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में शुक्रवार को 5 फीसदी की वृद्धि हुई। कीमतों में लगातार दूसरे महीने उछाल आई है, क्योंकि तेल कंपनियों ने ऊर्जा की वैश्विक कीमतों में वृद्धि को समायोजित तरीके से आगे बढ़ाया है। हालांकि, घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में अनुमान है कि घरेलू उड़ानों का किराया नहीं बढ़ेगा।

**दो दशक पहले हुआ था कीमतों का विनियमन**

एक मई के फैसले के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 76.55 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर या 5.33 फीसदी बढ़कर 1511.86 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर हो गईं। एक अप्रैल को कीमतों में वृद्धि के बाद जेट फ्यूल एक मई को पांच फीसदी और महंगे हुए, यानी एक माह में दूसरी बार कीमतों में उछाल आया है। गौरतलब है कि जेट ईंधन की कीमतें दो दशक पहले विनियमित की गई थीं।

**विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी**

पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में भारी उछाल आया था। सरकार और राज्य-स्वामित्व वाली तेल कंपनियों ने एक समायोजित दृष्टिकोण अपनाया है। विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी, जबकि घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमतें नियंत्रित रखी गई हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर घरेलू बाजार में शानदार बढ़त

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के लिए भी अप्रैल 2026 का महीना बेहतरीन उपलब्धियों भरा रहा है। कंपनी ने भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ को और गहरा करते हुए कुल बिक्री में 17% की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की है। इस साल अप्रैल में टोयोटा ने कुल 32,086 यूनिट्स बेचीं, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 27,329 यूनिट्स पर था। विशेष रूप से घरेलू बाजार में कंपनी का प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा, जहां कारों की बिक्री 21त्न के उछाल के साथ 30,159 यूनिट्स तक पहुंच गई, जो पिछले साल अप्रैल में 24,833 यूनिट्स थी।

अप्रैल में कंपनी का निर्यात 23% गिरकर 1,927 यूनिट्स रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 2,496 यूनिट्स दर्ज किया गया था। बिक्री प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री सबरी मनोहर ने कहा, अप्रैल 2026 में हमारा बिक्री प्रदर्शन स्थिर और निरंतर प्रगति को दर्शाता है, जो ग्राहक केंद्रितता, उत्पाद उत्कृष्टता और सभी बाजारों में अनुशासित क्रियान्वयन पर मजबूत ध्यान केंद्रित करने से प्रेरित है। इस महीने की एक प्रमुख उपलब्धि इनोवा हाइक्रॉस की 2 लाख संचयी बिक्री का मील का पत्थर हासिल करना था, जो हमारे हाइब्रिड वाहनों की सकारात्मक और बढ़ती बाजार स्वीकृति को मजबूत करता है।

# निसान मोटर इंडिया ने अप्रैल 2026 में घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

## भारत में निसान के सतत विकास की तस्वीर दिखा रहा है यह प्रदर्शन

**75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अप्रैल 2026 में 3,203 यूनिट की रही घरेलू बिक्री**

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज जानकारी दी कि अप्रैल, 2026 में घरेलू बिक्री में 75 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है और नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत की है। कंपनी ने अप्रैल में कुल 5,388 कारों की बिक्री की। इसमें घरेलू बाजार में 3,203 यूनिट्स और निर्यात बाजार में 2,185 यूनिट्स की बिक्री शामिल है। इस प्रदर्शन ने निसान के सतत विकास को मजबूती दी है और भारत के ऑटोमोटिव मार्केट में कंपनी की मौजूदगी को बढ़ाया है।

अप्रैल में निसान के बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ग्राहकों की जबर्दस्त रुचि देखने को मिली। ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया से इसे मजबूती मिली है।

अपनी शुरुआत से ही कंपनी के प्रदर्शन में ग्रेवाइट ने सार्थक भूमिका निभाई है। अपनी 7-सीट मॉड्यूलैरिटी, कम्फर्ट और रोजाना के इस्तेमाल में आरामदायक होने जैसी खूबियों से इसने ग्राहकों को लुभाया है। साथ ही नई निसान मैग्नाइट ब्रांड के लिए प्रमुख स्तंभ बनी हुई है। इससे प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में निसान की स्थिति और मजूबत हुई है।

इस प्रदर्शन को लेकर निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत से हम उत्साहित हैं। नई निसान मैग्नाइट की सफलता के साथ ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट को ग्राहकों की ओर से मिली शानदार प्रतिक्रिया ने ऐसे प्रोडक्ट्स देने की हमारी रणनीति को मजबूत किया है, जो भारतीय ग्राहकों की बदलती उम्मीदों के अनुरूप हों। यह तेजी भारतीय बाजार को लेकर हमारे आत्मविश्वास को मजूबत करने वाली है, क्योंकि हम इस वित्त वर्ष में नए प्रोडक्ट लाने और देशभर में अपना नेटवर्क बढ़ाने की तैयारी में हैं।'

आगे भी निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ग्राहकों को केंद्र में रखने वाले इनोवेशन को गति देने, नेटवर्क फुटप्रिंट बढ़ाने और प्रमुख बाजारों में कवरेज को मजबूत करने पर फोकस करती रहेगी। मजबूत प्रोडक्ट पाइपलाइन और ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाने के अपने फोकस के साथ कंपनी भारत में अपनी विकास की गति को बनाए रखने की बेहतरीन स्थिति में है।

# टाटा मोटर्स ने मचाया धमाल! अप्रैल 2026 में दर्जी की 31त्न की जोरदार ग्रोथ, EV सेगमेंट ने बढ़ाया दबदबा

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने बीते महीने यानी अप्रैल, 2026 में कुल 59,701 कारों की बिक्री की है। इस तरह सालाना आधार पर टाटा मोटर्स की कुल बिक्री में लगभग 31.12 पर्सेंट की शानदार बढ़ोतरी देखी गई है। जबकि ठीक एक साल पहले यानी अप्रैल, 2025 में यह आंकड़ा 45,532 यूनिट्स था।इस बिक्री के दम पर पिछले महीने टाटा मोटर्स ने महिंद्रा, हुंडई को पछाड़ते हुए मारुति सुजुकी के बाद सबसे ज्यादा कार बिक्री करने वाली कंपनी बन गई। बता दें कि कंपनी की इस बिक्री में टाटा नेक्सन, पंच और सफारी जैसी गाड़ियों का क्रेज सबसे ज्यादा है।टाटा मोटर्स की इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान भारतीय मार्केट का रहा है। घरेलू मार्केट में कंपनी की पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री पिछले महीने 59,000 यूनिट्स रही। जबकि यह पिछले साल के इसी महीने में 45,199 यूनिट्स थी। यानी देसी बाजार में टाटा की गाड़ियों की डिमांड में साढ़े 30 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। दूसरी ओर एक्सपोर्ट में भी टाटा अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। ग्लोबल मार्केट में कंपनी ने 110.5 पर्सेंट की बढ़ोतरी के साथ 701 यूनिट्स कारों का एक्सपोर्ट किया है। जबकि ठीक एक साल पहले यह आंकड़ा 333 यूनिट्स था।टाटा मोटर्स की ईवी सेल्स (घरेलू और एक्सपोर्ट मिलाकर) में रिकॉर्ड 72.1 पर्सेंट की बढ़ोतरी देखी गई है। बता दें कि अप्रैल, 2026 में टाटा ने कुल 9,150 इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। जबकि पिछले साल अप्रैल में यह आंकड़ा 5,318 यूनिट्स का था। टाटा टियागो ईवी और नेक्सन ईवी जैसी गाड़ियों की वजह से कंपनी आज इलेक्ट्रिक कार बाजार में सबसे आगे खड़ी है। बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों और के कारण लोग अब तेजी से टाटा की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं।

# एचएएल को मिला नया नेतृत्व, रवि के ने संभाली CMD की कमान, एयरोस्पेस क्षेत्र में बढ़त का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि रवि के ने कंपनी के 22वें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने डी.के. सुनील का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए।

रवि के के पास एयरोस्पेस एवं रक्षा, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने रणनीतिक योजना को दिशा दी और कंपनी को 'महारत्न' का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए रवि के ने कहा कि उनका लक्ष्य एचएएल को नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उत्कृष्ट संचालन और मानव संसाधन के दम पर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एयरोस्पेस एवं रक्षा कंपनी के रूप में स्थापित करना है।

उन्होंने अपने करियर में कई अहम नेतृत्व पद संभाले हैं, जिनमें एलसीए तेजस डिवीजन के कार्यकारी निदेशक एवं महाप्रबंधक और कॉर्पोरेट प्लानिंग के कार्यकारी निदेशक शामिल हैं। उनके कार्यकाल के दौरान एचएएल ने कई बड़े अनुबंध हासिल किए, जैसे भारतीय वायुसेना के लिए 180 एलसीए तेजस विमानों की आपूर्ति, तथा भारतीय सेना और वायुसेना के लिए 156 एलसीएच 'प्रचंड' हेलीकॉप्टरों का सौदा। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय वायुसेना में तेजस बेड़े के सफल संचालन में भी अहम योगदान दिया। ग्राहक-केंद्रित पहलों के माध्यम से उन्होंने विमानों की उपलब्धता दर में सुधार किया, वायुसेना के ठिकानों के साथ निर्बाध डेटा संचार व्यवस्था स्थापित की और त्वरित सहायता के लिए सिंगल पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट की शुरुआत की। रवि के कर्नाटक के मलनाड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।

# मार्च महीने में भारत की विनिर्माण की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर पर, लेकिन रोजगार और निर्यात में उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर अब भारत के विनिर्माण क्षेत्र पर दिखने लगा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और मांग में अनिश्चितता के कारण मार्च महीने में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगभग चार वर्षों के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में यह सूचकांक गिरकर 53.9 पर आ गया है, जो फरवरी में 56.9 पर था। यह आंकड़ा 53.8 के प्रारंभिक अनुमान के लगभग अनुरूप ही है।

इस गिरावट का मुख्य कारण मांग का कमजोर होना है, जिसके चलते नए ऑर्डर और उत्पादन का विस्तार लगभग चार वर्षों में अपनी सबसे धीमी दर से हुआ है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा, पश्चिम एशिया में संघर्ष से जुड़ी बाधाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में गूंज रही हैं और भारतीय निर्माताओं पर भारी पड़ रही हैं। निजी क्षेत्र की ओर से की गई इस सर्वे रिपोर्ट में कुछ चिंताजनक रुझानों के साथ-साथ मजबूत बुनियादी संकेत भी सामने आए हैं-

लागत में भारी वृद्धि- एल्युमीनियम, रसायन, ईंधन और स्टील की कीमतों में तेज उछाल के कारण कंपनियों को अगस्त 2022 के बाद से सबसे भारी लागत दबाव का सामना करना पड़ा है।

इनपुट लागत में भारी वृद्धि के बावजूद, कंपनियों ने ग्राहकों पर पूरा बोझ नहीं डाला और पिछले दो वर्षों में सबसे धीमी गति से अपने बिक्री मूल्य बढ़ाए हैं।

निर्यात में मजबूती- मांग में समग्र सुस्ती के बावजूद विदेशी बाजारों से समर्थन मिला है, जिससे मार्च में निर्यात ऑर्डर उछलकर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं।

# जेके सीमेंट ने 'गठबंधन 2026' के जरिये डीलर पार्टनरशिप को मजबूत किया, टॉप परफॉरमर्स को कारें भेंट कीं

**लखनऊ।** डीलर्स के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करते हुए जेके सीमेंट ने लखनऊ में अपने 'गठबंधन' कार्यक्रम के नए संस्करण का आयोजन किया। इस मौके पर कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 डीलर्स को कारें भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख डीलर और चैनल पार्टनर शामिल हुए। इस दौरान जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर श्री ए.के. सराओगी के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जेके सीमेंट के लिए 'गठबंधन' पहल एक प्रमुख प्लेटफॉर्म के रूप में उभरी है, जहां डीलर नेटवर्क के योगदान को चिह्नित और सम्मानित किया जाता है। साथ ही उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूत किया जाता है। पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम



के माध्यम से देशभर के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को प्रतिष्ठित टाइटेनियम और लीजेंड श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान चैनल पार्टनर्स के साथ मिलकर आगे बढ़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया ने कहा, हमारे डीलर हमेशा से जेके सीमेंट की विकास यात्रा का अहम आधार रहे हैं। 'गठबंधन' कार्यक्रम उनके समर्पण, विश्वास और उनके साथ मजबूत साझेदारी के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा प्रयास है। उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए हम इस रिश्ते को और मजबूत बनाना चाहते हैं। साथ ही साझा सफलता की दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहते हैं।

जेके सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, जेके सीमेंट में हमारा मानना है कि हमारे डीलर पार्टनर हमारी सफलता और विभिन्न बाजारों में विस्तार के लिए बेहद जरूरी हैं। 'गठबंधन' कार्यक्रम उनके योगदान और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के साथ-साथ हमारे संबंधों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। हम अपने पार्टनर्स को सशक्त बनाने और पूरे देश में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अप्रैल में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर, आंकड़ा लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये पहुंचा




**नई दिल्ली।** अप्रैल, 2026 में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल में पिछले साल की तुलना में साढ़े आठ फीसदी से भी अधिक जीएसटी संग्रह हुआ। ताजा आंकड़ों के मुताबिक जीएसटी संग्रह बढ़कर लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

अप्रैल में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी संग्रह 2.43 लाख करोड़ रुपये हो चुका है, जो पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में 8.7 फीसदी अधिक है। पिछले साल अप्रैल में 2.23 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था।

**जीएसटी संग्रह के अलावा रिफंड के भी आंकड़े**

सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 फीसदी बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से जीएसटी संग्रह में 25.8 फीसदी की भारी वृद्धि हुई। यह बढ़कर 57,580 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल के दौरान 31,793 करोड़ रुपये के रिफंड दिए गए, जो 19.3 फीसदी अधिक थे। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 फीसदी बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने Q1 CY26 में हासिल की 10 लाख से अधिक एसी की बिक्री कंपनी के मार्केट लीडरशिप को मिली मजबूती

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (एलजीई इंडिया) ने आज 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है। यह माइलस्टोन न केवल एलजीई इंडिया की काम करने की बेहतरीन क्षमता और सप्लाई चेन की तेज़ी को दिखाती है, बल्कि भारत के तेज़ी से बढ़ते और कड़े मुकाबले वाले एयर कंडीशनर बाज़ार में एक मज़बूत लीडर के रूप में इसकी स्थिति को भी मजबूत करता है।

इस उपलब्धि का एक मुख्य चालक सीजन से काफी पहले अपने नए बीईई स्टार-रेटेड अनुपालन वाले एसी लाइन-अप को लॉन्च करने के संबंध में एलजीई इंडिया का फर्स्ट-मूवर लाभ था, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि खुदरा भागीदार और ग्राहक बिना किसी बाधा के बेहतर, ऊर्जा-कुशल उत्पादों को सहजता से अपना सकें। इसके पूरक के रूप में, आईसीसी विश्व कप के दौरान एलजीई इंडिया के मार्केटिंग अभियान ने बड़े पैमाने पर शानदार पहुंच और उपभोक्ता जुड़ाव भी प्रदान किया, जिससे अभूतपूर्व ब्रांड प्रमुखता और खरीदारी की इच्छा बढ़ी।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं। भारत वैश्विक स्तर पर एलजी के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह परिणाम हमारे ग्राहकों, हमारे भागीदारों और भारत के सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को दर्शाता है। हम नवाचार, वितरण, स्थानीयकरण में भारी निवेश कर रहे हैं, और मेक इन इंडिया पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए श्री सिटी में अपनी एसी विनिर्माण सुविधा का विस्तार कर रहे हैं।

इसमें जोड़ते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर और को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, श्री संजय चितकारा ने कहा, इस गति को आगे बढ़ाते हुए, हम घरेलू और वैश्विक ग्राहकों के लिए तैयार किए गए उन्नत, ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एनर्जी मैनेजर प्लस, बेहतर क्षमता और अधिक व्यापक पोर्टफोलियो के साथ हमारी प्रीमियम एसी रेंज विभिन्न वर्गों के भारतीय ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करती है। हम अपनी पहली तिमाही के एसी प्रदर्शन से अत्यधिक उत्साहित हैं और एसी पर जीएसटी कटौती की मदद से 2026 की दूसरी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद करते हैं।

इस रिकॉर्ड प्रदर्शन का आधार एलजीई इंडिया की विविध पोर्टफोलियो रणनीति है, जिसे प्रत्येक भारतीय घर के लिए डिज़ाइन किया गया है। तिमाही के दौरान, एलजी ने अपने एसी लाइन-अप को काफी व्यापक बनाया।

# सीजन में भारत का चीनी निर्यात 7.5-8 लाख टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत मौजूदा 2025-26 विपणन सत्र (अक्तूबर-सितंबर) में केवल 7.5 से 8 लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने प्रतिकूल वैश्विक मूल्य समता को इसका कारण बताया है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के माध्यम से निर्यात को सरकारी नियंत्रण में रखता है। 2025-26 के लिए, खाद्य मंत्रालय ने शुरू में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी, फिर 5 लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला, जिसमें से केवल 87,587 टन को ही मंजूरी मिली।

अधिकारी ने कहा, पूरे सीजन में लगभग 7.5-8 लाख टन माल की भौतिक खेप आने की संभावना है। फिलहाल निर्यात के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है।

अधिकारी ने आगे बताया कि भारत 3 मार्च तक 5 लाख टन का निर्यात कर चुका है और मिलों द्वारा पूरे सीजन के निर्यात कोटा का उपयोग करने की संभावना नहीं है, भले ही सीजन की शुरुआत में निर्यात अधिक सक्रिय था।

हाल के वर्षों में घरेलू चीनी खपत के पैटर्न में बदलाव आया है, और मांग में वृद्धि स्थिर हो गई है जबकि खपत की मात्रा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस प्रवृत्ति के कारण कुल खपत में कमी आई है, जिससे उत्पादन में मामूली सुधार के बावजूद निर्यात के लिए अपेक्षा से अधिक अधिशेष उपलब्ध है।

इस सीजन में अब तक घरेलू चीनी उत्पादन 27.5 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि कुल उत्पादन 28.2 मिलियन टन रहने का अनुमान है - जो 2024-25 में दर्ज किए गए 26.1 मिलियन टन से थोड़ा अधिक है।

# बुद्ध और अम्बेडकर स्मारकों के संरक्षण व विकास को सरकार प्रतिबद्ध : ब्रजेश पाठक

- बुद्ध पूर्णिमा समारोह में बोले उप मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों से विकास में सहयोग का आह्वान

**अवधनामा ब्यूरो**


बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक


भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दोनों डिप्टी सीएम

**कुशीनगर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का संदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। कोई भी संघर्ष युद्ध से नहीं बल्कि बुद्ध के विचारों और अहिंसा के मार्ग से जीता जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार भगवान बुद्ध से जुड़े सभी पवित्र स्थलों तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर से संबंधित स्मारकों और मूर्तियों के संरक्षण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने विधायक निधि से बुद्ध और बाबा साहब से जुड़े स्थलों के विकास में सहयोग करें, जिससे इन स्थानों को बेहतर बनाया जा सके।

**श्रम के सम्मान की नई परंपरा :** उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रम के सम्मान की नई परंपरा स्थापित की है। प्रयागराज महाकुंभ में सफाईकर्मियों का सम्मान और मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों का अभिनंदन इसी का उदाहरण है।

**डीएम-एसपी ने किया स्वागत :** इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कुशीनगर आगमन पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी उपस्थित रहे।


दोनों डिप्टी सीएम का स्वागत करते डीएम व एसपी

# गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, 12 अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

- डीएम महेंद्र सिंह तंवर का सख्त रुख, कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**अवधनामा ब्यूरो**

कुशीनगर। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(3) के तहत 12 व्यक्तियों को 'गुंडा' घोषित करते हुए उन्हें छह माह के लिए जनपद कुशीनगर की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) करने का आदेश जारी किया है।

यह कार्रवाई विस्तृत जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की गई है। जांच में पाया गया कि संबंधित व्यक्तियों की गतिविधियां जनहित और लोक शांति के लिए प्रतिकूल हैं। आदेश के अनुसार सभी निष्कासित व्यक्तियों को छह माह की अवधि तक जनपद कुशीनगर की सीमा से बाहर रहना होगा। साथ ही जहां भी वे रात्रि विश्राम करेंगे, उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निष्कासन अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति बिना न्यायालय की पूर्व अनुमति के जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा।

हालांकि यदि किसी न्यायिक कार्यवाही के लिए किसी व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित होना आवश्यक होगा, तो उसे पृथक अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जिन व्यक्तियों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है उनमें अंकित पांडेय निवासी इंदिरा नगर खड्डा, रियाज निवासी बसहिया बनवीरपुर, गुड्डू निवासी सेमरिया बाजार, परवेज आलम उर्फ सीसम निवासी खैरटवा, गोरखनाथ मिश्र निवासी रहसू, मनोज कुशवाहा निवासी जंगल बनवीरपुर, आफताब अली निवासी कसेरा टोली, अरविंद यादव निवासी सरगटिया करनपट्टी, संदीप तिवारी निवासी पटहेरवा टोला हतवा, जोगेन्द्र उर्फ योगेन्द्र प्रसाद निवासी पगरा पड़री, सुनील जायसवाल निवासी बनकटा बाजार तथा अभिषेक निवासी मिश्रौली शामिल हैं। जिलाधिकारी ने आदेश की प्रति संबंधित थानाध्यक्षों और पुलिस अधीक्षक को भेजते हुए तत्काल तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध और अराजक तत्वों के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' की नीति के तहत आगे भी ऐसी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# विधायक पी.एन. पाठक के पिता को दोनों डिप्टी सीएम ने दी श्रद्धांजलि

- गड़हिया पाठक गांव में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**




**कसया, कुशीनगर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक कुशीनगर विधायक पी. एन. पाठक के पैतृक गांव गड़हिया पाठक पहुंचे। यहां उन्होंने विधायक के पिता स्वर्गीय लालाबाबू पाठक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उप मुख्यमंत्रियों के आगमन पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने स्व. लालाबाबू पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए विधायक पी.एन. पाठक और उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता तथा हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में 364 रिक्रूट आरक्षियों की थानों पर तैनाती

- आधारभूत प्रशिक्षण पूरा होने के बाद पुलिस लाइन से विभिन्न थानों में भेजे गए जवान
- अब फील्ड में लेंगे पुलिसिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद में आधारभूत प्रशिक्षण पूरा कर चुके 364 रिक्रूट आरक्षियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए जिले के विभिन्न थानों में तैनात किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत सभी आरक्षियों को पुलिस लाइन से अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नियुक्त कर दिया गया है।

पुलिस विभाग के अनुसार प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब इन आरक्षियों को फील्ड में पुलिसिंग का व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जहां वे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, गश्त और थाने की कार्यप्रणाली से जुड़ी जिम्मेदारियों को सीखेंगे। जारी सूची के अनुसार आरक्षियों को कोतवाली पडरौना, कसया, हाटा, कप्तानगंज, अहिरौली बाजार, तरयासुजान, तमकुहीराज, नेबुआ नौरंगिया, रामकोला, जटहां बाजार, कुबेरस्थान, तुर्कपट्टी, रविन्द्रनगर धूस, पटहेरवा, सेवरही, विशुनपुरा, चौरा खास, खड्डा और हनुमानगंज सहित अन्य थानों में तैनाती दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फील्ड प्रशिक्षण के दौरान नए आरक्षियों को थाने की दैनिक कार्यप्रणाली, अपराध की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, गश्त व्यवस्था और जनता से संवाद जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे भविष्य में पुलिस सेवा की जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकें।

# सत्संग में गूंजा शाकाहार और नशा मुक्ति का संदेश, मानव जीवन को बताया अनमोल

- मोतीचक क्षेत्र के अथरहां में आयोजित रहा सत्संग कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**


अथरहां में सत्संग कार्यक्रम को संबोधित करते धर्म प्रचारक सतीशचंद

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम सभा अथरहा में शुक्रवार को आयोजित सत्संग कार्यक्रम में जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक सतीशचंद साहब ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शाकाहार और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस संसार में परमात्मा ने मानव जीवन को शाकाहारी बनाया है और शाकाहारी रहने से मानव शरीर निरोग रहता है।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ और अमूल्य है, जो अनेक जन्मों के पुण्य फल से प्राप्त होता है। रामायण की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा– 'बड़े भाग्य मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सदग्रंथन गावा।'

अर्थात मनुष्य का जन्म बहुत बड़े भाग्य से मिलता है और यह देवताओं के लिए भी दुर्लभ बताया गया है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। परमात्मा ने इंसान को इसलिए श्रेष्ठ बनाया है कि वह जीते-जी सृष्टि के रहस्य और उद्देश्य को समझ सके।

उन्होंने कहा कि सभ्यता केवल अंग्रेजी या विज्ञान पढ़ने से नहीं आती, बल्कि अंडा, मछली, मांस और शराब का त्याग कर शाकाहारी व नशामुक्त जीवन अपनाने से आती है। इस अवसर पर संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता सोहनलाल गुप्ता, मृतुंजय राय, रामप्रताप सिंह, चेयरमैन नवरंग सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मनीष सिंह, रंगी शर्मा सहित तमाम सत्संग व जय गुरदेव धर्म प्रचारक संस्था के लोग उपस्थित रहे।

## गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ 1-4 मई तक मध्यम वर्षा के आसार

**सेवरही, कुशीनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया करनपट्टी की मौसम विज्ञानी श्रुति वी सिंह ने 1 से 5 मई तक के लिए जारी कृषि मौसम परामर्श में बताया है कि 1 से 4 मई के बीच क्षेत्र में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वानुमानित अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 37 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। साथ ही पूर्वी दिशा से 6 से 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकों के साथ हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। परामर्श में बताया कि इस दौरान आसमान में बादल छाए रहने के साथ आंधी-तूफान की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में किसानों को खेतों में कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विशेषकर खुले में खड़े फसलों, कटाई-मड़ाई के कार्य तथा कृषि यंत्रों के उपयोग के दौरान सतर्क रहने को कहा गया है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर हुए विविध कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व शुक्रवार को जिले में श्रद्धा और सद्भाव के वातावरण में मनाया गया।त्रिसरण पंचशील बुद्ध वंदना धम्मदेशना शरबत वितरण और भोजन दान के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नगर स्थित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक त्रिसरण पंचशील और बुद्ध वंदना के बाद अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ। अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार बौद्ध बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। अम्बेडकर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश अकेला वरिष्ठ कवि और शिक्षक राम चन्द्र सरस बामसेफ के विधानसभा संयोजक फूल चंद्र बौद्ध श्याम लाल राम चन्द्र ललित कुमार श्याम कुमार नरेन्द्र कुमार इशितयाक अहमद शिव?प्राण बौद्ध शिवनंदन बौद्ध हेमराज नन्द लाल प्रदीप कुमार अभिषेक बौद्ध राम प्रसाद सुखराम फूलचंद हरीराम बौद्ध किसुन पाल राम कुमार बुद्धि राम भीमसेन अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।वहीं अम्बेडकर सेवा समिति कुशीताली की ओर से वारामासी में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाई गई।त्रिसरण पंचशील बुद्ध वंदना और शरबत वितरण के धम्म चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन गृह त्याग ज्ञान प्राप्ति और धम्मोपदेश की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

भगवान बुद्ध और उनका धम्म विषय पर संवाद हुआ और जनसामान्य को बौद्ध धम्म की शिक्षाओं को आचरण में लाने का संदेश दिया गया। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरीगंज की सामाजिक कार्यकर्ता लालती बौद्ध कवि रामचंद्र सरस फूल चंद्र बौद्ध राम चन्द्र बौद्ध मौजूद रहे।आयोजन समिति की ओर से संयोजक दीपक आर्य सह संयोजक त्रिभुवन दत्त नंगू राम बौद्ध संत राम बौद्ध संजय मौर्य शिवलाल जिया लाल बौद्ध रामशंकर मुरली बौद्ध अनुराग बौद्ध एकता बौद्ध आदि ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# श्रमवीर गौरव समारोह-2026' का लाइव प्रसारण देखा गया

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार का इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार, बस्ती में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विधायक हरैया अजय सिंह जी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, उप श्रमायुक्त रचना केसरवानी, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं विभिन्न संघों के श्रमिक एवं सेवायोजक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उक्त अवसर पर श्रमिक जागरूकता हेतु संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें विधायक हरैया अजय सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में श्रमिक भाई बहनों को जागरूक बनाये जाने हेतु श्रम विभाग द्वारा जारी पैम्पलेटों का अध्ययन करने पर जोर दिया तथा जागरूक होकर श्रम विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं में ऑनलाईन माध्यम से आवेदन कर हित लाभ प्राप्त करने की बात कही। साथ ही उनके द्वारा जनपद बस्ती में स्थित अटल आवासीय विद्यालय को प्रदेश का अग्रणी विद्यालयों में शुमार करते हुए उसकी तुलना राजधानी स्थित विद्यालयों से की तथा इस पर प्रकाश डाला गया कि किस प्रकार श्रम विभाग श्रमिक भाई बहन के जीवन में प्रवेश करने (जन्म से), उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में, विवाह में तथा उनके बुढ़ापे में सहयोग प्रदान कर रहा है। उक्त अवसर पर रचना केसरवानी, उप श्रमायुक्त द्वारा जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं श्रमिक भाई बहनों को श्रमिक दिवस की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, उ0प्र0 असंगठित सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

## चौकी प्रभारी सहित दो आरक्षी निलंबित

**बस्ती।** थाना छावनी क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर टोला कुचुनपुरवा के मृतक गया प्रसाद मामले में परिजनो द्वारा चौकी प्रभारी शशि शेखर सिंह, आरक्षी काशीनाथ पाण्डेय एवं आरक्षी राहुल सिंह पर सही से कार्यवाही न करने एवं उत्कोच की मांग करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी और दोनों आरक्षियों को निलंबित कर दिया है एवं विभागीग जांच के आदेश दिये गये है।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दिया विदाई : अधिकारों के लिये एकजुट होकर संघर्ष पर जोर

**बस्ती ।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ शाखा बस्ती के आम सभा की बैठक जिलाध्यक्ष शिव शंकर पांण्डय की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम में संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक सुरेश चंद्र बैसवार ने कहा कि शिक्षक की भूमिका कभी समाप्त नहीं होती। विशिष्ट अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों का हक है और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन ही एकमात्र विकल्प है, हम सबको एकजुट होकर पेंशन और टेट जैसे मुद्दों पर सरकार से लड़ना होगा। जिलाध्यक्ष शिव शंकर पाण्डये ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ग्रेजुएटी के लिए संघ ने अथक प्रयास करके कर्मचारियों कीग्रेजुएटी निर्गत करवाई है, ऐसे कर्मचारी जिनकी फाइल बाद में जमा हुई उनके लिए प्रयास चल रहा है, जल्द ही ग्रेच्युटी निर्गत हो जाएगी । जिला महामंत्री भूपेंद्र प्रताप सिंह ने चयन और प्रोन्नत वेतनमान से संबंधित संघ के प्रयासों का उल्लेख किया । प्रदेश संगठन मंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जायज मांगों के लिए तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती । कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लवकुश शुक्ला, राजेश उपाध्याय, सुनील यादव, नेबु लाल यादव, हेमंत मिश्र लोकेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार दुबे , पुष्कर चौधरी आदि ने संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ विजय सिंह ने किया । बैठक में अनेक शिक्षक शामिल रहे।

## 8 वारंटी गिरफ्तार

**अमेठी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने शुक्रवार को आठ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में टीमों ने शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी थे। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायालय भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## आंधी-तूफान से हुई जनहानि पर दी गई आर्थिक सहायता

**अमेठी।** जनपद में 29 अप्रैल को आए आंधी-तूफान के कारण हुई दो जनहानियों के मामले में जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता प्रदान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए प्रभावित परिवारों को राहत उपलब्ध कराई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील गौरीगंज क्षेत्र में मृतक अंबिका प्रसाद की पत्नी को नियमानुसार चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता धनराशि सीधे अंतरित कर दी गई है। वहीं तहसील तिलोई क्षेत्र में मृतक मोहित पुत्र गिरजा शंकर के मामले में परिजनों द्वारा प्रारंभ में पोस्टमार्टम न कराए जाने तथा बाद में सहमति देने में विलंब के कारण प्रक्रिया में देर हुई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई देर शाम लगभग 5 बजे तक चली जिसके उपरांत तत्काल भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय एवं कोषागार विभाग देर रात्रि तक खुले रहे ताकि सहायता राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

# 38 बिंदुओं की मार्गदर्शिका में स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को बड़ी राहत

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** स्मार्ट मीटर पर विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ रहे विवाद का समाधान देने के लिए विद्युत निगम ने 38 बिंदुओं की मार्गदर्शियां जारी की है जिसमें उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए चेक मीटर, पुराने उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क मीटर, बैलेंस पॉजिटिव पर दो प्रतिशत की विशेष छूट, बजट नियंत्रण, पारदर्शी ऑटोमेटिक रीडिंग, एसएमएस अलर्ट, आसान रिचार्ज, मोबाइल ऐप से तत्काल जानकारियां, इमरजेंसी क्रेडिट पीरियड सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिससे उपभोक्ताओं को संतुष्टि प्रदान की जा सके ।

यह जानकारी देते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण निगम ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओ के लिए नई मार्गदर्शिका पूरी तरह उपभोक्ताओं के हित का संरक्षण करती है और स्मार्ट मीटर इस समय में सबसे उपयोगी साबित होगा। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए स्मार्ट मीटर की मार्गदर्शिका में उपभोक्ताओं के सभी सवालों का जवाब दिया गया है। इस जवाब से उपभोक्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सकता है।

बताया कि विद्युत की किसी प्रकार की समस्या के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है या यूपीपीसीएल की वेबसाइट या विभागीय व्हाट्सएप नंबर मध्यांचल के लिए 766 900 3409, पश्चिमांचल के लिए 785 980 4803, पूर्वांचल के लिए 801096 8292, दक्षिणांचल के लिए 801095 7826 और केस्को के लिए 828 783 5233 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर मार्गदर्शिका के सभी 38 बिंदुओं की जानकारी दी और बताया कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सुरक्षित है और उपभोक्ताओं के उपयोग हेतु है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर तेज चलते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए अब चेक मीटर' लगाने की व्यवस्था की गई है। यदि कोई उपभोक्ता शिकायत करता है तो विभाग को तुरंत चेक मीटर लगाना होगा।

# श्रमिक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**




**अमेठी।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में एक गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों सामाजिक सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी औद्योगिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रमिक बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण से हुई जिसे उपस्थित जनसमूह ने गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान श्रमिकों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार एवं श्रमिक हितों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ होते हैं और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं–जैसे आवास शिक्षा चिकित्सा सहायता एवं पेंशन योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्रमिकों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद प्रशासन श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें अटल आवासीय विद्यालय योजना श्रमिक पंजीकरण मातृत्व लाभ कन्या विवाह सहायता चिकित्सा सहायता एवं पेंशन योजनाएं प्रमुख हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब श्रमिक समय से अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक रहें।

## नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलन्द

**अमेठी।** नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। सड़क की पटरियों पर सजी दुकानें किनारे खड़े ठेले बड़ी मुश्किल से आधी सड़क पर आवागमन जाम का कारण बना है।इसके बावजूद प्रशासन इस ओर अनदेखी कर रहा है। बढ़े अतिक्रमण के कारण लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है।

नगर में जगह जगह भीषण जाम लग रहा है। सबसे अधिक समस्या अंबेडकर तिराहे और राजर्षि तिराहे के पास होती है जहां जाम की स्थिति काफी विकराल रहतीहै। वहीं गांधी चौक और राजर्षि तिराहा भी दिन भर जाम की चपेट में रहते हैं।अतिक्रमण के कारण सभी मार्ग सकरे दिखाई दे रहे हैं। सगरा तिराहे पर भी जाम की स्थिति थोड़ी-थोड़ी देर बाद बनती है।सड़क की पटरियों पर सजी दुकानों के कारण मार्ग सकरा हो गया है।उस पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होतीहै। इस समस्या के प्रति स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# दलित उत्पीड़न के शिकार भाजपा सांसद ने मीडिया को सुनाया दर्द

- बोले गाड़ी के बोनट पर घूसा मारते हुए बेटे को दीं जाति सूचक गालियां

अवधनामा संवाददाता

**दलित उत्पीड़न को लेकर चुप्पी साधे रहे सांसद का फूटा दर्द**

फिलहाल भाजपा सांसद का परिवार जब खुद दलित उत्पीड़न का शिकार हुआ तो भाजपा सांसद ने मीडिया के सामने आकर अपना दर्द बयां किया है लेकिन इससे पहले शाहजहांपुर जनपद में दलित उत्पीड़न की तमाम घटनाएं हुई और अरुण कुमार सागर लगातार दूसरी बार भाजपा के सांसद हैं लेकिन किसी भी दलित उत्पीड़न के मामले में भाजपा सांसद मुखर नहीं हुए और चुप्पी ही साधे रहे अभी हाल में ही भाजपा सांसद के सजातीय सब्जी विक्रेता की खुलेआम लाठी डंडों से पिटाई और जाति सूचक शब्दों से गालियां देने का मामला चर्चा में रहा यहाँ तक इस मामले को लेकर हजारों की संख्या में दलित संगठनों ने एकत्र होकर शाहजहांपुर में प्रदर्शन किया लेकिन भाजपा सांसद ने इस मामले में भी चुप्पी बरकरार रखी लेकिन अब भाजपा सांसद का खुद परिवार दलित उत्पीड़न का शिकार हुआ है तो मोर्चा संभालना लाजमी था फिलहाल सांसद के परिवार को सार्वजनिक रूप से जाति सूचक शब्दों से अपमानित करना तमाम सवाल खड़े कर रहा है।

**शाहजहांपुर।** जनपद से सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर का परिवार दलित उत्पीड़न का शिकार हो रहा है इस बात की जानकारी भाजपा सांसद ने शुक्रवार को खुद एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को दी है उन्होंने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि साउथ सिटी निवासी नीटू सिंह आए दिन सार्वजनिक रूप से उन्हें और उनके परिवार को जाति सूचक शब्दों से गालियां देते हैं उन्होंने यह भी बताया अभी हाल ही में उनका बेटा घर से गाड़ी लेकर निकल रहा था इस बीच उनके बेटे की गाड़ी रोक कर बोनट पर घूसे मारे और जाति सूचक शब्दों से गालियां दी उनके बेटे के साथ बदसलूकी की ,फिलहाल इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर तथा कथित सपा नेता लखन प्रताप सिंह द्वारा वीडियो जारी कर लगाए गए आरोपो पर भी निशाना साधा उन्होंने कहा सपा नेता द्वारा इस घटना को लेकर क्षत्रिय समाज के लोगों को भ्रमित किया जा रहा है और पार्टी के खिलाफ भड़काया जा रहा है उन्होंने कहा इस घटना के बारे में उन्होंने थाने पर कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है पुलिस अपनी तरफ से अगर कार्रवाई कर रही है तो इसकी उन्हें जानकारी नहीं है उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि लखन प्रताप सिंह नरसंहार के मामले में आरोपी रहे हैं उसमें क्या रहा मुझे नहीं मालूम लेकिन अब हमारे ऊपर तमाम तरह से कीचड़ उछाल रहे हैं जो गलत है।

फिलहाल मीडिया के सामने आकर भाजपा सांसद द्वारा दलित उत्पीड़न की दास्तां सुनाने के बाद अब तमाम सवाल उठ रहे हैं भाजपा के सांसद का परिवार जब दलित उत्पीड़न का शिकार है तो उत्तर प्रदेश में अन्य दलित का क्या हाल होगा यह सिर्फ भाजपा संसद के परिवार पर हमला नहीं, बल्कि सामाजिक मर्यादा और कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश है।

## सिख समाज में सामाजिक न्याय यात्रा लेकर निकले भुल्लर का स्वागत

**शाहजहांपुर।** जनपद में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर की सिख समाज के बीच निकाली जा रही सामाजिक न्याय यात्रा जब समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बिजली पुरा पहुंची तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सिक्ख समाज में सामाजिक न्याय यात्रा तथा पीडीए पंचायत के तहत स्वजनों में संवाद करते हुए कार्यालय पहुंचे थे उनका शाहजहांपुर जनपद में दो दिन पूर्व आगमन हुआ था और वह पिछले दो दिनों से 134 पुवायां विधानसभा क्षेत्र से सिख समाज के बीच संवाद कर रहे थे पार्टी कार्यालय पर औ सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बुके देकर और फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान कुलदीप सिंह भुल्लर ने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राजनीतिक चर्चा कर प्रेस वार्ता की और भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारी संख्या में सिख समाज समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है उन्होंने कहा सिख समाज को आज तक भाजपा ने ठगने का काम किया है भाजपा सरकार में सिख समाज के जाति प्रमाण पत्र तक जारी नहीं हो रहे हैं।

# निजि मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासनादेश के कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उपरोक्त विषयक जनपद में संचालित समस्त निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित) समस्त प्रकार के बोर्ड को आर0टी0ई0 एक्ट, शासनादेश तथा उ0प्र0 स्व वित्त पोषित स्वतन्त्र (शुल्क विनियमन) 2018 के अनुक्रम में शासनादेश की प्रति संलग्न करते हुए निम्नवत् निर्देश प्रदान किये गये है। समस्त विद्यालयों में उक्त उपरोक्त शासनादेश एवं निम्न निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत संज्ञानित होने अथवा निरीक्षण के समय शासनादेश का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में अर्थदण्ड पारित करते हुए नियमानुसार विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। विद्यालय परिसर से किसी प्रकार के पाठ्यक्रम का विक्रय नहीं किया जायेगा न ही किसी अभिभावक को बाध्य किया जायेगा। विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर एक से अधिक बुक स्टोर-फर्म का नाम अंकित कर किसी भी स्थान से पाठ्यक्रम क्रय करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। विद्यालय का पाठ्यक्रम-यूनिफार्म परिवर्तित करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की अनुमति प्रदान करना अनिवार्य होगा। विद्यालय परिसर से यूनिफार्म का विक्रय नहीं किया जायेगा। विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर एक से अधिक दुकान-फर्म का नाम अंकित कर किसी भी स्थान से यूनिफार्म क्रय करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत-राष्ट्रीय गायन की व्यवस्था की जायेगी। विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यालय की मान्यता वाले बोर्ड-माध्यम-वर्ष-यू-डायस कोड का अंकन किया जाना अनिवार्य है। भ्रामक तथ्यों का अंकन कदापि नहीं किया जायेगा। विद्यालय में वाहनों का प्रयोग (स्वयं विद्यालय का अथवा किसी अन्य माध्यम से) किये जाने पर वाहनों की फिटनेस कराये जाने का दायित्व विद्यालय प्रबन्धतंत्र का होगा। विद्यालय प्रबन्धतंत्र के द्वारा प्रयोग किये जा रहे वाहनों का विवरण परिवहन विभाग के पोर्टल पर करना अनिवार्य होगा। सभी चालकों-कन्डक्टर का पुलिस वेरीफिकेशन आनिवार्य होगा। विद्यालय के वाहन चालक-कन्डक्टर के अतिरिक्त एक आया भी साथ रखना अनिवार्य है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर विचार गोष्ठी आयोजित



**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से गौतम बुद्ध पार्क, बेरी चौकी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध के सिद्धांतों, शांति, करुणा और मानवता के संदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीके कपिल, सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजन सिंह, प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक सोरों मौजूद रहे। मुख्य वक्ता ऋषिपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी शाहजहांपुर ने बुद्ध के विचारों को वर्तमान समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसके मित्रा ने की। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, तपस्या और मानव कल्याण का प्रेरक उदाहरण है। वक्ताओं ने पंचशील, अहिंसा, सत्य और सद्भावना के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने बुद्ध पूर्णिमा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## फर्निस्ड चूड़ी कारखानों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित फर्निस्ड चूड़ी कारखानो का वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, इन अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा और एएलसी यशवंत कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे, इस दौरान अधिकारियों द्वारा कोहिनूर गिलास, माहेश्वरी ग्लास, मिलेनियम ग्लास वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक ग्लास, रचना ग्लास के 0सी0ग्लास एवं एम प्रिंस ग्लास का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि जनपद के लगभग सभी प्रमुख चूड़ी कारखानो में सामान्य रूप से शांति के साथ उत्पादन कार्य संचालित है, .सभी सेवायोजकों को सुरक्षा मानकों और श्रमिक हितों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

## विहान आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विहान आवासीय बालिका विद्यालय हुजूरपुर रोड बहराइच में चिकित्सा शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए उप श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं तथा उनके अभिभावको के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही नवीन श्रम संहिताओं तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिको हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि विहान विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के अध्यक्ष राकेश सनातनी सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ, छात्राएं व उनके अभिभावक तथा श्रमिकगण मौजूद रहे।

## एसी के कॉपर तार चोरी का खुलासा, कबाड़ डीलर पर शिकंजा

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** शहर में एसी के कॉपर पाइप और तार चोरी के मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई आरोपितों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली पुलिस की टीम जिसमें महिला और पुरुष सिपाही शामिल थे, चौक क्षेत्र स्थित एक बर्तन दुकानदार के यहां पहुंची और पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने एसी के कॉपर पाइप चोरी करने वाले चोरों के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ डीलर (रिसीवर) को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संबंधित दुकानदार चोरी का कॉपर तार गुपचुप तरीके से खरीदता था। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे बंद पड़े दफ्तरों और सुनसान मार्केट को निशाना बनाकर एसी के आउटडोर यूनिट से कॉपर पाइप और तार काटकर चोरी करते थे।

# सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई को आयोजित होगा विजय उत्सव



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल/परिसर में 23 व 24 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में गुरूवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि विजयोत्सव के अवसर पर सुहेलदेव जी की गौरवगाथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि स्मारक स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरस व शिल्प मेले का आयोजन किया जाय जिससे स्थानीय मेधा को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। डीएम ने आयोजन को सभी आयु वर्ग हेतु रूचिकर बनाये जाने हेतु फूड स्टाल तथा बच्चों के लिए आर्कषक झूले भी लगवाये जायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंसा, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, अधि. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी चन्द्रभान सिंह, जिला सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद में चूड़ी मजदूरों का शोषण

- 100 तोड़ा पर हजारों की कटौती
- जान जोखिम में डालकर भी आधी मजदूरी
- चूड़ी उद्योग से जुड़े मजदूरों की हालत चिन्ताजनक
- श्रमिकों को तय मानकों से कहीं कम दी जा रही मजदूरी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** चूड़ी नगरी के नाम से मशहूर फिरोजाबाद में कांच और चूड़ी उद्योग से जुड़े मजदूरों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मजदूर संगठनों द्वारा दिए गए ज्ञापन में खुलासा हुआ है कि श्रमिकों को तय मानकों से कहीं कम मजदूरी दी जा रही है, जबकि काम बेहद जोखिम भरा है। वर्तमान में चूड़ी जुड़ाई मजदूरों को 100 तोड़ा पर मात्र 1350 रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि उन्हें 3216.96 रुपये मिलना चाहिए। इसी तरह सदाई-झलाई का काम करने वाले श्रमिकों को 900 रुपये के बजाय 2680 रुपये, छटाई में 300 के स्थान पर 478.65 रुपये और चकलाई में 250 के बजाय 435.65 रुपये मिलने चाहिए। यानी हर स्तर पर मजदूरों को 40 से 60 प्रतिशत तक कम भुगतान किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि अधिकांश मजदूर ठेकेदारी व्यवस्था के तहत काम करते हैं, जिससे उनका शोषण और बढ़ जाता है। मजदूरी का भुगतान सीधे बैंक खातों में नहीं किया जाता, जिससे पारदर्शिता भी नहीं रहती। सबसे चिंताजनक पहलू मजदूरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा है। ज्ञापन के अनुसार भट्टियों में 1500 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर काम करने के कारण श्रमिकों को टीबी, फेफड़ों की बीमारी और आंखों की रोशनी कमजोर होने जैसी गंभीर समस्याएं हो रही हैं। कई स्थानों पर सुरक्षित ईंधन के बजाय खतरनाक केमिकल (एमटीओ ऑयल) का उपयोग किया जा रहा है, जिससे आग की घटनाएं बढ़ी हैं और अब तक कई मजदूरों की जान जा चुकी है।मजदूरों ने अपनी प्रमुख मांगों में गैस की नियमित आपूर्ति, मजदूरी में वृद्धि, सुरक्षित ईंधन की व्यवस्था, तथा सभी श्रमिकों को ईएसआई, पीएफ और बीमा सुविधाएं देने की मांग उठाई है। साथ ही मजदूरों का पंजीकरण कर उन्हें पहचान पत्र देने की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सर्व श्री रविन्द्र सिंह राठौर, कॉमरेड नवल सिंह एडवोकेट, हाकिम सिंह निमौरिया, हेतसिंह पूर्व पार्षद, नरेश कुमार शंखवार, केशकांत शंखवार (मुन्ना भाई) और रामदास मानव उपस्थित रहे। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो मजदूर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ऐसे में प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करे, वरना चूड़ी उद्योग की चमक के पीछे छिपा यह कड़वा सच बड़े संकट में बदल सकता है।

# सभी पात्र महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाय : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** गुरूवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जनपद में उपलब्ध राशन कार्ड डेटा (पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय) के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि कि अभी भी बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारक परिवारों की महिलाएं समूहों से नहीं जुड़ी हैं। इस सम्बन्ध में सीडीओ द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र की समस्त पात्र एवं निर्धन परिवारों की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किया जाय। सीडीओ श्री धनवंता ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत वार उपलब्ध राशन कार्ड धारकों की सूची का मिलान वर्तमान में गठित समूहों की सदस्य सूची से किया जाए। डेटा मिलान एवं चिन्हांकन के दौरान जो पात्र परिवार समूहों से वंचित हैं, उनकी पृथक सूची तैयार की जाए। सीडीओ ने कहा कि पात्रता रखने वाले सभी वंचित महिलाओं का नाम समूहों से जोड़ने तथा छूटे हुए परिवारों की महिलाओं को समूह की कार्यप्रणाली और लाभों जैसे-रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ, एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सम्पर्क अभियान चलाया जाय। उन्होंने कहा कि जहां पर आवश्यकता हो, वहां 10-12 महिलाओं को जोड़कर नवीन स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी पूर्व संचालित समूह में स्थान रिक्त है, तो वहां इन महिलाओं को सम्मिलित किया जाए।

सीडीओ श्री धनवंता ने ब्लाक मिशन मैनेजर्स को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट विकास भवन में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करनी होगी, लक्ष्यों की प्राप्ति में शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। समस्त बीडीओ एवं एडीओ (ग्राम्य विकास) को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से ग्राम सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। आजीविका संवर्धन एवं लखपति दीदी अभियान की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी योजना के तहत चिन्हित महिलाओं को कृषि, पशुपालन एवं लघु उद्योगों से जोड़कर उनकी वार्षिक आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। फंड का समयबद्ध आवंटन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया कि नवीन गठित स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि का वितरण तत्काल सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण स्तर पर स्वःरोजगार के अवसर सृजित हो सकें।

# नारद जयंती पर भव्य कार्यक्रम




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर के मेहमान रेस्टोरेंट में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग द्वारा मोहनपुर इकाई के संयोजन में सुबह 11.00 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बीके झा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशी प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ. मोराजी त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों को अपने दायित्व का बोध देवर्षि नारद के आदर्शों से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कलम चलाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है, ऐसे में पत्रकारिता को समाज को ÷अमंगल से मंगल÷ की ओर ले जाने का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने देवर्षि नारद को पत्रकारिता का जनक बताते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, संवाद और लोककल्याण का प्रतीक रहा है। डॉ. त्रिपाठी ने यह भी कहा कि नारद मुनि न केवल विष्णु भक्त के रूप में पूजनीय हैं, बल्कि उन्हें संगीत का प्रणेता भी माना जाता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य भी समाज में सत्य, शिव और सुंदर के भाव को स्थापित करना है, जिसे सत्यम् शिवम् सुंदरम के रूप में समझा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. बीके झा ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है और उसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद के जीवन से प्रेरणा लेकर पत्रकारों को वर्तमान समय में संतुलन बनाए रखते हुए समाजहित में कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर विभाग श्री प्रकाश, डॉ राधाकृष्णन विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख शक्ति प्रकाश साजिला कार्यवाह अभिषेक नीरज विजय सहित अनेक पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में पत्रकारिता के मूल्यों, सामाजिक दायित्वों एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## निषाद पार्टी की 'राजनैतिक एकता' महारैली में उमड़ा जनसैलाब

**लंभुआ/सुलतानपुर।** निषाद पार्टी की 'राजनैतिक एकता' विशाल महारैली वाराणसी में लंभुआ विधानसभा (190) से वरिष्ठ नेता डॉ. आशीष तिवारी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारों और तालियों की गूंज के बीच भव्य स्वागत किया और जुलूस की शक्ल में मंच तक ले गए। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और ऊर्जा का माहौल नजर आया।महारैली के मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, का डॉ. आशीष तिवारी ने 51 किलो की विशाल माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी एकता और संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराया। अपने संबोधन में डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि निषाद पार्टी समाज के दबे-कुचले, वंचित और असहाय वर्गों की सशक्त आवाज बनकर उभरी है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

**मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-20/अधि0अभि0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 09.05.2026 को 12:00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 03:00 बजे अपराह्न निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 04.05.2026 से 09.05.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य + G.S.T.+ स्टेशनरी चार्जे (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Slotting of M.S. ERW Pipe 14 dia of slots size 1.5x76 mm in set of y slots having distance 3.5 mm slot to slots 6.5 mm peripheral distance and 28 mm longiyudinal distance between 2 set of slott. 1.5 Cusec Capacity under project 1750 R&R State tubewells Project (GST 18% Extra.) | 404352 No. of slots (39pipe) | 6.95 | 14000.00 | 03 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | 'ए' श्रेणी (यांत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UPID-250709 Dated-01-05-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ


# मजदूर दिवस पर संयुक्त मजदूर मंच ने भरी हुंकार

- हक की लड़ाई तेज करने का लिया संकल्प




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को शहर के राजीव गांधी पार्क में संयुक्त मजदूर मंच द्वारा एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और मजदूरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति आवाज बुलंद की। सभा को मुख्य रूप से कॉमरेड अशोक शुक्ला (संयोजक सीटू, अध्यक्ष यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य) ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने मजदूरों के गौरवशाली इतिहास और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। मई दिवस केवल एक अवकाश नहीं, बल्कि दुनिया भर के उन मजदूरों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने काम के घंटे तय करने और गरिमापूर्ण जीवन के लिए अपना खून बहाया। आज के दौर में श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव और निजीकरण की नीतियों ने कामगारों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हमें बैंक, रेल, बीमा और अन्य सरकारी संस्थानों को बचाने के लिए एक बड़ा और संगठित आंदोलन खड़ा करना होगा। सभा में वक्ताओं ने वर्तमान आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया। श्रम सुधारों के नाम पर शोषण नए लेबर कोड्स को मजदूर विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की गई। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बेतहाशा निजीकरण को देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए घातक बताया गया। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। संयुक्त मजदूर मंच के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक कर्मचारी संगठनों, बीमा क्षेत्र, चिकित्सा प्रतिनिधियों और सीटू से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में शहीद मजदूरों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः–** वमइ/तृतीय/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत टिम्बल गेडो वोरस ट्राली पद्धति या इसी तरह के उपकरण प्रणाली का उपयोग करके प्री टैम्पिंग/पोस्ट टैम्पिंग माप द्वारा ट्रैक ज्यामिति का कार्य।, **ई–निविदा सूचना सं०:–** एनईआर–बीएसबी–2026–26, **अनुमानित लागत (₹):–** 81,40,210/–, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹):–** 1,62,800/–, **निविदा बन्द होने की तिथिः–** 26.05.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः–** 12 माह, • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–26 दिनांक 26.05.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।, • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।, • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा ।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी0)
वाराणसी
मुजाधि/डब्लू–67

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# अवैध पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई, तीन सीज

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में बिना मानकों के संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीबी राजपूत, उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी, जिसमें दो पैथोलॉजी लैब और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जांच के दौरान मंडी गेट के सामने स्थित स्टैंडर्ड पैथालॉजी, सरकारी अस्पताल के पास इंडियन अल्ट्रासाउंड एंड पैथालॉजी तथा तहसील रोड स्थित यश पैथालॉजी को मानक विहीन संचालन के चलते सीज किया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही कई अन्य पैथोलॉजी संचालक अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो संचालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर्स पर भी जांच अभियान चलाया, जिससे पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया और दुकानदारों में दहशत का माहौल देखने को मिला।

**नियमों का उल्लंघन बना कार्रवाई का आधार-** अधिकारियों ने बताया कि पैथोलॉजी लैब संचालन के लिए क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट (पंजीकरण एवं विनियमन) अधिनियम, 2010 एवं संबंधित राज्य नियमों के तहत पंजीकरण अनिवार्य है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के लिए पीसी-पीएनडीटी अधिनियम, 1994 (Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques Act) के तहत वैध पंजीकरण, प्रशिक्षित चिकित्सक एवं निर्धारित उपकरणों का होना जरूरी है। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सीलिंग व दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चतुर्भुज राजपूत ने बताया कि सीज किए गए तीनों केंद्रों के संचालकों को एक सप्ताह के भीतर अपने पंजीकरण व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय सीमा में अभिलेख प्रस्तुत न करने पर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और बिना मानकों के संचालित स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा जन सैलाब बहराही भक्ति रस धारा

**इटावा।** 25 अप्रैल से ग्राम खुदी सर में गोरे दाऊजी धाम वृंदावन से पधारे श्री राम जी द्विवेदी महाराज के मुखारविंद से बह रही रस धारा में लाखों भागवत प्रेमियों ने लगाए भक्ति के गोते भागवताचार्य को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रतीक चिन्ह देकर पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित। श्रीमद् भागवत कथा में भागवताचार्य श्री राम जी द्विवेदी महाराज ने प्रभु की बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि जब नंद गांव में भगवान कृष्ण जी जन्म की खुशी में हल्दी दूध दही खीर की कींच मचाई है भयौ चंद्रवंश उजियारौ है, मिट गयौ दुखद अँधियारौ है, मिट गयौ दुखद अँधियारौ है, आज जागौ भाग हमारौ है, आज जागौ भाग हमारौ है, मिल्यौ आज जन्म कौ सार, ओ सार, लाला के दर्शन कर आवें, लाला के दर्शन कर आवें जो मिलौ नहीं सुख त्रिभुवन में, जो मिलौ नहीं सुख त्रिभुवन में, वो विखर रह्यौ ब्रज गलियां में, वो विखर रह्यौ ब्रज गलियां में, मच रही लूट ब्रज रसिकन में, कन्हैया जी के जन्मदिन के पश्चात उनके नामकरण के लिए श्री गर्गाचार्य जी को आमंत्रित किया जाता है।

# डीबीए ने बुद्ध पूर्णिमा पर की पूजा

■ सभागार में संगोष्ठी, वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध को याद किया। डीबीए पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने इंदिरा चौक स्थित बुद्ध प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन किया। इसके बाद डीबीए सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार त्रिपाठी ने की। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नरेशचंद यादव, गंगाराम शाक्य समेत कई अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। डीबीए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने बुद्ध के संदेशों पर चलने और अहिंसा परमो धर्म पर प्रकाश डाला। शुक्रवार सुबह डीबीए के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अधिवक्ताओं ने इंदिरा चौक स्थित बुद्ध प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन किया। डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी ने पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा बुद्ध के संदेशों को याद किया। महामंत्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित किए। पूजन के बाद डीबीए सभागार में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट विद्याराम भारती ने की और मंच का संचालन एडवोकेट देवेंद्र पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी के दौरान मंच पर मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता नरेशचंद यादव, गंगाराम शाक्य, उदयवीर सिंह, संजीव कुशवाहा, अशोक शाक्य, विजय सिंह शाक्य समेत सभागार में मौजूद अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। अपने संबोधन में डीबीए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने बुद्ध पूर्णिमा और महात्मा बुद्ध के दिए संदेशों को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'अहिंसा परमो धर्म' के वक्तव्य पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर एडवोकेट रीना यादव, अमित चौरसिया, सुनील यादव, राजुल शुक्ला, राकेश राजपूत, मुनीश पाल सिंह, प्रमोद तिवारी, अनिल वर्मा, इंद्रपाल सिंह, अंशुल पांडेय, अमित नारायण पांडे, अर्चना शाक्य, मंजू शाक्य, बीनू चौधरी, प्रीति दुबे, शैलेंद्र सिंह वर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अनिल शाक्य, जयंत मिश्रा, देवेंद्र पाल सिंह, अवधेश दीक्षित, विमल तिवारी, आशीष तिवारी, अजय जाटव, विकास दिवाकर, रज्जन सिंह गौर, ममता शाक्य, सुशील बाबू, प्रशांत दुबे, वैभव मिश्रा, अनिल कुमार एवं मीडिया प्रभारी अमित तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# तहसील विवाद खत्म, अनशन समाप्त

■ सीनियर अधिवक्ताओं की पहल रंग लाई

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी और अधिवक्ताओं के बीच पिछले करीब एक माह से चला आ रहा विवाद शुक्रवार को सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद समाप्त हो गया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की पहल, मध्यस्थता और निरंतर संवाद के चलते दोनों पक्षों में सहमति बनी, जिससे लंबे समय से बना गतिरोध खत्म हो गया।

विवाद के समाधान के बाद उपजिलाधिकारी ने अनशन पर बैठे अधिवक्ता बरदानी प्रसाद, वसी अहमद सहित अन्य अधिवक्ताओं को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने समझौते पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे सकारात्मक पहल बताया।

उपजिलाधिकारी ने भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संवाद और समन्वय से ही समस्याओं का समाधान संभव है तथा भविष्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

तहसील परिसर में शांतिपूर्ण माहौल के बीच हुए इस घटनाक्रम को प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवलाल पाल, एल्डर कमेटी चेयरमैन हयात अहमद खां, अधिवक्ता राजेंद्र द्विवेदी, जावेद अहमद, बृज किशोर त्रिवेदी, राकेश मोहन दीक्षित, सुभान खान, एड. विनय तिवारी, एड. फिरोज, एड. शाहिद व एड. काज़ी अजमत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की कार्यकारिणी हुई घोषित

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** संयुक्त प्रेस क्लब इटावा (उत्तर प्रदेश) के जिला कार्यकारिणी की बैठक संस्था के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान ब्रिटिश इंस्टीट्यूट के सभाकक्ष में हुई जिसमें जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में पत्रकारों की मांगों और समस्याओं के समाधान के प्रति शासन एवं प्रशासन की उदासीनता को लेकर गंभीर चिंता भी जताई गई। बैठक में नव गठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का सबसे पहले माल्यार्पण से स्वागत कर बधाई दी गई।

नव गठित कार्यकारिणी में गणेश ज्ञानार्थी, रणवीर सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी व राजेन्द्र यादव संरक्षक, राजेन्द्र भसीन अध्यक्ष, सुधीर मिश्र महामंत्री, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चौरसिया, संजय कुमार सिंह चौहान, मसूद तैमूरी, ओमरतन कश्यप उपाध्यक्ष, अतुल गुप्ता कोषाध्यक्ष, रघुवीर सिंह यादव, कमल मिश्रा संगठन मंत्री, नितेश प्रताप सिंह प्रचार मंत्री के अलावा संजीव शर्मा, राहुल तिवारी, मुनव्वर अली 'अर्शी फोटोग्राफर', वहाज अली 'निहाल' सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा शाकिर अली को भरथना तथा संजीव राजपूत को इकदिल नगर का अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में आगामी तीस मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने समस्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए इस बात पर गंभीर चिंता भी व्यक्त की कि सारे समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ठीक ठीक रखने की चिंता करने वाले पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के प्रति शासन और प्रशासन की संवेदनहीनता बहुत गंभीर और चिंतित करने वाली है। संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने कहा कि समस्त पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल गत 25 फरवरी को आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में आए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, 19 मार्च को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को जिलाधिकारी कार्यालय, 27 मार्च को सदर विधायक सरिता भदौरिया को उनके आवास तथा 14 अप्रैल को सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे को उनके आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपे थे। इन ज्ञापनों के द्वारा पत्रकारों/मीडिया कर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश द्वारा मांग की गई थी कि कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनः बहाल किया जाए। टोल प्लाजा पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल टैक्स से निःशुल्क आने जाने का प्रावधान हो। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडियाकर्मियों की पहचान हो सके। कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं, जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े हर्ष से मनाया गया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिला विकलांग एसोसिएशन कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े हर्ष से मनाया गया,गोष्ठी का आयोजन कर सरकार की आउट सोर्सिंग नीत का खंडन किया गया।सरकार से मांग की गई अगर किसी विभाग में नियुक्तियां होती हैं तो रेगुलर की जाए,इस अवसर पर दिव्यांगों को अंग वस्त्र का मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक दिक्षित,जिला विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी ने स्वागत व सम्मान किया संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव महामंत्री संतोष कुमार त्रिवेदी संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता ने दिव्यांगों को अंग वस्त्र वितरण किया।कार्यक्रम में जयप्रकाश तिवारी संजय सिंह सीमा मिश्रा मोहम्मद यासीन नरेश चौहान रुखसाना बेगम सुनील तिवारी नीलम गुप्ता मनीष कुमार अमन बबली अंकुर गंभीर सिंह दिनेश सिंह विश्राम सिंह कई दिव्यांग भाई-बहन उपस्थित रहे।

## रिवहन-खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई



**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार सुबह परिवहन एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल क्षेत्र में बांदा व सिसोलर मार्ग पर अभियान चलाकर ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एआरटीओ अमिताभ राय के नेतृत्व में टीम ने बालू लादकर आ रहे 22 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया, जिनमें से 7 ट्रकों को सीज कर दिया गया, जबकि 15 ट्रकों से 20 लाख रुपये से अधिक का राजस्व वसूल किया गया। अभियान सुबह करीब 6:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें टीम ने बांदा व सिसोलर मार्ग से आने वाले वाहनों की सघन जांच की। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही ओवरलोड ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक मुख्य मार्ग छोड़कर लिंक मार्गों की ओर भागते नजर आए। कार्रवाई के दौरान ट्रकों के सड़क पर आड़ा-तिरछा खड़े होने से बांदा मार्ग पर करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माण कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** राजकीय बालिका हाई स्कूल हिनौती, घोरावल के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी चर्चित गोंड ने औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की अनिवार्य रूप से थर्ड पार्टी से जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में हर हाल में पूर्ण किया जाए। विलंब या शिथिलता कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल का भी जायजा लिया गया, जहां स्थानीय स्तर पर विवाद के कारण कार्य बाधित होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घोरावल को निर्देश दिए कि बाउंड्री वॉल निर्माण से संबंधित सभी विवादों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर ढिलाई पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, उपजिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा अभिनन्दन समारोह का भव्य आयोजन

**अनपरा/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** 'दिशिता महिला मंडल रेनुसागर' द्वारा वर्ष भर सामाजिक उत्थान की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं वालंटियर्स के सम्मान में एक भव्य अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रही दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने दिशिता महिला मंडल के वर्ष भर संचालित विविध कार्यक्रमो में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने 'दिशिता महिला मंडल रेनुसागर' द्वारा वर्ष भर किए गए सामाजिक उत्थान के कार्यों को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही व्यक्ति और समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने कौशल, मेहनत और संसाधनों के बल पर आगे बढ़ता है, तभी वह सशक्त और सम्मानजनक जीवन जी सकता है।उन्होंने कहा कि महिला मंडल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य न केवल जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं, बल्कि समाज को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याये रीना जैन,मेनका अरोरा,रीना पात्रा, रीतू हर्षवर्धन ऋतु दवे करबी दास मिश्रा ,सविता चौबे, हिंडालको रेनुसागर के अधिकारी शशिकांत दुबे,संजीव श्रीवास्तव, सदानन्द पांडेय,संतोष श्रीवास्तव,नितिन श्रीवास्तव ,बलवंत सिंह सहित दिशिता महिला मंडल की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।



## जिलाधिकारी चर्चित गोंड ने विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जिलाधिकारी चर्चित गोंड द्वारा आज औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत पेयजल पुनर्गठन योजना, राजकीय बालिका हाई स्कूल हिनौती, कलवारी-रॉबर्ट्सगंज मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि घोरावल नगर पंचायत की पेयजल पुनर्गठन योजना को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलवारी-रॉबर्ट्सगंज मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व सड़क चौड़ीकरण का कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने मौके पर ही सड़क निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी की मात्रा का सत्यापन कराया तथा अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण इस प्रकार किया जाए कि आवागमन सुरक्षित, सुगम और दीर्घकालिक हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराने पर विशेष बल दिया, ताकि जनपद के समग्र विकास को गति मिल सके और जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# कर्मचारियों को उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में एक मई को मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त सपोर्टिंग स्टाफ जैसे सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, माली एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों को उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में श्रमिकों के योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करना था। मजदूर दिवस विश्वभर में श्रमिकों के अधिकारों, उनके सम्मान और बेहतर कार्य परिस्थितियों के लिए मनाया जाता है। इसका ऐतिहासिक महत्व 1886 के शिकागो में हुए मजदूर आंदोलन से जुड़ा है, जहाँ श्रमिकों ने 8 घंटे कार्यदिवस की मांग को लेकर संघर्ष किया था। उसी संघर्ष की स्मृति में प्रतिवर्ष एक मई को यह दिवस मनाया जाता है, ताकि समाज को यह संदेश दिया जा सके कि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता केवल शिक्षकों या प्रबंधन के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी के संयुक्त योगदान से संभव होती है। हमारे विद्यालय के सपोर्टिंग स्टाफ हमारी व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनका परिश्रम, अनुशासन और समर्पण ही विद्यालय को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक रहा।

## एनटीपीसी विंध्याचल को आईबीसी ओएचएस एंड ई अवार्ड में मिला प्लेटिनम सम्मान



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल को आईबीसी व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (ओएचएस एंड ई) उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 में 'फायर सेफ्टी एक्सीलेंस' (मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन श्रेणी) के अंतर्गत प्रतिष्ठित प्लेटिनम ट्रॉफी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 30 अप्रैल 2026 को मुंबई में आयोजित आईबीसी एचएसई समिट-कम-अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया। यह उपलब्धि कार्यस्थल पर उच्चतम स्तर की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण मानकों के प्रति विंध्याचल की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसे आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग से और सुदृढ़ किया गया है। यह पुरस्कार स्टेशन की ओर से बिस्वजीत देओरी, उप महाप्रबंधक (ओएंडएम-सिविल) ने प्राप्त किया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि टीम विंध्याचल के सामूहिक प्रयास, मजबूत सुरक्षा संस्कृति और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का परिणाम है। इस सम्मान के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने पावर सेक्टर में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए सुरक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को पुनः सिद्ध किया है।

## मई दिवस पर विविध जनोपयोगी पहलों का सफल आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी सिंगरौली में मई दिवस के पावन अवसर पर श्रमिक कल्याण, स्वास्थ्य संरक्षण तथा विधिक जागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों ने संगठन की श्रमिक-हितैषी नीतियों एवं समावेशी विकास दृष्टिकोण को पुनः सुदृढ़ रूप से अभिव्यक्त किया। दिनांक 30 अप्रैल 2026 को सिंगरौली स्टेज-III परियोजना के संविदा श्रमिकों हेतु एक नवीन श्रम शेड का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संदीप नायक तथा महाप्रबंधक (परियोजना) रश्मिरंजन मोहंती की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस श्रम शेड में विश्राम कक्ष, स्वच्छ शौचालय एवं शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रमिकों को कार्यस्थल पर एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके। साथ ही, संविदा श्रमिकों के मध्य टी-शर्ट एवं अल्पाहार का वितरण भी किया गया, जिससे उनके मनोबल को सुदृढ़ किया जा सके। इसी क्रम में, श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा संजीवनी अस्पताल के सहयोग से स्टेज-III (2×800 मेगावाट) निर्माण क्षेत्र में एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

## युवती के साथ मारपीट करने में दो गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर।** गुरुवार को देर शाम बड़े पावर हाउस के सामने संचालित अर्थ होटल में युवती के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को देर शाम मौदहा निवासी शिवानी यादव के साथ कुछ युवकों ने गाली-गलौज करके जमकर अभद्रता करते हुए मारपीट की थी और कार में सवार होकर फरार हो गये थे। इस घटना के बाद युवती ने होटल में जमकर बवाल काटा था। घटना की सूचना पाकर थाने से पहुंची सब इंस्पेक्टर प्रियंका ने युवती को समझा बुझाकर शांत कराकर थाने लायी थी। युवती ने देर रात अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज करने की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके होटल अर्थ में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर घटना में शामिल बिदोखर पुरई निवासी अनुभव उर्फ प्रिंस एवं आशीष सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

# न्यायालय गेट के बाहर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

■ प्रशासन की सख्ती से अवैध दुकानें हटाईं

**अवधनामा संवाददाता**




**बाँदा।** जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के तहत जिला प्रशासन ने आज न्यायालय गेट के बाहर लंबे समय से जमे अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध दुकानों को हटवा दिया। प्रशासनिक अमले की पूरी तैयारी के साथ चलाए गए इस अभियान में बाँदा विकास प्राधिकरण और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने प्रभावी भूमिका निभाई। अभियान के दौरान बाँदा विकास प्राधिकरण के सचिव मदन मोहन वर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई की कमान संभालते हुए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनकी निगरानी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को तेज और व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने अपनी टीम के साथ जमीनी स्तर पर अभियान को क्रियान्वित किया और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अवैध दुकान शेष न रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा पहले दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश दी गई, लेकिन निर्देशों की अनदेखी होने पर सख्ती बरतते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई। बताया गया कि न्यायालय गेट के बाहर अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी और सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने यह कदम उठाया। डीएम ने स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा हल्का विरोध किया गया, लेकिन पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के चलते स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई और पूरा क्षेत्र खाली करा लिया गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे न्यायालय गेट क्षेत्र में जाम और अव्यवस्था की समस्या से राहत मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हटाए गए अतिक्रमण दोबारा न लगने पाए, इसके लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही नगर पालिका और विकास प्राधिकरण की टीम को शहर के अन्य अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों में भी इसी तरह अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रही सरकार: सीएम

- मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में एक-एक फरियादी से मिलकर सुनीं समस्याएं
- हर जरूरतमंद को योजनाओं के तहत लाभ दिला रही सरकार: योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है। बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।



### आवास की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने किया आश्वस्त

'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

### अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों में निर्देश

मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए। सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

# दहेज की भेंट पर चढ़ी मुस्कान

- दो महीने में ही ससुरालियों ने उजाड़ दी दुनिया
- रुपयों की भूख ने छीनी नवविवाहिता की सांसें, आग लगाकर मार डालने का आरोप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के वादरखेड़ा रोड स्थित जनता विहार कॉलोनी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने मानवता को झकझोर कर रख दिया। यहां शादी के महज दो महीने बाद एक 24 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर सभी को हिरासत में ले लिया है। आपको बताते चले उन्नाव जिले के सीतापुर गांव निवासी शिवकुमार ने अपनी बेटी मुस्कान की शादी इसी साल 7 फरवरी को पारा निवासी रिंकू राठौर के साथ की थी। रिंकू एक निजी स्कूल में ई-रिक्शा चलाकर बच्चों को लाने-ले जाने का काम करता है। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, ससुर, सास, जेठ और ननद द्वारा मुस्कान पर मायके से नकदी और कीमती सामान लाने का दबाव बनाया जाने लगा। विरोध करने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार दोपहर ससुराल पक्ष के लोगों ने मुस्कान पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी हालत में उसे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन इसकी जानकारी मायके वालों को नहीं दी गई। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में सूचना मिलने पर जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बेटी का अंतिम दर्शन तक नसीब नहीं हो सका। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार, शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। जांच के दौरान घर से ज्वलनशील पदार्थ और लाइटर बरामद हुआ है। यह भी सामने आया है कि घटना के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से घर के फर्श को साफ किया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में दहेज के लिए प्रताड़ना तथा शादी के कुछ वर्षों के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत से जुड़े कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मारूफ़ और अदीब की अदबी, सहाफ़ती और सियासी ख़िदमात को किया गया याद

- हयातुल्लाह अंसारी की 125वीं यौम-ए-पैदाइश के मौक़ा पर सेमिनार आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बज़्म-ए-ख़्वातीन और ऑल इंडिया तालीम घर के ज़ेरे एहतमाम मारूफ़ सहाफ़ी और अदीब हयातुल्लाह की 125वीं यौम-ए-पैदाइश के मौक़ा पर आज फ़रंगी महल चौक में एक सेमिनार और मुशायरा मुनाक़िद किया गया, जिसमें मुक़र्ररीन ने हयातुल्लाह अंसारी की अदबी, सहाफ़ती और सियासी ख़िदमात को याद किया। इस मौक़ा पर बज़्म-ए-ख़्वातीन और ऑल इंडिया तालीम घर की सदर बेगम शहनाज़ सिदरत ने मेहमान-ए-ख़ुसूसी और मुअज़्ज़िज़ मेहमानों को ऐज़ाज़-ए-बज़्म एवार्ड से नवाज़ा। तक़रीब की निज़ामत शहबाज़ तालिब ने अंजाम दी। इस मौक़ा पर ज़ैनब सिद्दीक़ी ने ऑल इंडिया तालीम घर का तराना निहायत ख़ूबसूरत अंदाज़ में पेश किया।

अनवर जहां ने हयातुल्लाह अंसारी की हयात और ख़िदमात पर मुख़्तसर रौशनी डाली। मेहमान-ए-ख़ुसूसी और तमाम शोरा व शाएरात की गुलपोशी की गई और उन्हें शाल पेश कर के एज़ाज़ से नवाज़ा गया। बेगम शहनाज़ सिदरत ने कहा कि इन्सान को ज़मीन की पस्तियों में रहते हुए भी आसमान जैसा बुलंद होना चाहिए। जो लोग इस नज़रिए पर अमल करते हैं, वही कामयाबी हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि आज तालीम का मक़सद बदल चुका है, जिसकी वजह से तुलबा अपने असातिज़ा का एहतराम नहीं कर रहे हैं। माद्दियत का ग़लबा बढ़ गया है, असातिज़ा सिर्फ़ तनख़्वाह के पीछे भाग रहे हैं और अख़लाक़ियात दम तोड़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ज़िंदगी को फ़ित्री अंदाज़ में देखना चाहिए। मेहमान-ए-ख़ुसूसी डाक्टर अकबर अली बिलग्रामी, अस्सिटैंट प्रोफ़ैसर, मौलाना आज़ाद यूनीवर्सिटी ने कहा कि उर्दू से मुहब्बत करने वाले पूरे इख़लास के साथ उर्दू का चराग़-ए-रौशन किए हुए हैं। हयातुल्लाह अंसारी ने भी यही काम किया, जिसकी रोशनी ना सिर्फ पूरे हिन्दुस्तान बल्कि पूरी उर्दू दुनिया तक पहुंची।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। उक्त बातें प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सुलतानपुर जनपद में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हैं तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे शिक्षा एवं सामाजिक सेवा का प्रेरणादायी संगम बताया और युवाओं से आधुनिक तकनीक एवं शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया। मंत्री अग्रवाल ने 'श्री राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान समारोह-2026' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं सम्मान प्रदान किया।

# यूनिटी पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

- स्वीडन के संस्थान के साथ वैश्विक सहयोग
- शासन, नवाचार और समाज पर दो दिवसीय मंथन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनिटी पीजी कॉलेज ने लॉयल टेक, स्टॉकहोम, स्वीडन के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से 1-2 मई 2026 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'शासन, नवाचार और समाज उभरती बहुविषयक चुनौतियों का आयोजन किया। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्यक्ष उपस्थिति के साथ-साथ व्यापक वर्चुअल श्रोताओं को भी शामिल किया गया, जिससे एक सच्चे अंतर्राष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन समारोह 1 मई 2026 को मौलाना आजाद हॉल में शुरू हुआ और इसका आधिकारिक उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. फैजान मुस्तफा, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति, कॉलेज के अध्यक्ष न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तुजा, सचिव मुर्तुजा हसनैन खान, कोषाध्यक्ष सुअस्मा जावेद, प्रधानाचार्य डॉ. सुनील धवन, संकाय सदस्य और प्रतिभागी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. फैजान मुस्तफा ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि किसी संस्था का सच्चा उद्देश्य ज्ञान का सृजन करना हैकृयह उपलब्धि तनी प्राप्त की जा सकती है जब उच्च शिक्षा बाहरी नियंत्रण से मुक्त हो। चूंकि सच्ची अंतर्दृष्टि विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्संबंध में निहित है, इसलिए हमें वास्तविक बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने यूनिटी पीजी कॉलेज और लॉयल टेक के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 21वीं सदी की सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण अब वैकल्पिक नहीं बल्कि अनिवार्य है। उद्घाटन समारोह के बाद, सम्मेलन विशेष तकनीकी सत्रों में परिवर्तित हुआ। इन सत्रों ने विद्वानों और विशेषज्ञों को सम्मेलन के मुख्य विषयों पर गहन चर्चा करने का मंच प्रदान किया, जिससे विभिन्न विषयों में विचारों का गहन आदान-प्रदान हुआ। प्रथम दिन के तकनीकी सत्रों में 21वीं सदी में शासन और सार्वजनिक नीति, नवाचार, प्रौद्योगिकी और समाज, शिक्षा और ज्ञान प्रणाली आदि विषय शामिल थे।

प्रो. (डॉ.) आशीष श्रीवास्तव, डॉ. दिव्या आर. पंजवानी और प्रो. (डॉ.) अदनान खान लोधी की अध्यक्षता में आयोजित तकनीकी सत्रों में नीति, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों का अन्वेषण किया गया। चर्चा का केंद्र बिंदु अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों के अनुरूप शासन व्यवस्था को ढालना और सशक्त सामाजिक नियमों के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा के लिए विकसित हो रहे कानूनी परिदृश्यों पर ध्यान केंद्रित करना था। पैनलों ने शिक्षा में बदलाव पर भी बल दिया और पारंपरिक शिक्षण पद्धति से हटकर तकनीकी रूप से एकीकृत, समावेशी प्रणालियों की ओर बढ़ने की वकालत की जो डिजिटल विभाजन को पाट सकें।

# बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन



- जेहटा दुबग्गा में बुद्ध जयंती पर श्रद्धा और उल्लास का संगम देखा गया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ के काकोरी स्थित जेहटा दुबग्गा में बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत श्रद्धा भाव के साथ भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूजन के पश्चात आयोजित भंडारे में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने शिरकत की।

दोपहर से शुरू हुआ यह भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें मुख्य रूप से सब्जी, पूरी, छोला और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में न केवल ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई, बल्कि क्षेत्र के कई गणमान्य और संभ्रांत व्यक्ति भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले आयोजक मेडी लाल गौतम, रवि गौतम और रविंद्र कुमार उर्फ बउवा ने कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। मेडी लाल गौतम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में समरसता और सेवा भाव की एक सुंदर मिसाल पेश की।

### किसानों की समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: ए.के. शर्मा

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज मऊ जनपद के भ्रमण के दौरान राजेंद्र नगर (दरगाह) स्थित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ किया। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा द्वारा बंद पड़े दुवारी क्रय केंद्र का भी आरंभ कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की उन्नति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों की स्थापना से किसानों को अपनी उपज बेचने में पारदर्शी और सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो रही है। अब किसानों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे अपनी फसल को सीधे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी केंद्रों को बेच सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी।उन्होंने कहा कि यह क्रय केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके संचालन से आसपास के गांवों के किसानों को समय, लागत और संसाधनों की बचत होगी तथा उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गौतम बुद्ध की जयंती

- बुद्ध का संदेश शांति, करुणा, प्रज्ञा भाईचारे, सांप्रदायिक सद्भाव और समृद्धि का संदेश देता है : डॉ. निर्मल

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** बुद्ध जयंती के अवसर पर डॉ अम्बेडकर मार्ग लोक भवन के निकट भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर महासभा प्रांगण में बुद्ध जयंती कार्यक्रम समारोह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम 89 वर्षीय सीनियर सिटीजन पूर्व लेखा अधिकारी पत्रकार व समाज सेवी प्राग दत्त और एक छोटी बच्ची ने महामानव गौतम बुद्ध और संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया। समाजसेवी प्राग दत्त ने कहा कि बुद्ध धर्म की शिक्षा देश पर समाज को सदैव आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता हैं, विज्ञान और मानवता पर आधारित बौद्ध धर्म की शिक्षा हमे धर्म का सार एक ही रहता हैं। करुणा का , प्रज्ञा का, सद्भभाव का मार्ग जो कि शुरू से चला आ रहा है, और निरंतर चलता रहेगा। दुनिया को यह भी बताती है, कि शक्ति का सबसे शांत प्रेम का रूप हमेशा स्थाई रहता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ एल पी निर्मल, अध्यक्ष प्रमोद सरोज, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, डॉ सत्या दोहरे, रामचंद्र पटेल, पूर्व उपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार, पूर्व उपनिदेशक सुरेश उजाला, लोकपाल डॉ आर आर जैसवार, वरिष्ठ अधिकारी डॉ अवधेश कुमार, मध्य प्रदेश सीधी जिला से आए सत्य प्रकाश विश्वकर्मा,मुन्ना आदि बुद्ध प्रेमियों ने महामानव गौतम बुद्ध और संविधान निर्माता बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए तथा आजीवन महामानव गौतम बुद्ध, बाबा साहब डॉ आंबेडकर के बताए गए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी लिया।

# आइएससी बोर्ड के प्रतिभाशालियों ने लहराया परचम

**लखनऊ।** भविष्य में चार्टेड अकाउंटेंट बनने का सपना संजोए ज़ीशान अनवर ने ISC 12 वीं के परीक्षा परिणाम में 96% अंक लाकर ये साबित कर दिया कि इरादे अगर मज़बूत हों तो सपनों को साकार करने में ज़्यादा मेहनत नहीं लगती। लखनऊ पब्लिक कॉलेज के छात्र ज़ीशान अनवर निवासी घसियारी मंडी ने ये प्रतिशत सेल्फ़ स्टडी से हासिल की जिसके बाद ज़ीशान के पिता अनवर अहमद ने कहा आज का दिन हम सबके लिए किसी ईद से कम नहीं।



ज़ीशान अनवर
LPC 96%
पिता-अनवर अहमद

सेंट फ्रांसिस कॉलेज के 12वीं के छात्र अरीब अहमद ने 91% लाकर अपने माता पिता का सार गर्व से ऊँचा कर दिया, अपने भविष्य के बारे में अरीब ने कहा कि वो एक डॉक्टर बनकर अपने माँ बाप का तो सहारा बनेंगे साथ ही ग़रीब असहाय मरीज़ों का मुफ़्त इलाज करना चाहते हैं । अरीब अहमद अपनी इस सफलता का मंत्र अपने माता पिता से हासिल किया।



अरीब अहमद
91% सेंट फ्रांसिस कॉलेज

### सेंट फ्रांसिस कालेज के कुछ प्रतिभाशाली सितारे, ISC में किया बेहतरीन प्रदर्शन





**लखनऊ।** आरिज नकवी पिता असलम नकवी , सेवानिवृत्ति बिजली अधिकारी है। इन्होंने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इंजीनियर बन कर अधिकारी बनने का सपना है। उत्कर्ष आनंद, मुन्ना लाल के पुत्र हैं। इन्होंने 93 प्रतिशत मार्क्स हासिल किए हैं। इनका सपना ऐरोस्पेस इंजिनीयर बनने का है। आकिब मोहसिन पत्रकार एम. एम. मोहसिन के पुत्र हैं। उन्होनें 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सेंट फ्रांसिस की 'टेक-टीम' के एडिटर हैं। इंजीनियरिंग डिग्री हासिल कर सिविल सर्विसेस में सफलता प्राप्त करने का मुख्य लक्ष्य है। वो फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी के साथ इंटर - स्कूल कार्यक्रम के विजेता भी रहे हैं। शामोएल मिर्जा एक बिजनेसमैन के पुत्र हैं। इन्होंने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रभव चतुर्वेदी आर्मी के ऑफिसर बनना चाहते हैं और NDA की तैयारी में जुटे हैं। इन्होंने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।



मुहम्मद अली जैदी पुत्र सय्यद अब्बास अली जैदी पीसीएम 94.25% इंजीनियरिंग इन एलेक्ट्रनिक सेंट फ्रांसित कॉलेज

# भाषा विवि में हुआ 'गुजरात स्थापना दिवस 2026' का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देशों के अनुपालन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'गुजरात स्थापना दिवस 2026' बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने गुजरात की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं एवं कला को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ काज़िम रिज़वी और मोहसिन हैदर द्वारा निर्मित एक 10 मिनट की प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री रही, जिसमें गुजरात की सांस्कृतिक विरासत, राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस डॉक्यूमेंट्री ने उपस्थित दर्शकों को राज्य की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराया।

स्थापना दिवस को. सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति से परिचित कराते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। प्रो तनेजा ने गुजरात स्थापना दिवस को प्रदेश की राज्यपाल से जोड़ते हुए आनंदीबेन पटेल के कार्य और व्यवहार से सीखने की सलाह दी. प्रो तनेजा ने गुजरात राज्य के औद्योगिक कौशल से भी सीखने की आवश्यकता पर बल दिया. कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संदेशों का भी उल्लेख किया गया, जिनमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने गुजरात की पारंपरिक कला के अभिनय से गुजरात के इतिहास का स्मरण किया. इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने गुजरात के इतिहास, संस्कृति एवं सामाजिक विकास पर अपने विचार व्यक्त किए।

### टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण, स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देशों के अनुपालन में गुजरात दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में स्थानीय भाऊराव देवरस सिविल अस्पताल में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत वितरित पोषण पोटली में सत्तू, हॉर्लिक्स, भुने चने, चिक्की एवं मूंगफली के दानों का समावेश किया गया, जो टीबी मरीजों के लिए आवश्यक पोषण प्रदान करने में सहायक हैं। इस पहल का उद्देश्य टीबी जैसे गंभीर रोग से जूझ रहे मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायता करना है।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर लखनऊ में श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2026-27 के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 01 मई 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं विज्ञान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन आश्रय गृह, पलटन छावनी (निकट ताड़ी खाना क्रासिंग), लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान सचिव महोदय ने उपस्थित श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रमिक वर्ग देश की प्रगति की आधारशिला है, जो खेत-खलिहानों से लेकर बड़े उद्योगों, सड़कों और निर्माण कार्यों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




### लखनऊ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जी.एन. शुक्ला (चच्चू) का अभिनंदन

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** डालीगंज व्यापार मंडल के संरक्षक जी.एन. शुक्ला (चच्चू) की लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर हुई ऐतिहासिक जीत का जश्न आज शुक्रवार को डालीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस गौरवशाली उपलब्धि के उपलक्ष्य में डालीगंज व्यापार मंडल द्वारा सम्मान समारोह 'मुरलीधर रामनरायण जी की गद्दी' पर किया गया।